राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324, 9625958256

shubhbhaskarup@gmail.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 205 • नई दिल्ली, गुरूवार 02 नवम्बर 2023 • पृष्ठ: 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



12 ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण का आयोजन...

## बाधाओं को दूर कर एथलीटों के लिए अवसर पैदा कर रही है सरकार : पीएम



एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि अब सरकार का दृष्टिकोण एथलीट केंद्रित है। आज सरकार बाधाओं को दूर कर रही है और एथलीटों के लिए अवसर पैदा कर रही है। प्रधानमंत्री मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारत के एशियाई पैरा गेम्स दल को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने एशियाई पैरा खेलों में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले भारतीय एथलीटों के साथ बातचीत भी की। प्रधानमंत्री ने खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एशियाई पैरा खेलों में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले भारतीय एथलीटों की उपलब्धियां उनके समर्पण और असाधारण कौशल को रेखांकित करती हैं। उन्होंने कहा कि आपने जिस तरह देश का मान बढ़ाया है, वह अभूतपूर्व है। 2014 में एशियन पैरा गेम्स में भारत ने जितने मेडल जीते थे, ये उससे भी तीन गुना ज्यादा हैं। 2014 की तुलना में इस बार हमें 10 गुना गोल्ड मेडल मिले हैं। आप लोगों ने इस बार देश को टॉप 5 में शामिल कर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब सरकार और नीतियां बनाने वाले जमीन से जुड़े होते हैं, जब सरकार खिलाड़ियों के सपने के प्रति संवेदनशील होती है तो इसका सीधा असर सरकार की नीतियों और अप्रोच में भी दिखाई देता है। उन्होंने कहा, “अब सरकार का दृष्टिकोण एथलीट केंद्रित है। आज, सरकार बाधाओं को दूर कर रही है और एथलीटों के लिए अवसर पैदा कर रही है। जब क्षमता को सही मंच मिलता है तो प्रदर्शन बेहतर हो जाता है।

# भारत-बांग्लादेश के बीच 3 डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन

## 9 साल में हमने जितना काम किया, वो कई दशकों में नहीं हुआ : मोदी



एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बांग्लादेशी PM शेख हसीना ने बुधवार को तीन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का वर्चुअली उद्घाटन किया। इसमें भारत-बांग्लादेश को जोड़ने वाली दो रेल परियोजनाएं- अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक, मोंगला पोर्ट रेल लाइन और एक मेगा पावर प्लांट- मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की यूनिट-II शामिल है। PM मोदी ने वर्चुअल संबोधन में कहा कि अखौरा-अगरतला रेल लिंक भारत के उत्तर पूर्वी राज्यों और बांग्लादेश के बीच पहला रेल लिंक है। इसका उद्घाटन एक ऐतिहासिक पल है। पिछले 9 सालों में हमने मिलकर जितना काम किया है, वो कई दशकों में भी नहीं हुआ था। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने कहा- भारत-बांग्लादेश के बीच तीनों प्रोजेक्ट्स का जॉइंट इनॉगरेशन हमारी पक्की दोस्ती और सहयोग को दिखाता है। शेख हसीना ने दोनों देशों के बीच दोस्ती को मजबूत करने को लेकर भारत के पीएम मोदी के कमिटमेंट की सराहना की।

### तीन पॉइंट में तीनों डेवलपमेंट प्रोजेक्ट

- अखौरा-अगरतला क्रॉस-बॉर्डर रेल लिंक भारत सरकार द्वारा बांग्लादेश को दी गई 392.52 करोड़ रुपए की ग्रांट से बनाया गया है। यह 12.24 किमी लंबा है। बांग्लादेश में इसकी लंबाई 6.78 किमी है। वहीं, भारत के त्रिपुरा में यह 5.46 किमी का है।
- खुलना-मोंगला पोर्ट रेल लाइन परियोजना को भारत सरकार की रियायती कर्ज सुविधा के तहत 388.92 मिलियन अमेरिकी डॉलर से तैयार किया गया है। इस परियोजना में मोंगला बंदरगाह और खुलना में मौजूदा रेल नेटवर्क के बीच लगभग 65 किलोमीटर ब्रॉड गेज रेल मार्ग का निर्माण शामिल है। इस परियोजना से बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह मोंगला ब्रॉड-गेज रेलवे नेटवर्क से भी जुड़ गया है।
- मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के लिए भारत ने बांग्लादेश को 1.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर का लोन दिया है। इसे इसी लोन से तैयार किया गया है। यह 1320 मेगावाट का थर्मल पावर प्लांट बांग्लादेश के खुलना डिवीजन के रामपाल में बनाया गया है। दोनों देशों के पीएम ने सितंबर 2022 में इसकी पहली यूनिट का इनॉगरेशन किया था।

## ईडी ने नरेश गोयल और अन्य की 538 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिवार के सदस्यों और कंपनी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में धन शोधन जांच के तहत 538.05 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। यह संपत्तियां लंदन, दुबई और भारत में स्थित हैं। ईडी ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिवार के सदस्यों और कंपनी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 538.05 करोड़ रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की गई है। जब्त की गई संपत्तियों में 17 फ्लैट, बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं। लंदन, दुबई और भारत के विभिन्न शहरों में स्थित जब्त की गई ये संपत्तियां जेट एयर प्राइवेट लिमिटेड और जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड, नरेश गोयल, उनकी पत्नी अनीता और बेटे निवान और कुछ अन्य कंपनियों के नाम पर हैं। उल्लेखनीय है कि ईडी ने



74 वर्षीय नरेश गोयल को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने एक दिन पहले मंगलवार को मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। नरेश गोयल फिलहाल न्यायिक हिरासत में मुंबई के आर्थर रोड जेल में है।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपावली से पहले आम आदमी को झटकाः फिर महंगा हुआ LPG सिलेंडर- जानिए कितने बढ़े दाम



**नई दिल्ली।** नवंबर महीने की शुरुआत होते ही महंगाई ने आम आदमी को एक बार फिर से झटका दिया है। प्याज की बढ़ती कीमतों के बीच अब पेट्रोलियम कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में भी बढ़ोतरी की है। 1 नवंबर 2023 से 19 किलोग्राम के सिलेंडर पर 100 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। हालांकि, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार, 19 किलोग्राम का सिलेंडर अब दिल्ली में 1833 रुपये में मिलेगा, जबकि इससे पहले यह 1731 रुपये का मिल रहा था। वहीं, मुंबई में सिलेंडर की कीमत 1684 रुपये से बढ़कर 1785.50 रुपये हो गई हैय़ कोलकाता में कामर्शियल सिलेंडर 1839.50 रुपये से बढ़कर 1943 रुपये हो गई हैय़ चेन्नई में कामर्शियल सिलेंडर अब 1999.50 रुपये का हो गया हैय़ रिपोर्ट्स के अनुसार महीने में भी कामर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 300 से ज्यादा रुपये की बढ़ोतरी देखी गई है। इससे पहले अक्टूबर महीने की पहली तारीख को कॉमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 209 रुपये तक बढ़ाए गए थे।

### दिल्ली की हवा में घुला जहर, सांस लेना भी हुआ मुश्किल; पर्यावरण मंत्री ने बुलाई समीक्षा बैठक



**नई दिल्ली।** दिल्ली की हवा दिन व दिन खराब हो रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में हवा की गुणवत्ता आज लगातार पांचवें दिन ‘बहुत खराब’ श्रेणी में रही। आज दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 373 पर पहुंच गया। जबकि, बीते दिन यानी 31 अक्टूबर को दिल्ली की वायु गुणवत्ता सूचकांक 214 दर्ज किया गया था। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज दिल्ली सचिवालय में सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक बुलाई है। राष्ट्रीय राजधानी और उसके उपनगरों में धुंध छाई रही और शहर का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 350 दर्ज किया गया, जो इस मौसम में अब तक का सबसे अधिक है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार (30 अक्टूबर) को यह 347 और रविवार को 325 था। इस बीच, आर्थिक राजधानी मुंबई में हवा की गुणवत्ता 173 AQI के साथ ‘मध्यम’ श्रेणी में थी। अब इस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी नाराजगी जताई है। जस्टिस एसके कौल की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने मंगलवार को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान सरकार को वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उनके द्वारा शुरू किए गए उपायों को गिनाते हुए एक हफ्ते के भीतर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है।

### एनसीपी विधायक कमलेश सिंह ने हेमंत सरकार से लिया समर्थन वापस



**रांची।** झारखण्ड की हेमन्त सोरेन सरकार से एनसीपी ने अपना समर्थन वापस ले लिया है। एनसीपी के एक मात्र विधायक कमलेश सिंह ने हेमंत सरकार से समर्थन वापस ले लिया है। उन्होंने दिसंबर 2019 में राज्य सरकार को अपना समर्थन दिया था। एनसीपी (अजीत गुट) विधायक कमलेश सिंह ने बुधवार को इसकी विधिवत घोषणा की है। बता दें कि कमलेश सिंह ने हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग राज्य सरकार से रखी थी। इसके लिए उन्होंने 31 अक्तूबर की डेडलाइन राज्य सरकार को दी थी। लेकिन राज्य सरकार की ओर से हुसैनाबाद को जिला बनाने सम्बन्धी एलान नहीं किये जाने के बाद उन्होंने एक नवंबर को सरकार से समर्थन वापसी की विधिवत घोषणा किया।

## क्या टूट जाएगा इंडिया गठबंधन

### समाजवादी पार्टी में अंदरखाने क्या चल रहा है?



एजेंसी। नई दिल्ली

क्या यूपी में इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा? समाजवादी पार्टी कैंप से अब इस तरह के संकेत मिलने लगे हैं. समाजवादी पार्टी की नई प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक में कई नेताओं ने यही मांग उठा दी. कुल मिलाकर बैठक का माहौल यही रहा कि एमपी का बदला यूपी से लेंगे. ये बात तो खुद अखिलेश यादव ने कही थी. उन्होंने ये बयान एमपी के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से सीटों का तालमेल न होने के बाद दिया था. उन दिनों एमपी के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में ये तक कह दिया था कि ‘अखिलेश वखिलेश की बात छोड़ो’. नाराज अखिलेश यादव ने यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय को चिरकुट नेता कह दिया. तो अजय राय ने अखिलेश यादव को लेकर एक और विवादित बयान दे दिया. उन्होंने कहा ‘जिसने अपने पिता का सम्मान नहीं किया वे मेरा क्या करेंगे’. राहुल गांधी के कहने पर कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने अखिलेश यादव को फोन कर बयानबाजी पर रोक लगाने की बात कही. उन्होंने ये भी कहा कि मध्य प्रदेश में भले गठबंधन न हो पाया लेकिन हमें आम चुनाव तो मिलकर लड़ना है.

**कांग्रेस को उसी की भाषा में जवाब देंगे अखिलेश!** - एमपी के चुनाव में समाजवादी पार्टी के लिए कांग्रेस ने सुई के नोंक बराबर जमीन न देने वाली जदि पकड़ ली. इस बात से अखिलेश यादव के लोग अब कांग्रेस को उसकी ही भाषा में जवाब देने के मूड में हैं. पार्टी के एक मुस्लिम विधायक ने कहा ‘कांग्रेस यूपी में माहौल बना रही है कि मुसलमानों के लिए सबसे बेहतर उनकी ही पार्टी है. वे हमारे बारे में बताते हैं कि हम बीजेपी से मिले हुए हैं. ये काम तो पीठ में छुरा घोंपने जैसा है’. आज़म खान के जेल जाने के बाद अजय राय ने उनसे मिलने की घोषणा कर दी. जबकि उन्हें पता था कि सीतापुर जेल में आजम खान से उनकी मुलाकात नहीं हो सकती है. ये सब तब हुआ जब कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने भरोसा दिलाया था कि अब आगे से समाजवादी पार्टी के खिलाफ कोई काम नहीं होगा. अखिलेश यादव सरकार में मंत्री रहे पार्टी के एक नेता ने कहा ‘कांग्रेसी हमारे धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं. जवाब देना हमें भी आता है’.

**महीने भर से खींचतान** - यूपी में इंडिया गठबंधन में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल हैं. पिछले महीने भर से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी में किच-किच जारी है।

## एमपी में 4 नवंबर को मोदी और खड़गे की सभाएं

एजेंसी। भोपाल





मध्यप्रदेश में बीजेपी, कांग्रेस, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित तमाम पार्टियों के नेताओं के ताबड़तोड़ दौरे होने वाले हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 4 नवंबर को आ रहे हैं। प्रियंका गांधी 8 और 9 नवंबर को एमपी आएंगी। बसपा प्रमुख मायावती 5 दिनों में नौ बड़ी सभाओं को संबोधित करेंगी।

पीएम मोदी की 4 नवंबर को रतलाम और सिवनी में सभा प्रस्तावित है। पीएमओ की ओर से इन दोनों सभाओं की अधिकृत मंजूरी आना बाकी है। मल्लिकार्जुन खड़गे बालाघाट के कटंगी और डिंडोरी के शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं करेंगे। 8 नवंबर को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी इंदौर के सांवेर और खातेगांव में जनसभाओं को संबोधित करेंगी। इसके अगले दिन 9 नवंबर को उनकी रीवा में जनसभा प्रस्तावित है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी की पूर्व सीएम मायावती मप्र विधानसभा चुनाव के लिए नौ जनसभाओं को संबोधित करेंगी। मायावती 6, 7, 8, 10 और 14 नवंबर को एमपी के दौरे पर रहेंगी। 5 दिन में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में 9 जनसभाओं को संबोधित करेंगी।

**230 सीटों के लिए 3832 कैंडिडेट ने किए नामांकन** - मप्र विधानसभा की 230 सीटों पर 21 से 30 अक्टूबर तक कुल 3832 उम्मीदवारों ने 4359 नामांकन फॉर्म जमा किए गए हैं। 31 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। 2 नवंबर को नाम वापस लिए जा सकेंगे। पूरे प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा। 3 दिसंबर को चुनाव परिणाम आएंगे।

**किस पार्टी के कितने उम्मीदवार मैदान में** - एमपी में बीजेपी और कांग्रेस ने सभी 230 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं बसपा ने 178, सपा ने करीब 60, आम आदमी पार्टी ने 66 और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने करीब 40 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। वास्तविक भारत पार्टी, जनहित पार्टी, विंध्य विकास पार्टी, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमअपईएम जैसे दलों ने भी अपने उम्मीदवार कुछ सीटों पर उतारे हैं।

### राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा सीईसी की बैठक शुरू

**नई दिल्ली।** राजस्थान और तेलंगाना विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सभी उम्मीदवारों की अगली सूची अगले दो दिन में जारी हो सकती है। इन दोनों विधानसभा चुनावों के उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने के लिए भाजपा मुख्यालय में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक शुरू हो गई है। इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह, तेलंगाना चुनाव प्रभारी एवं तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष सहित सभी महासचिव मौजूद हैं। माना जा रहा है कि सीईसी की बैठक में राजस्थान की बची हुई 76 सीटों के उम्मीदवारों के नामों पर मुहर लग सकती है।

## भारत-सिंगापुर में साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और सिंगापुर के बीच 15वीं रक्षा नीति वार्ता बुधवार को नई दिल्ली में हुई। वार्ता की अध्यक्षता रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने और सिंगापुर के स्थायी सचिव (रक्षा) चान हेंग की ने की। बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा हुई और द्विपक्षीय अभ्यास में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। उन्होंने साइबर सुरक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग आगे बढ़ाने के लिए भी कदम उठाने पर चर्चा की। दोनों पक्षों ने विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के क्षेत्र में सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को बढ़ाने के मुद्दों पर बात की। रक्षा सचिव ने मई, 2023



में पहले आसियान-भारत समुद्री अभ्यास के समन्वय और सह-मेजबानी के लिए सिंगापुर के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सिंगापुर की क्षमता के साथ घरेलू रक्षा उद्योग की क्षमता पर प्रकाश डाला। दोनों पक्षों ने आपसी विश्वास और समझ, सामान्य हितों और लोकतंत्र और कानून के शासन के साझा मूल्यों के आधार पर ‘रणनीतिक साझेदारी’ पूरी तरह से लागू करने पर प्रतिबद्धता जताई। कोरोना महामारी के बाद भारत और सिंगापुर के बीच रक्षा सचिव स्तर की यह पहली भौतिक बैठक थी। इससे पहले स्थायी सचिव (रक्षा) ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान से मुलाकात करके आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। सिंगापुर प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री संग्रहालय सहित विभिन्न सांस्कृतिक स्थानों का भी दौरा किया। सिंगापुर रक्षा मंत्रालय के स्थायी सचिव चान हेंग ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में बलिदानियों को पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धांजलि दी।

## नीतीश का छलका दर्द, मंच पर मंत्री को दी नसीहत

दैनिक शुभ भास्कर। पटना



बिहार में शिक्षक भर्ती पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को कहा कि शिक्षक बहाली में कोई धांधली नहीं हुई है। पटना में ऊर्जा विभाग के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुले मंच से आरजेडी नेता को नसीहत दी है। सीएम नीतीश ने आरजेडी नेताओं के शिक्षक बहाली का क्रेडिट लेने पर आपत्ति जताई और मंच पर मौजूद आरजेडी कोटे के मंत्री आलोक मेहता से कहा कि अपना और अपनी पार्टी का क्रेडिट लेने में मत लगे रहिए। जो भी काम हो रहा है। वह राज्य सरकार कर रही है। हम कभी किए गए काम का व्यक्तिगत क्रेडिट नहीं लेते हैं। अपना और अपनी पार्टी का क्रेडिट लेने के बजाए कहिए कि राज्य सरकार ने नियुक्ति की है। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी वाले जब साथ थे तो कुछ नहीं बोलते थे। उन्हें ऊपर से बोलने के लिए कहा जाता है तो कुछ भी बोलते रहते हैं। दरअसल, बीजेपी शिक्षक बहाली में धांधली का आरोप लगा रही है। इसी को लेकर मीडियाकर्मियों ने सीएम से सवाल पूछा था। बता दें कि गुरुवार को गांधी मैदान में सीएम नीतीश कुमार शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे।

**मीडिया से नाराजगी नहीं** - वहीं, मुख्यमंत्री ने मीडियाकर्मियों से नाराजगी को लेकर कहा कि ऐसी कोई बात ही नहीं है। उन्होंने कहा कि आप लोगों के लिए तो बहुत खुशी है। लेकिन आप लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। जब उधर से आप लोगों को मुक्ति मिलेगी तो फिर से वही अधिकार मिलेगा। अरविंद केजरीवाल को ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे जुड़े सवाल पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है।

**14 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास** - सीएम नीतीश कुमार बुधवार को पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम पहुंचे थे। यहां उन्होंने बिजली के क्षेत्र में 14 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया। पांच नए पावर सब स्टेशन का लोकार्पण किया है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हर पंचायत में सोलर प्लांट लगाया जा रहा है। सौर उर्जा का मतलब है भगवान सूर्य का उर्जा। सौर उर्जा से किसानों के खेतों तक उर्जा देंगे। बिजली के क्षेत्र में प्रदेश बहुत बढ़ियां काम कर रहा है। नीतीश कुमार ने कहा कि प्री पेड मीटर की दिक्कतों को दूर किया गया है।

कार्यक्रम — एसएसबी ने एन.सी.सी. कैडेट्स को कराया भारत-नेपाल सीमा दर्शन

## एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एन.सी.सी. कैडेट्स ने किया भारत-नेपाल सीमा दर्शन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता।** स्थानीय एस.एस.बी. कैंप पिपराकोठी 71 वीं बटालियन के द्वारा बुधवार को श्री विश्वजीत तिवारी कार्यवाहक कमांडेंट के नेतृत्व में “एक भारत - श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम” के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय में कैंप कर रहे शैक्षणिक भ्रमण पर आये एन.सी.सी. कैडेट्स के लिए तरह-तरह के कार्यक्रमो का आयोजन किया गया I जहाँ एन.सी.सी. कैडेट्सो को भारत-नेपाल सीमा दर्शन कराया गया और साथ ही उनको वाहिनीं मुख्यालय पिपराकोठी का भ्रमण और वीर योद्धाओं के पराक्रम वाले वीडियों दिखा कर उनके मनोबल को बढाया गया I उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम के तहत बिहार, झारखंड व उड़ीसा के एन.सी.सी. कैडेट्स ने हिस्सा लिया I कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स को भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा का दर्शन कराते हुए उन्हें सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों के कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी गई।साथ हीं एस.एस.बी. के अधिकारीयों द्वारा उन्हें सेना व केन्द्रीय सशस्त्र बलों में योगदान करने के लिए प्रेरित किया गया तथा एसएसबी के भर्ती प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई I



कार्यक्रम के दौरान कर्नल पी.के. सिंह (एन.एन.सी.), श्री उपेन्द्र सिंह डांगी उप-कमांडेंट, श्री अंसल श्रीवास्तव सहा. कमांडेंट, इंस्पेक्टर रतनसी, विनीत कुमार, मुख्य आरक्षी खुशप्रीत, प्रदीप, संयम और बड़ी संख्या एन.सी.सी. के कार्मिक व सेना के जवान मौजूद थे I

## ख़ास ख़बर

### के. के. हेल्थ केयर क्लिनिक का मुख्य अतिथि ने फीता काट कर किया उद्घाटन



**अररिया।** मदनपुर अररिया मदनपुर बाजार पोस्ट ऑफिस रोड अवस्थित के के हेल्थ केयर क्लिनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया।जिससे लोगों में काफी हर्ष देखने को मिल रहा है डॉक्टर मोहम्मद मुबाशिर आजाद जनरल फिजिशियन के द्वारा उद्घाटन के मौके पर कई रोगियों को मुफ्त इलाज किया गया । मदनपुर में पहली बार जनरल फिजिशियन के के हेल्थ केयर क्लिनिक खुलने से लोग काफी उत्साहित हैं लोगों को पहले यहां से अररिया जाना पड़ता था जबकि अररिया की दूरी लगभग 20 किलोमीटर है अब घर बैठे जनरल फिजिशियन द्वारा उनका इलाज अपने गांव के ही बाजार में होने से लोग काफी उत्साहित दिख रहे हैं इस मौके पर मदनपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया मोहम्मद मंसूर आलम पूर्वी पंचायत के मुखिया असद अशफाक मदनपुर के बहुत सारे गण्यमन लोग उपस्थित थे।

### क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता के दूसरे चरण का संजीव मिश्रा ने की समीक्षा,शुभारंभ आज से



**पूर्णियां।** पनोरमा ग्रुप द्वारा निर्मित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन-6 क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता जिला स्कूल के इतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर पूर्णिया में गुरूवार से द्वितीय चरण शुरू होने जा रही है। पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने पनोरमा स्पोर्ट्स की समीक्षा की।समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। खिलाड़ियों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। समय अभाव के कारण समय से सभी प्रतियोगिता संपन्न कराई जाए। समीक्षा बैठक में जितेंद्र कुमार सिन्हा गोपी, राजीव कुमार, बब्लू चौधरी, रितेश कुमार झा, आशुतोष कुमार आदि उपस्थित थे। इधर ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि क्रिकेट ओपन टू ऑल प्रतियोगिता का द्वितीय चरण आज 02/11/2023 से प्रारंभ हो रही है। द्वितीय चरण में 27 क्लबों के बीच मुकाबला खेला जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। राष्ट्रपति का पुरस्कार से सम्मानित व पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 आयोजन समिति सदस्य श्री मिथिलेश राय ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के चतुर्थ चरण में अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। खिलाड़ियों के लिए आवासीय परिसर, भोजन आदि के संदर्भ में स्वयं पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा "सर " समीक्षा कर रहे हैं। यह अपने आप में काबिले तारीफ है।

### मार्गदर्शन कार्यक्रम तीन नवंबर को




**मधेपुरा।** 17 बिहार बटालियन एनसीसी, सहरसा की ओर से कटिहार के आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिसर (एआरओ) का 3 नवंबर (शुक्रवार) को साढ़े बारह बजे से ठाकुर प्रसाद महाविद्यालय, मधेपुरा में दौरा निर्धारित है। इस अवसर पर स्मार्ट क्लास रूम में एक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। इसमें महाविद्यालय के सभी एनसीसी कैडेट्स (नए एवं पुराने) को आर्मी रिक्रूटिंग की प्रक्रिया और उसके संबंधित आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव, संचालन दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर और धन्यवाद ज्ञापन मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर कुमार मिश्र करेंगे। एनसीसी के एएनओ सह गणित विभागाध्यक्ष ले. गुड्डु कुमार ने सभी नए एवं पुराने कैडेट्स से अनुरोध किया है कि वे अपने साथियों सहित कार्यक्रम में ससमय उपस्थित होकर इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कैडेट्स को निदेशित किया है कि सभी अन्य दिनों की तरह विधिवत निर्धारित यूनिफॉर्म में रहेंगे और अनुशासन से संबंधित सभी निदेशों का अक्षरशः पालन करेंगे।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत निदेशों का अनुपालन हेतु यू भी के कॉलेज कड़ामा है तत्पर

# कंटीन्यूअस इंटरनल असेसमेंट मीड टेस्ट आज से हो रहा है प्रारम्भ

**आलमनगर/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रथम सेमेस्टर में नामांकित छात्र/ छात्राओं के कंटीन्यूअस इंटरनल असेसमेंट मीड टेस्ट 02 नवंबर से अयोजित करने का निर्देश कुलपति भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा ने दिया है। निर्धारित अवधि के अंतर्गत शिक्षण/प्रशिक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। शत प्रतिशत नामांकित बच्चे सेमिनार एवम कार्यशाला में प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके हैं जिसमे उन्हेअधिकतम निर्धारित 10 अंक प्रदान किया जाना है। नियमित उपस्थिति के अधिकतम 5 अंक प्रदान किए जाने हैं। मेजर, माइनर , वैल्यू एडेड कोर्सेज, स्किल एन्हांसमेंट कोर्सेज, मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्सेज के साथ एम आई एल की लिखित परीक्षा होगी जो 15 अंकों का प्रति पेपर होना है। संबंधित विभागीय शिक्षक दूसरे दिवस में अंक विवरनी परीक्षा विभाग में जमा करेंगे, जिसे छात्र छात्राओं के आई डी पोर्टल एवम महाविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किया जाना है। 70 अंकों की परीक्षा विश्व विद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि के अनुसार निर्धारित केंद्रों पर होगी। सी आई ए मिड टेस्ट के अंक तथा सेमेस्टर प्रथम के अंतिम परीक्षा के अंकों को जोड़कर परीक्षा फल प्रकाशित किया



जाना है। जो छात्र/छात्रा सी आई ए मिड टेस्ट में अनुपस्थित रहेंगे उन्हे अंतिम परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं प्रदान की जा सकती है। मेजर विषय की परीक्षा दो नवंबर, माइनर ग्रुप्स की परीक्षा तीन नवंबर, वैल्यू एडेड कोर्सेज की परीक्षा चार नवंबर, स्किल एन्हांसमेंट कोर्सेज की परीक्षा छः नवंबर, एम आई एल की परीक्षा सात नवंबर तथा मल्टी डिसिप्लिनरी कोर्सेज की परीक्षा आठ नवंबर 2023 को निर्धारित की गई है। परीक्षा नियंत्रक डा. चंद्र शेखर मिश्रा ने बताया कि परीक्षा आयोजन की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। छात्र छात्राओं में अपार उत्साह है। प्रधानाचार्य डा माधवेंद्र झा सूक्ष्मता से परीक्षा आयोजन, संचालन तथा उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की व्यवस्था का मॉनिटरिंग कर रहे हैं।विश्विद्यालय के अन्य महाविद्यालयों के लिए भी यह प्रभावकारी होगा ऐसा मानना आई टी सेल के मुख्य कार्यकारी निदेशक डा सिप्पु कुमार का है।

## अपने पति के दीर्घायु के लिए महिलायों ने रखा करवा चौथ



**अररिया।** अररिया के रहिका टोला स्थित शनि मंदिर प्रांगण में दर्जनों सुहागिन महिलायों ने अपने पति के दीर्घायु के लिए करवा चौथ का व्रत कर धूम धाम से पर्व को मनाई। समाजसेविका कविता मिश्रा ने करवा चौथ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलाओं तक सभी नारियाँ करवाचौथ का व्रत बडी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। शास्त्रों के अनुसार यह व्रत कार्तिक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदय व्यापिनी चतुर्थी के दिन करना चाहिए। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। करवाचौथ में भी संकष्टीगणेश चतुर्थी के जैसे दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्घ्य देने के उपरांत ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवाचौथ व्रतोत्सव अधिकतर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। इस मौक़े पर मन्दिर प्रांगण में राखी सिंह, बबिता देवी, सोनाली कुमारी, नीतू देवी, लता देवी, टुन्नी देवी, पूजा कुमारी, बबिता देवी, सोनम सिंह, कोमल देवी, आरती देवी, कामनी सिंह, लता देवी, पूजा देवी, पिंकी देवी, विभा जयशवाल, सोनी देवी व्रती मौजूद थीं।

## गुप्त सूचना पर फारबिसगंज पुलिस ने 60 कार्टून पटाखे किया जप्त



**फारबिसगंज ।** फारबिसगंज थानाध्यक्ष महोदय को गुप्त सूचना मिली थी कि फारबिसगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं -05 स्थित मानिकचंद रोड में एक गोदाम में भारी मात्रा में अवैध रूप से पटाखा आदि सामग्रियों का भंडारण गुप्त रूप से किया गया है। इस सूचना पर फारबिसगंज थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त गोदाम पर विधिवत छापेमारी कर तलाशी लिया गया तो गोदाम में कुल 60 कार्टून पटाखे, जिनका कुल अनुमानित कीमत करीब - 06 लाख रुपया है बरामद किया गया। उक्त बरामद सामान के संबंध में गोदाम के स्वामी से वैध कागजात / लाइसेंस मांगे जाने पर इनके द्वारा कोई विश्वसनीय कागजात एवम पटाखा भंडारण का लाइसेंस प्रस्तुत नही किया जा सका। अवैध रूप से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ / पटाखा का भंडारण करना एक दंडनीय अपराध है। सघन मानव आबादी में सुरक्षा नियमों की अवहेलना कर भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ/ पटाखा का भंडारण जन जीवन के लिए भी खतरनाक । उक्त गोदाम के स्वामी सोहित शर्मा, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता- राधेश्याम शर्मा, सा०- माणिकचंद रोड, वार्ड नं - 05, थाना - फारबिसगंज, जिला- अररिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। उपरोक्त संबंध में फारबिसगंज थाना अंतर्गत कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## 30 दिवसीय व्यावसायिक सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** मधुबनी जिले में अवस्थित 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की समवाय मुख्यालय गंगौर में मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत सीमावर्ती जरूरतमंद एवं बेरोजगार 20 महिलाओं एवं युवतियों हेतू 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर (मधुबनी) द्वारा वाहिनी के टेलर के माध्यम से श्री संतोष कुमार निमोरिया ,कार्यवाहक कमांडेंट की अध्यक्षता में 30 दिवसीय व्यावसायिक सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इसके अतिरिक्त 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की समवाय मुख्यालय जानकीनगर



में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 सीमावर्ती जरूरतमंद एवं बेरोजगार युवाओं हेतू मिथिला सेवा समिति (मधुबनी) के माध्यम से 28 दिवसीय व्यावसायिक बढ़ई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।इन दोनों प्रशिक्षण कार्यक्रमों का शुभारंभ सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यवाहक कमांडेंट श्री संतोष कुमार निमोरिया एवं मिथिला सेवा समिति सचिव श्री सुनील चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर के किया गया।कार्यक्रमों में सह संयोजक के तौर पर मिथिला सेवा समिति कोर्स ट्रेनर श्री भूपेंद्र ठाकुर भी उपस्थित रहे।कार्यक्रमों का मुख्य उद्येश्य सीमावर्ती बेरोजगार महिलाओं एवं युवतीओं और युवाओं को प्रशिक्षणों के द्वारा कौशल विकास कर स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाना हैं जिससे सीमा क्षेत्र का समावेशी विकास सम्भव हो सके । ध्येय वाक्य 'सेवा,सुरक्षा और बंधुत्व' को केन्द्र मे रखकर सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती इलाकों में जन कल्याणकारी कार्यक्रम निरंतर चलाती रहती है।

### मधेपुरा सासंद ने कुलपति के निजी सहायक से की मुलाकात



**मधेपुरा।** मधेपुरा के सांसद दिनेशचंद्र यादव ने मंगलवार को विश्वविद्यालय आवासीय परिसर आकर कुलपति के निजी सहायक शंभू नारायण यादव से मुलाकात की और उनकी माता सीता देवी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। शंभू नारायण यादव ने बताया कि उनकी 95 वर्षीय माता सीता देवी का गत 16 अक्टूबर को पड़रिया-मुरहो (मधेपुरा) स्थिति पैतृक गांव में निधन हुआ। 27 अक्टूबर को उनका श्राद्ध कर्म संपन्न हुआ। सांसद दिनेशचंद्र यादव ने कहा कि सीता देवी एक धार्मिक महिला थीं। उन्होंने अपने परिवार को सजाया संवारा और गांव के विकास में भी योगदान दिया। जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. बिजेंद्र नारायण यादव, युवा नेता अशोक कुमार यादव, विश्वविद्यालय अध्यक्ष निखिल यादव, पूर्व कुलसचिव डॉ. नरेंद्र श्रीवास्तव, उप कुलकचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर, यूभीके कॉलेज, कड़ामा- आलमनगर में असिस्टेंट प्रोफेसर नीलू कुमारी, शोधार्थी सौरभ कुमार चौहान, घनश्याम राय, बिमल कुमार, दयानंद सिंह, रणजीत सिंह, बिट्टू कुमार, शैलेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन अररिया के तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**अररिया।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं जिला प्रशासन अररिया के तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2023-24 के अन्तर्गत आज अंतिम दिन नेताजी सुभाष स्टेडियम अररिया में क्रिकेट U-14, 17, 19 बालक के बीच प्रतियोगिता आयोजित हुआ। इसमें जिले भर से करीब 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्री आकिफ वक्कास, उपाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा, अररिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छे खेल का प्रदेशन करें, जिससे आप जिले में अपनी जगह पक्की करें और फिर यहां से चयनित होकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का नाम रोशन करें। वही विद्यालय खेल प्रतियोगिता को सफल बनाने में शारारिक शिक्षक मिथुन कुमार, आलोक कुमार, अनवर करीम, शशीभूषण, योगेश कुमार, तनवीर आलम (राज्य स्तरीय अम्पायर), ध्रुव बिराजी, जितेंन्द्र कुमार, आदि का सहयोग रहा। वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अररिया जिला की बालिका बैंडमिंटन टीम को आज समस्तीपुर के लिए भी रवाना किया गया। इस अवसर पर राज्यस्तरीय बैडमिंटन टीम को श्री आकिफ वक्कास, उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा अररिया द्वारा खेल की जर्सी देकर समस्तीपुर रवाना किया। इनके साथ टीम मैनेजर के रूप में श्री प्रदीप कु झा, महताब आलम एवं प्रजा कुमारी हैं।

### ग्रामीण विकास युवा ट्रस्ट ने मजदूरों को उनके अधिकारों की दी जानकारी




**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** ग्रामीण विकास युवा ट्रस्ट मधुबनी ने बुधवार को जयनगर स्टेशन परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर प्रवासी मजदूरों को उनके अधिकारों की जानकारी दी। इस दौरान ग्राम विकास युवा ट्रस्ट के फिल्ड ऑफिसर सन्तोष कुमार ने मजदूरों और उनके परिवारों को सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करते हुए अधिकारों को बताया। टीम ने मजदूरों से कहा कि सरकारी योजनाओं से वंचित परिवारों से जोड़ने में मदद एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देना शामिल है। मजदूरों के बीच प्रवासी मजदूर, सुरक्षित पलायन, बाल मजदूरी, बंधुआ मजदूरी, बाल विवाह, मानव व्यापार, बाल तस्करी, महिला हिंसा, मजदूर हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, सामाजिक सुरक्षा योजना इत्यादि मुद्दों पर चर्चा किया। मजदूर हेल्पलाइन नं 180012011211 पर अगर मजदूर के साथ कोई समस्या है, कार्य करने के दौरान कोई भी समस्या है तो इसकी शिकायत हेल्पलाइन नंबर पर कर सकते हैं।इस मौके पर ग्राम विकास युवा ट्रस्ट मधुबनी के टीम मेंबर तारानंद ठाकुर एवं सविता देवी सहित अन्य मौजूद थे।

**कार्यक्रम** रहटमीना पंचायत सरकार भवन में डीडीसी की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम अयोजित

# रहटमीना पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब

**कुर्साकांटा /रूद्र किंकर/अखिलेश झा।** उप विकास आयुक्त संजय कुमार सहित सभी वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आज सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से आम जनों को अवगत कराने तथा उनसे सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के उद्देश्य से अररिया जिला अन्तर्गत कुर्साकांटा प्रखंड के रहटमीना पंचायत सरकार भवन में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। कार्यक्रम की शुरूआत स्वच्छता आधारित नुक्कड़-नाटक के माध्यम से हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी विभागों से जुड़ी सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं जानकारी उपस्थित अधिकारियों द्वारा दी जा रही है, जिसका आप लाभ उठावें। इसमें किसी प्रकार की अगर समस्या हो तो अपनी समस्या को भी आज इस जन संवाद कार्यक्रम में रखें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि योजनाओं का बेहतर ढ़ग से क्रियानव्यन सुनिश्चित करना तथा आपके




सुझाव एवं विकासात्मक कार्यों पर समुचित कर्रावाई किया जाना है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना माँ के गर्व से शुरू होकर वृद्ध अवस्था तक अच्छादित है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार योजनाएं अच्छी सड़क, बिजली, शुद्ध पेयजल सहित शिक्षा और कई विकास कार्यों की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बड़े स्तर पर बीपीएससी द्वारा शिक्षकों की नियुक्ति की गई, जिससे अब विद्यालयों में शिक्षकों की कमी नहीं होगी। साथ ही इससे गुणवतापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा जिले में डीआरसीसी द्वारा छात्र-छात्राओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से उच्च शिक्षा हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाता है, ताकि पढ़ाई में किसी तरह की बाधा ना हो। इसके आलवा कई स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम भी चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवसर का लाभ उठावें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के निर्माण कार्य सहित प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट के स्थापन की भी विस्तृत जानकारी दी। इस क्रम में उन्होंने कहा कि अररिया एवं फारबिसगंज प्रखंड में दो प्लास्टिक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना की गई है, ताकि प्लास्टिक कचरे को रिसाईकिल करके वातावरण को साफ रखा जाये तथा इससे आर्थिक लाभ भी हो। जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया द्वारा नया राशन कार्ड एवं खाद्यान आपूर्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। सिविल सर्जन द्वारा उपस्थित जन-समूह को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों द्वारा प्रदद ओपीडी कार्य एवं आपातकालीन सेवाएँ, संस्थागत प्रसव, नियमित टिकाकरण, टैली मेडिसिन आदि की जानकारी दी गई। इसी प्रकार जन संवाद कार्यक्रम में जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित जन-समूह को जिले में संचालित सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी अररिया, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी अररिया, डीपीओ आईसीडीएस, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, प्रखंड विकास पदाधिकारी कुर्साकांटा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# श्री लक्ष्मीनारायण श्री चित्रगुप्त मंदिर कमिटी के संयुक्त सचिव बने संजीत कुमार

### समूचे मुहल्ले मे खुशी का माहौल व्याप्त

**अररिया।** वर्ष 2019 मे पहली बार श्री लक्ष्मीनारायण श्री चित्रगुप्त मंदिर की नींव रखी गई थी। इसके बाद गत रविवार को ही मंदिर कमिटि का विस्तार व सालोंभर अच्छे ढ़ंग से पूजा अर्चना होता रहे, इसके लिए पूजा कमिटी का भी गठन किया गया। इसी क्रम में श्री लक्ष्मीनारायण श्री चित्रगुप्त मंदिर के प्रांगण में मंदिर कमिटि से जुड़े एक बेहद मेहनती व कर्मठ कार्यकारिणी सदस्य सह मंदिर व्यवस्थापक संजीत कुमार को मंदिर के प्रति सच्ची लगन को देखते हुए इन्हें पदोन्नति देते हुए मंदिर कमिटि का संयुक्त सचिव बना दिया गया है। इस खबर से समूचे मुहल्ले मे खुशी का माहौल व्याप्त है। इस बात की जानकारी मंदिर कमिटी के वर्तमान अंकेक्षक विनीत प्रकाश ने दी है। इन्होंने बताया कि युवा समाजसेवी संजीत कुमार चित्रगुप्त मंदिर के विभिन्न कार्यों के प्रति



बहुत तल्लीन रहते हैं।मंदिर के प्रति इनकी अटूट श्रद्धा व विश्वास के साथ-साथ निष्पक्ष प्रेम भावना को देखते हुए इन्हें मंदिर कमिटि का संयुक्त सचिव बनाया गया है। जो खुशी की बात है। मंदिर कमिटि का संयुक्त सचिव बनाये जाने पर संजीत कुमार को बधाई देने वालों में मंदिर कमिटि से जुड़े वयोवृद्ध ब्रज मोहन प्रसाद, प्रो. भूपेश्वर नारायण वर्मा, सत्येन्द्र नाथ शरण, आनंद मोहन प्रसाद सिन्हा, विनोद प्रसाद, प्रताप कुमार जैन, मंदिर कमिटी अध्यक्ष डॉ प्रहलाद शरण वर्मा, उपाध्यक्ष क्रमशः गौरीशंकर प्रसाद व दीपक कुमार सिन्हा, महासचिव रामाकांत जायसवाल, सचिव रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद रंजन उर्फ सुक्कू, अंकेक्षक विनीत प्रकाश सहित श्री लक्ष्मीनारायण श्री चित्रगुप्त मंदिर के पूजा कमिटी के अध्यक्ष मनीष कुमार राय, उपाध्यक्ष क्रमशः फणीन्द्र रंजन उर्फ कन्हैया व विशाल जायसवाल उर्फ भानु, सचिव विजय जैन, संयुक्त सचिव क्रमशः विक्की रंजन वर्मा उर्फ छोटू व अमित कुमार, कोषाध्यक्ष आनंद रंजन उर्फ सुक्कू, अंकेक्षक विनीत प्रकाश सहित कार्यकारिणी सदस्यों में मनोज कुमार ठाकुर, राजीव रंजन उर्फ डब्लू, विष्णु साह, विवेक कुमार सिन्हा, कुन्दन कुमार सिन्हा, किशोर श्रीवास्तव व नवल झा शामिल रहकर बधाई के साथ-साथ अपनी-अपनी शुभकामनाएं भेंट की है।

## ख़ास ख़बर

### पैक्स गोदाम का एसडीएम ने किया उद्घाटन

**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली:प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मझारी में धान अधिप्राप्ति केन्द्र पैक्स गोदाम का बुधवार को एसडीएम संजय कुमार सिंह ने उद्घाटन किया। इस दौरान एसडीएम ने कहा कि सरकार के निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने तथा धान की आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में लक्ष्य के अनुरूप कार्य करे। साथ ही सरकार के प्राप्त गाइडलाइन को पालन करते हुए धान अधिप्राप्ति निबन्धित किसानों से धान क्रय का काम शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो इसके लिए किसानों का निबंधन करें और इसके प्रचार-प्रसार के लिए वाहनों में लाउडस्पीकर लगाकर गांव-गांव में प्रचार करवाएं। सरकार द्वारा प्राप्त गाइडलाइन के अनुरूप किसानों से भूमि का लगान रसीद, बैंक पासबुक, आधार कार्ड की छायाप्रति लेकर सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य दर खरीदारी सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि पैक्स गोदाम पर धान अधिप्राप्ति केंद्रों में निबन्धत किसानों से धान क्रय शुरू हो गया है। एसडीएम ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पैक्स गोदाम पहुंच कर अपनी धान का अधिप्राप्ति करें। जिससे किसानों को उपज के अनुसार लाभ मिल सके। बिचौलियों से बचने का निर्देश दिया है। मौके पर बलराम यादव, मुखिया रामुदगार यादव, सरपंच रामानंद यादव सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### सीमांचल हेल्थकेयर सेंटर का हुआ शुभारंभ



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड मुख्यालय स्थित हाईस्कूल चौक से दक्षिण दास चौक पर बुधवार को सीमांचल हेल्थ केयर सेंटर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन राजद के प्रखंड अध्यक्ष मो हसन अंसारी ने फीता काटकर किया। मौके पर हेल्थ केयर की व्यवस्थापिका सिम्पी खातुन, निदेशक डॉ आजाद अंसारी, डॉ एम ओ दानिश, डॉ निकहत नाज, डॉ ए आलम के अलावे कई गणमान्य व ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर राजद अध्यक्ष श्री अंसारी ने हेल्थ केयर परिवार को बधाई देते जरुरतमंदों को बेहतर चिकित्सक सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। कहा कि उपचार कराने हेतू आने वाले गरीब मरीजों से सेवा शुल्क लेने में रियायत देने का आग्रह किया। वहीं व्यवस्थापक सिम्पी खातुन ने जानकारी देते बताया कि इस हेल्थ केयर सेंटर में खासकर नॉर्मल डिलीवरी की उत्तम व्यवस्था रहेगी। इसके अलावे कुशल एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा सभी प्रकार की सर्जरी, ओपीडी सेवा 24 घंटे प्रदान की जाएगी, मौके पर मो सुल्तान, मो अजमत, सुनील शर्मा, रिंकु शर्मा, एजाज आलम, मो इम्तियाज, मासुम मेराज, मो एहसान, प्रदीप दास, मो नदीम सरवर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में मासिक बैठक आयोजित



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले छातापुर मुख्यालय बाजार स्थित संकल्प इन्टरनेशनल स्कूल के प्रांगण में बुधवार को पतंजलि योगपीठ के तत्वाधान में मासिक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी ऋतंभरा भारती, राज्य महिला प्रभारी वीणा कुमारी, योग शिक्षिका रेनू कुमारी, प्रखंड प्रभारी लक्ष्मी कुमरी, युवा प्रखंड प्रभारी मनीष कुमार शामिल हुए। बैठक में मौजूद लोगों को योग भी करवाया गया। महिलाओं को विशेष कर योग के प्रति जागरूक किया गया और नियमित योग कक्षा चलाने के लिए कहा गया। योग के बारे में सभी बातें बताया गया। योग करने से क्या होता है, क्यों हमें योग करना चाहिए, योग के प्रति जागरूक करने के लिए बैठक विचार विमर्श किया गया।

### डीएम ने जनकल्याण शिविर का उद्घाटन किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिला पदाधिकारी, रोहतास नवीन कुमार द्वारा सासाराम प्रखंड के धौदाड़ पंचायत में जन कल्याण शिविर का उद्घाटन किया गया। इसी प्रकार सभी प्रखंडों के एक एक पंचायत में जन कल्याण शिविर आयोजित किया गया। सभी प्रखण्डों के सभी पंचायतों में रोस्टर वार जन कल्याण शिविर आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर उनका निदान किया गया। डीएम ने बताया कि लोगों की जनसमस्याओं को त्वरित निदान कर सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाएं का लाभ उचित लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।

# अखिल भारतीय खेत व ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले जिला सम्मेलन



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले के त्रिबेनीगंज अनुमंडल अंतर्गत अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा के बैनर तले मुख्यालय स्थित विज्ञान महाविद्यालय के प्रांगण में बुधवार को तीसरा जिला सम्मेलन अध्यक्ष मंडल जन्मजाई राई, सत्यनारायण मुखिया, चंदा देवी के नेतृत्व में आयोजित की गई। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कॉमरेड बैद्यनाथ यादव ने कहा की जब सरकार देश मे विकास का ढिंढोरा पिट रहा हैं। ठीक उसी समय ग्लोबल हंगर इंडेक्स मे भारत एक सौ ग्यारवें नंबर पर आया हैजो की पिछले साल के तुलना मे चार स्थान और ज्यादा फिसल गया है, भारत को उस गरीब देशो के श्रेणी मे रखा गया है। वैश्विक भूख को गंभीर करार दिया गया है। भाकपा माले मांग करती है की मनरेगा की मजदूरी को 600 रुपया कर काम की 200 दिन की गारंटी करे। तमाम तरह के पेंशन को 3000 करते हुए बिजली मुफ्त किया जाय। वही सम्मेलन के पर्यवेक्षक भारत भूषण सिंह ने कहा की मोदी सरकार जब से आई है। तबसे प्रेस पर लगातार कंट्रोल किया जा रहा है एवं तमाम तरह के संवैधानिक संस्थाओ पर कब्जा करके बिपक्ष नेताओं को परेशान करने का काम कर रही है। बेरोजगारी और महिला उत्पीड़न अपने चरण पर है। ऐसे विकट परिस्थिति मे खेग्रामस का तीसरा जिला सम्मेलन हो रहा है। हम इस सम्मेलन के माध्यम से मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लेते है। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए माले जिलाध्यक्ष सचिव जयनारायण यादव ने कहा की जो जहां बसें हुए है। उसका सर्वे करवाकर क़ानून बनाकर उसे अधिकार देकर रिपोर्ट को सार्वजनिक करें। सरकार इसके साथ-साथ शिक्षा स्वास्थ्य वास -आवास की गारंटी करे, अन्यथा माले और खेग्रामस जबरदस्त आंदोलन करेगी। सभा को किसान महासभा जिलाध्यक्ष अच्छेलाल मेहता, आइसा के कोशी प्रभारी डॉ अमित चौधरी, एपवा की चंदा देवी, एक्टू नेता जितेंद्र चौधरी, सत्यनारायण मुखिया निर्माण मजदूर के नेता अरविन्द शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। सम्मेलन मे मोहम्मद मुस्लिम, शिवनारायण यादव, नवल किशोर मेहता, मोहम्मद मान्नान, कैलाश कुमार कमल, चिकस सदा, श्रवण यादव, ममता देवी, मीणा देवी, रानी दाय, ललिता देवी, मोमनी देवी, लुखिया देवी, त्रिफुल देवी सहित सैकड़ो खेग्रामास और माले के सदस्य मौजूद थे।

## बेरहमी से हत्या कर नहर किनारे व्यक्ति को फेंका



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर,त्रिबेनीगंज, सुपौल।** जिले में त्रिबेनीगंज अनुमंडल अंतर्गत जदिया थाना क्षेत्र के फसिया कोठी वार्ड नम्बर 3 स्थित नहर पर एक तीस वर्षीय युवक का सिर कुचला हुआ शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई है लोगों ने शव की सूचना जदिया पुलिस को दिया जिसके बाद मौके पर पहुंची जदिया पुलिस टीम मृतक व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त मधेपुरा जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के मोहम्मद सिराजुद्दीन के 30 वर्षीय पुत्र मोहम्मद सद्दाम के रूप में किया है मृतक के परिजन का कहना है कि यह कल संध्या 4 बजे घर से निकला था रात में घर वापस नहीं आया,आज सोशल मीडिया के माध्यम से देखा तब जानकारी मिली और यहाँ पहुंचे तो देखे कि मेरे भाई की हत्या कर उसका शव फसियाकोठी नहर पर पड़ा है अब हत्या कैसे हुई क्यों हुई यह तो जाँच का विषय है वहीं घटना के संबंध घटनास्थल पर पहुंचे त्रिवेणीगंज एसडीपीओ विपीन कुमार ने बताया कि एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी है उसका शव फसियाकोठी नहर पर मिला है शव की पहचान हो गई है मामले का अनुसंधान किया जा रहा है सभी विन्दुओं पर बारिकी से जाँच की जा रही है जांचोपरांत ही कुछ कहा जा सकता है।

## बाजार समिती के भवन में यातायात थाना का उद्घघाटन



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में श्री कौशल कुमार (भा0 प्र0 से0), जिलाधिकारी, सुपौल एवं श्री शैशव यादव, पुलिस अधीक्षक, सुपौल द्वारा बाजार समिति, सुपौल के एक भवन में विभागीय निदेश के आलोक में यातायात थाना का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिलान्तर्गत यातायात नियंत्रण एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सुपौल जिला में यातायात थाना सृजित की गई। नवसृजित थाना वर्तमान में बाजार समिति परिसर के एक भवन में संचालन किया जा रहा है। यातायात थाना, सुपौल में थानाध्यक्ष के पद पर पु०नि० मनोज कुमार महतो को पदस्थापित किया गया है। थानाध्यक्ष के साथ ही साथ इस थाना में 03 पु०अ०नि०, 02 हवलदार एवं 01 साक्षर सिपाही सहित कुल 50 पुलिसकर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। इस थाना का क्षेत्राधिकार सम्पूर्ण सुपौल जिला का भौगोलिक क्षेत्र होगा। थाना को इन्टरसेप्टर वाहन से लैश किया गया है। इन्टरसेप्टर वाहन पूरी तरह स्वायत तरीके से कार्य करता है। यह वाहन यातायात नियम का उल्लंघन करने वाले वाहन को स्कैन कर यातायात उल्लंघन की जाँच की जाएगी। आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि नवसृजित सुपौल यातायात थाना जिला के यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुदृढ़ करने में काफी कारगर एवं उपयोगी साबित होगी।

# 3750 बोतल शराब लदे एक टाटा सुमो जब्त



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली,सुपौल।** जिले के निर्मली पुलिस ने थाना क्षेत्र के थरिया गांव के पास गार्ड बांध पर बुधवार की अहले सुबह एक टाटा सूमो गोल्ड गाड़ी पर शराब की बड़ी खेप जब्त की है। वही अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर भागने में कामयाब रहा। पुलिस को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि नेपाल से दिघिया, थरिया गार्ड बांध होते हुए कोसी ब्रिज की तरफ शराब से लदा एक टाटा सुमो गोल्ड जा रहा है। सूचना मिलते ही गलती पर तैनात पुलिस बल थरिया गांव के पास गार्ड बांध पर नाकाबंदी कर दी। कुछ देर बाद उजाला कलर का सुमो गोल्ड वहां आ पहुंचा। पुलिस को देखते ही वाहन छोड़ शराब तस्कर भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा किया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर तस्कर कोसी दियारा इलाके में भाग निकला। पुलिस ने शराब से लदे वाहन को जब्त करते हुए थाना ले आया। शराब की गिनती की गई। जिसमें 3750 बोतल नेपाली देसी शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि थरिया गांव के पास गार्ड बांध पर एक टाटा सुमो गोल्ड पर शराब की बड़ी खेप जब्त की गई है। तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। कहा कि पुलिस तस्कर की पहचान के लिए अग्रतर की कार्रवाई में जुट गई है। उन्होंने बताया कि जल्द कांड से जुड़े शराब तस्कर को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### प्रदूषण से पर्यावरण को बचाने को लेकर आमलोगों को किया जागरूक




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** पर्यावरण का सरंक्षण मानव जीवन के लिए बहुत जरूरी है । पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाना जरूरी है । इसी क्रम में स्थानीय अंजबित सिंह महाविद्यालय में बनस्पति विभाग द्वारा इको क्लब का गठन किया गया और उसकी सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई। सदस्यता अभियान का उद्घाटन उक्त महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधांशु शेखर भास्करन ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में छात्र - छात्राओं , शिक्षकों एवं कर्मियों ने इको क्लब की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर इको क्लब के समन्वयक डॉ. कन्हैया सिंह द्वारा सभी सदस्यों को पर्यावरण सरंक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई। बनस्पति विभाग के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के तहत लगातार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है । इस कार्यक्रम को पूर्व प्राचार्य डॉ. संतोष कुमार सिंह , डॉ. संतोष कुमार, डॉ प्रभात कुमार, डॉ. अखलाख अहमद, डॉ.फजल अहमद सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। इको क्लब के समन्वयक डॉ. कन्हैया सिंह ने विस्तार से इको क्लब के उद्देश्यों पर चर्चा की। अंत में बनस्पति विभाग के शिक्षक डॉ. शशि भूषण ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं छात्रों को सदस्य बनने के लिए उत्प्रेरित किया।

### नये यातायात थाना का एसपी ने फीता काटकर उद्घाटन किया




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** रोहतास जिला मुख्यालय में ट्रैफिक पुलिस स्टेशन शुरू किया गया। जिसमें 25 जवानों की नियुक्ति की गई है। इंस्पेक्टर गिरीश कुमार को यातायात थाना का पहला थानाध्यक्ष बनाया गया है।रोड एक्सीडेंट के केस यहां दर्ज होंगे। जिला मुख्यालय सासाराम और अन्य शहरी क्षेत्रों में यातायात की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए ट्रैफिक थाना का शुभारंभ बुधवार को हुआ। एसपी विनीत कुमार ने फीता काटकर यातायात थाना का शुभारंभ किया। इस मोके पर सासाराम एसडीपीओ दिलीप कुमार, नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे। एसपी विनीत कुमार ने कहा कि बिहार सरकार के गृह विभाग के निर्देश पर सासाराम में पुरे जिला के यातायात व्यवस्था, दुर्घटना की प्राथमिकी यहां दर्ज कराई जाएगी।

### शराब पीने एवं रखने में आठ जेल

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के खलसापुर गांव में शराब के सेवन एवं शराब के साथ कुल सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि शराब के नशे में एक अलग काण्ड में जेल भेजा गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि खलसापुर गांव में शराब पीने के लिए बैठे सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिसमें तीन शराब के नशे में थे। वहीं बाकी लोगों को शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसमें शामिल खलसापुर गांव निवासी रामराज सिंह के पुत्र बीरेंद्र सिंह, महाराज सिंह के पुत्र शशिकांत सिंह,स्व० रामनाथ सिंह के पुत्र राम अवधेश सिंह पंडितपुरा गांव निवासी मंगल सिंह के पुत्र मनोज कुमार सिंह, तेज नारायण सिंह के पुत्र मनोज कुमार सिंह, बक्सर जिले के धनसोई थाना क्षेत्र के सिकठी गांव निवासी सुदामा सिंह के पुत्र रश्मि ओंकार नाथ सिंह को एट पीएम 180 एम एल दो पीस ब्लू लाइन दो सौ एम एल एक पीस के साथ शराब पीते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि दूसरे घटना में शराब के नशे में बकरा गांव निवासी शिवबिहारी यादव के पुत्र बड्डी यादव को गिरफतार कर जेल भेज दिया गया है।

### जिले के पहले विद्युत शवदाह गृह का निर्माण शुरू:4.6 करोड़ की लगेगी लागत

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिला मुख्यालय के चंद्रा कोना गौशाला के पीछे अठखंभवा में निर्माणाधीन शवदाह गृह का बुधवार को सदर विधायक राजेश कुमार गुप्ता के साथ नगर आयुक्त यतेंद्र कुमार पाल ने निरीक्षण किया। मौके पर बुडको के सहायक अभियंता जीतेंद्र प्रसाद ने नगर आयुक्त के साथ विधायक को निर्माणाधीन योजना के संबंध में ब्लू प्रिंट दिखाकर विस्तार से जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि आत्मनिर्भर बिहार सात निश्चय दो के तहत योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने बताया कि चल रहे कार्य का निरीक्षण किया गया है। संबंधित एजेंसी को समय सीमा के अंदर कार्य को पूरा कर लेने का निर्देश दिया गया है। निर्माण एजेंसी को 9 माह का समय दिया गया है।

**शुभारंभ** आज सभी प्रखंडों में धान अधिप्राप्ति का काम शुरू हुआ है, इस बार धान का उपज अच्छा है: डीएम

# सुखासन गांव के पैक्स में धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ




**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड क्षेत्र के सुखासन पैक्स में धान अधिप्राप्ति का शुभारंभ किया गया। जहां वुधवार को जिलाधिकारी कौशल कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, मुखिया कुमां देवी, पैक्स अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, स्वतंत्रता सेनानी जगदीश यादव के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद आगन्तुकों को साल व पौधा देकर सम्मानित किया गया। डीएम श्री कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज सभी प्रखंडों में धान अधिप्राप्ति का काम शुरू हुआ है। इस बार धान का उपज अच्छा है। इस लिए अगले बार के बनिस्पत इस बार धान का खरीद अधिक होगा। पहले किसान पैक्स को धान देने से कतराते थे। लेकिन अब किसान में अपना धान बेच रहे हैं। इस बार 30000 किसानों से धान खरीदने का काम किया जाएगा। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि पैक्स में अपना धान बेचें क्योंकि बाजार से यहां अधिक राशि मिलेगा। यदि बाहर में धान बेचते हैं तो 1500 से 1600 रुपए प्रति क्विंटल के दर से बिकेगा। लेकिन पैक्स में2208 रुपए से 2228 रुपए के बीच मिलेगा। आप लोग धैर्य रखें और पैक्स में धान बेंचे। धान की राशि जाने में कुछ समय लग सकता है। लेकिन आपके पैदावार का उचित राशि मिलेगा। मेरा प्रयास रहेगा कि 48 घंटे में राशि मिल जाए। इस लिए अन्यत्र न बेचकर पैक्स में अपना धान बेचें। उन्होंने कहा कि खेतों में पराली नहीं जलाना है। क्योंकि खेत पराली जलाने से खेत का ताकत कम हो जाता है। वहीं विभागीय निर्देश है की पराली जलाने वाले किसान को कोई भी लाभ सरकार के ओर से नहीं मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि गेहूं के खेती लिए खाद समय से दिलाने का प्रयास करेंगे। जिला सहकारिता पदाधिकारी ने कहा कि धान अधिप्राप्ति में 140 रुपयए प्रतिक्विंटल के दर से इसबार वृद्धि हुआ है। बताया कि साधारण धान का कीमत इस बार 2208 रुपए तथा ए ग्रेड के धान का कीमत 2228 रुपए मिलेगा। कहा कि अधिप्राप्ति में लगातार वृद्धि हो रहा है। 23000 किसानों से अगले वर्ष धान खरीदा गया था। किसानों से कहा कि धान अधिप्राप्ति के 48 घंटे के अंदर भुगतान हो जाता है। इस बार धान का खरीद एक नवम्बर से 15 फरवरी तक चलेगा। पैक्स अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि सुखासन पैक्स लगातार आगे बढ़ रहा है। जहां 2009 में पैक्स का जीरो बैलेंस था। वहीं आज आज 14 लाख रुपए के लाभ में है। कहा कि यहां किसानों को हर तरह का खाद उपलब्ध करवाया गया। जनवितरण के तहत लोगों को अनाज दिया गया। आप किसानों को धान का 2228 व 2208 रुपया प्रतिक्विंटल के दर से सरकारी मूल्य पर दिया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया कि यहां के राइस मिल बन्द होने से 1450000:00 का सूद भरना पड़ा है। जिसे चालू करवाया जाए। मौके पर बीसीओ हिमांशु मिश्रा, कमलेश कुमार राय, सचिदानंद चौधरी, भूषण राम, विनोद कामत, सुरेश यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## 26 नवंबर को भीम संवाद कार्यक्रम में शिक्षा सेवक तालिमी मरकज तथा विकास मित्रों को मिलेगा नीतीश सरकार का तोहफा



**जिला संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले में कल 31/10/23 स्थानीय मिलन मैरिज प्लेस सुपौल में जिला जनता दल यू के द्वारा भीम संसद सह सम्मान समारोह का आयोजन जिला अध्यक्ष श्री राजेंद्र प्रसाद यादव के अध्यक्षता में आयोजित किया गया ,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के कल्याण मंत्री श्री रतनेश सदा ,पूर्व मंत्री श्री रमेश ऋषिदेव, सांसद श्री दिलेश्वर कामत, माननीय विधायक श्री अनिरुद्ध प्रसाद यादव, माननीय विधायक श्री मति बीना भारती, माननीय विधायक श्री रामविलास कामत, पूर्व विधायक श्री लखन ठाकुर, पूर्व विधायक श्री उदय गौइत उपस्थित हुए। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सभी अतिथियों का चादर, पाग ,माला और बुके से स्वागत किया। इसके बाद दीप जला कर मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के कल्याण मंत्री श्री रत्नेश सदा ने कहा कि यह कार्यक्रम लोकसभा चुनाव के लिए बिगुल है उन्होंने कार्यकर्ता से आह्वान किया की आने वाला समय बिहार का है और हमारा नेता देश के नेतृत्व के लिए तैयार है। बैठक में बड़ी संख्या में विकास मित्र तालिमी मरकज टोला सेवक के साथी उपस्थित होकर इंद्रजीत सदा, राजा मुराद और राजीव सदा के नेतृत्व में माननीय मंत्री जी का स्वागत किया गया । माननीय मंत्री जी संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार अब दलित वर्गों और महादलित को बाजार दर पर पांच डिसमल जमीन की राशी उपलब्ध कराएगी। उन्होंने शिक्षा सेवक तालिमी मरकज तथा विकास मित्रों को सम्बोधित करते हुए 26 नवंबर को भीम संवाद कार्यक्रम में अधिक संख्या के साथ भेटनरी कालेज पटना आने का अह्वान किया।कहा की माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार 26/11/23 को भीम संवाद कार्यक्रम भेटनरी कालेज पटना में बहुत बड़ा तोहफा देंगे।बैठक में जगदीश प्रसाद यादव ,हरे कांत झा, रामचंद्र यादव, ओम प्रकाश यादव, खुर्सीद आलम, प्रमोद कुमार मंडल ,निर्धन पासवान फेकन सदा , तब्बसूम बानो,पूनम देवी ललिता जयसवाल ,तालिमी मरकज के जिलाध्यक्ष सह प्रदेश महासचिव रजा मुराद, टोला सेवक जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सादा, तालिमी मरकज के जिला सचिव मो० ओवेश आलम, कोषाध्यक्ष-सलीम साबरी,उपाध्यक्ष-रूबी खातुन, संयुक्त सचिव- मो० इरफान, महासचिव-मो० मुर्शीद आलम, जिला मिडिया प्रभारी - मो० खुर्शीद, तथा सभी प्रखंड अध्यक्ष मो० जहीर, मो० सद्दाम, मो० ऐयुब, मो० नियाजउद्दीन, मो० जाकीर, अब्दुल रहीम एवं सभी प्रखंड से आए शिक्षा सेवक तालिमी मरकज-मो० मोसीम, अब्दुल रजा,शबनम प्रवीन, मोसर्रत प्रवीन, रोकैया खातुन, तबस्सुम प्रवीण, सहनाज, सोनी , अफरोज, अनन्त सादा, मो० शौकत, हबीबल्लाह, इजराइल, हजरुन आदि उपस्थित हुए।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस ने रेलखंड पर ट्रेन से कटा शव किया बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/ रोहतास।** संझौली थाने की पुलिस ने बुधवार की सुबह में आरा-सासाराम रेलखंड संझौली हाल्ट के 57/E (उदयपुर) समपार फाटक के समीप रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटा एक 35 वर्षीय व्यक्ति का शव बरामद किया है। घटित घटना रात की बताई जाती है। मृत व्यक्ति की शिनाख्त हरेराम चौधरी उम्र करीब 35 वर्ष पिता रामनिवास चौधरी का पुत्र भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता कि हरेराम संझौली में ही अपने रिश्तेदार के यहां एक कार्यक्रम में खाना बनाने के लिए आया था। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को पोस्टमार्टम कराकर उनके परिजनों को सौंप दिया है।

### मारपीट के मामले में दो आरोपी गए जेल




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/ रोहतास।** काराकाट थाने की पुलिस ने कौपा गांव से मारपीट के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी में उक्त गांव के श्री भिखारी सिंह एवं हीरालाल सिंह शामिल हैं। प्रभारी थानाध्यक्ष आदित्य कुमार के अनुसार गिरफ्तार दोनों व्यक्ति पूर्व में हुई मारपीट के मामले में आरोपित हैं।

### शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** दावथ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दावथ बाजार से 42.48 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज युवक को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि बुधवार की सुबह गुप्त सूचना के आधार पर थाने के एसआई राकेश कुमार, नीतेश कुमार ने पुलिस बल के जवानों के साथ दावथ बाजार से होकर जा रहे ब्लू रंग के प्लेटिना बाइक वाहन संख्या=BR24A/D4207 ,पर सवार एक युवक मुन्ना कुमार , सूर्यपुरा थाना क्षेत्र के बलिहार थाना निवासी 08PM अंग्रेजी शराब 180 एमएल का कुल 04पेटी (48पीस ) + 13पीस एवम बाइक के डिक्की से 31पीस कुल 236पीस कुल मात्रा 42.48लीटर शराब कि बरामदगी के साथ ही धंधेबाज युवक मुन्ना कुमार को गिरफ्तार कर थाने लाकर मध्य निषेध अधिनियम के धाराओं के तहत प्राथमिक की दर्ज कर दोपहर बाद न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

### जन कल्याण शिविर का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ(रोहतास)।** पंचायत सरकार भवन दावथ मे बुधवार को जन कल्याण शिविर के तहत पंचायत के आम जनता से आवेदन लिया। प्रखंड कार्यालय के सभी 18 विभागों के अधिकारी मौजूद थे। बीपीआरओ काशीनाथ सिंह बताया कि सरकार द्वारा दी जा रही लाभ जैसे पशु सेड ,आवास, वृद्धा पेंशन ,जैसी सुविधाएं लोगों को दी जा रही है। यदि कोई आवेदन देने से वंचित रह गए हैं तो वह पंद्रह नवंबर तक आवेदन जाकर बिहार सरकार भवन पर जमा कर सकते हैं। बिजली विभाग की जेई कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिजली के सुधार हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया जाएगा ।जिसमें आमलोगों की बिजली से संबंधित समस्याओं का निदान ऑन द स्पॉट होगा। मुखिया चंदन कुमार ने बताया की सैकड़ो की संख्या मे पंचायत की जनता के द्वारा मुख्य रूप से आवास, बृद्धा पेंशन, भूमी हीन, राशन कार्ड की आवेदन दिया गया। मौके जिला से आई नोडल पदाधिकारी खुशबू पटेल अंचलाधिकारी नवलकांत, चिकित्सा पदाधिकारी राड़ा प्रताप,बीसीओ अखिलेश कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक राजीव कुमार,पंचायत सचिव रणजीत कुमार सिन्हा, आदि मौजूद थे।

# विधायक के खिलाफ बजरंग दल ने कराया न्यायालय में केश फाइल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** डेहरी विधायक फतेह बहादुर सिंह द्वारा मां दुर्गे और सनातन धर्म के बारे में अभद्र टिप्पणी उन पर भारी पड़ रही है। हिंदू संगठन में उनके खिलाफ आक्रोश है जब से सोशल मीडिया पर उनकी दी गई बयान वायरल हुआ है तभी से हिंदू संगठन और आम जनों में उनके प्रति आक्रोश है और लगातार आज तक उनके विरोध में कई प्रदर्शन और उनकी गिरफ्तारी की मांग हिंदू संगठन द्वारा की गई है। हिंदू देवी देवताओं अभद्र टिप्पणी के बाद विधायक फतेह बहादुर के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज कुमार गोपीचंद्रवंशी ने उसी दिन डेहरी नगर थाना में विधायक के खिलाफ नगर थाना में लिखित प्राथमिक की दर्ज कराई थी लेकिन नगर थाना अध्यक्ष ने प्राथमिक की दर्ज नहीं की इसके बाद सभी हिंदू संगठनों ने न्यायालय से उम्मीद करते हुए मंगलवार को पंकज कुमार के नेतृत्व में कई हिंदू संगठन राजनीतिक दल के लोग एक साथ पहुंचकर न्यायालय में परिवार पत्र दाखिल कर कमपलेन केस फाइल दर्ज कराई। कंप्लेन केश दर्ज करने के बाद केस के वकील ओमप्रकाश सिन्हा उर्फ कमल सिन्हा बताया कि पंकज कुमार उम्र 34 वर्ष पिता स्वर्गीय सच्चिदानंद प्रसाद निवासी बारह पत्थर वार्ड नंबर 38 थाना डेहरी जिला रोहतास द्वारा फतेह बहादुर सिंह उम्र 51 वर्ष पिता स्वर्गीय दरोगा सिंह निवासी मोहल्ला पाली नियर बुद्ध विहार होटल पोस्ट थाना डेहरी के खिलाफ परिवार पत्र दाखिल कर केस दर्ज किया गया है जिसमें धारा 153ए0, 153बी0,295ए0,505भा0द0वि0 केश दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग न्यायालय से की गई। न्यायालय द्वारा केस फाइल किया गया है हमें उम्मीद है कि सकारात्मक करवाई न्यायालय द्वारा केस दर्ज कर किया जाएगा वहीं पंकज कुमार ने कहा कि हम अपने सनातन धर्म के देवी दुर्गा के अपमान और 140 करोड़ भारत के सभी धर्म के मानने वाले लोगों के लिए लड़ाई लड़ रहा हूं अनुमंडल प्रशासन मुझे बुलाकर दबाव बनाया गया कि मैं एफआईआर दर्ज न करूं। लेकिन अगर मेरी जान भी चली जाए तब पर भी मैं हिंदुओं और अपने सनातन संस्कृत धर्म के प्रति लड़ता रहूंगा मुझे प्रशासन का भय नहीं है मैं अपने सनातन की संस्कृत को बचाना और अपने देवी देवताओं का आस्था पर विश्वास करने वाले लोगों के लिए लड़ाई लड़ रहा हूं वही पूर्व विधायक ने कहा कि मुझे न्यायालय पर बहुत विश्वास है फतेह बहादुर सिंह डेहरी विधानसभा में आज तक विकास का एक भी कार्य नहीं किया आप धार्मिक भेदभाव फैलाकर शहर को अशांत करना चाहते हैं जो सनातन के खिलाफ बोल रहे हैं इन्हें बर्दाश्त नहीं किया जाएगा न्यायालय से में अपील करता हूं कि इस पर गंभीरता से विचार करते हुए विधायक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किया जाए। वही इस केस में गवाह के रूप में दीपक कुमार उम्र 33 वर्ष पिता राजेंद्र प्रसाद निवासी न्यू सिधौली दूसरा गवाह विकास कुमार उम्र 35 वर्ष पिता गोपाल प्रसाद निवासी अकोदी गोला बाजार बने हैं और जरूरत पड़ने पर अन्य गवाहों का भी नाम पता दिया जाएगा ऐसा न्यायालय में लिखित केस दर्ज में दिया गया है इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज कुमार यादव अर्जुन केसरी पूर्व नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता कुंवर सिंह विमल कुमार सिंह अंशुल कश्यप मनीष उपाध्याय चंदन गुप्ता अधिवक्ता कमल सिन्हा, अंभुज सिंह थे।

## समकक्ष ग्रेड में विहित वेतनमान में बढ़ोतरी के साथ हुआ पद्दोन्नती, लोगो ने दी बधाईयां



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)।** अंचलाधिकारी अमित कुमार का बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के तहत समकक्ष ग्रेड में विहित वेतनमान में बढ़ोतरी के साथ पद्दोन्नती होने पर उनके परिजनों, अधिकारियों व अन्य लोगों में खुशी है। बिहार राजस्व सेवा संवर्ग के तहत अंचल अधिकारी अमित कुमार को समकक्ष ग्रेड में विहित वेतनमान में बढ़ोतरी के साथ पद्दोन्नति हुआ है। सीओ पटना जिले के फुलवारीशरीफ प्रखंड अंतर्गत कुरमुरी गांव के निवासी है। उन्होंने अपनी सफलता पर बताया कि वह अपनी प्रारंभिक पढ़ाई गांव के ही मध्य विद्यालय में की थी, जबकि एएन कॉलेज पटना से अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की। उनके पद्दोन्नत होने पर प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में मिठाईयां भी बांटी गई। वही उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया है। बधाई देने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी मो०जफर इमाम, राजस्व पदाधिकारी चंदन चौधरी, एमओ नैंसी कुमारी, पीओ मनरेगा रमाशंकर दुबे, बीएओ विमलेश कुमार मिश्रा, बीसीओ राजाराम शर्मा, निखिल आनंद, प्रमुख योगेश कुमार, जिला पार्षद रूमा सिंह, प्रियंका प्रसाद, जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष डॉ०अमरेंद्र कुमार, मुखिया शशि कुमार, अफसाना खातुन, निशु देवी, सुजीत कुमार उर्फ टिंकू सिंह, वकील यादव, कृष्णा सिंह, अनिता देवी, रामकुमारी देवी, मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन, जिला पार्षद प्रतिनिधि गांधी चौधरी, पंकज साह, कौशल कुमार, उपेंद्र प्रसाद सहित प्रखंड एवम अंचल के सभी कर्मी सहित अन्य है।

## बिजली चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर कनीय विद्युत अभियंता, सूर्यपूरा प्रदीप कुमार प्रजापति के नेतृत्व में एक जांच दल का गठन किया गया। ऊक्त दल द्वारा पंचायत-सूर्यपूरा के ग्राम-इमिरता में पहुंच बकायेदार उपभोक्ताओं जांच किया गया। बताते चलें कि विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच ग्राम-इमिरता के उपभोक्ता का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर बिजली जलाने को लेकर भिखारी सिंह, पिता-अलगू सिंह पर 9145 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। आगे बताते चले कि श्री सिंह पर पूर्व से विद्युत विपत्र के मद में बकाया राशि 28528 था। दंडित राशि बकाया राशि दोनों को समायोजित करने के पश्चात 37673 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है वो अपना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा करने के पश्चात ही विद्युत ऊर्जा का उपभोग करें एवं अनावश्यक होने वाली परेशानियों से बचें साथ ही साथ उपभोक्ताओं से यह भी आग्रह की गई है कि जो उपभोक्ता मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें।

## मानवतावादी विश्व का एक मात्र ग्रन्थ है श्री रामचरितमानस

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता चारोधाम मिश्रा, दावथ (रोहतास)।** यूँ तो निराकार ब्रह्म के चौबीस व मुख्य दस आकार(अवतार) वेंदों में प्राप्त होते हैं। उन सब में गोस्वामी तुलसीदास महाराज जी ने श्रीराम की मानवतावादी सोच और उस मानवतावादी सोच को आचरण में लाकर जीवन भर पालनीय देखकर मानवजाति के कल्याण के लिए रामायण को श्रीरामचरितमानस नाम दे कर समाज के सामने 450 वर्ष पहले प्रस्तुत किया। गो. तुलसी दास जी ने देखा एक राम सतयुग में हुए,जिनका नाम परशुराम है. एक राम त्रेता में हुए, जिनका नाम धनुर्धर राम है। एक राम द्वापर में हुए, जिनका नाम हलधर राम है। परन्तु तीन अवतारी मानव रामों में से त्रेता के धनुर्धर राम को उन्होंने सर्वोत्तम मानव के रूप में पाया. सतयुग के परशुराम, भगवान् विष्णु के ही अवतार माने गए,परन्तु मानव होते हुए भी वह जातिवाद, सम्प्रदायवाद व ऊँच नीच के भेद में पड़कर रावण अर्थात अधर्म का विनाश ना कर पाए।आप ब्राह्मण कुल में पैदा हुए,पर छत्रियों से द्रोह कर बैठे। कई बार छत्रिय राजाओं का विनाश किया। आप भी शिव के शिष्य थे, और रावण भी शिव का शिष्य था.।ब्राह्मण और शिव का शिष्य होने के कारण आपने रावण को छोड़ दिया। द्वापर के हलधर राम महाभारत के समय जब धर्म और अधर्म(कौरव और पांडव) आमने सामने होकर मानव-मानव के खून के प्यासे हो गए।उस वक़्त द्वापर के हलधर राम ने तटस्थ नीति अपनाकर तीर्थ यात्रा पर चले गए। ये दोनों राम विश्व के मानवजाती में आपस में प्रेम और सदभाव स्थापित नहीं कर सके। त्रेता के धनुर्धर राम ना तो तटस्थ हुए और ना जाति,सम्प्रदाय के चक्कर में पड़े,आप भी भगवान् विष्णु के अवतार माने गए। आप छत्रिय कुल में पैदा हुए,पर आपने ब्राह्मणों के चरणों की पूजा की.इस तरह आपने जातिगत भेद मिटाया।भगवान् विष्णु के अवतार होकर रामेस्वरम में शिव की स्थापना की। इस तरह आपने सम्प्रदायगत भेद मिटाया. आप चक्रवर्ती राजा अर्थात पूरे पृथ्वी के राजा थे।परन्तु आपने निषाद,सबरी,गीध,कोल,भील,संथाल,यवन आदि छोटे लोंगो को गले लगाकर ऊँच नीच का भेदभाव मिटाया।मानव को मानव से प्रेम करना सिखाया.।परिवार में सद्भाव प्रगट किया, और ग्यारह हजार वर्षों तक पृथ्वी पर प्रेम की गंगा बहाते रहे। तुलसीदास जी ने आपके चरित को विश्व के सर्वोत्तम मानव का चरित पाया। उन्होंने रामायण का नाम रामचरितमानस रख कर परम्परा बदल डाली। रामायण का अर्थ है राम+अयन अर्थात राम का घर. तुलसीदास से पहले कालीदास से बाल्मीक तक सबने राम का घर बनाया अर्थात रामायण लिखी.घर से व्यक्ति के चरित के बारे में कुछ भी नहीं जाना जा सकता,आपने राम का मानव चरित समाज के सामने प्रस्तुत किया। यदि तुलसी के राम का चरित संसार स्वीकार कर ले तो आज भी राम राज्य की स्थापना हो सकती है। रामचरितमानस के बारे में अब्दुल खान खाना रहीम जो अकबर के नवरत्नों में से एक थे, और गो. तुलसीदास जी के समकालीन थे, जब रहीम दास जी से प्रश्न हुआ आप भी कवि हैं और तुलसीदास भी कवि है। आप दोनों में से महान कवि कौन है और रामचरितमानस के बारे में आप क्या राय रखते हैं? तो रहीमदास जी ने एक दोहा लिखा जो आज भी उनकी हस्तलिखित प्रति में प्राप्त है-

दोहा- रामचरितमानस विमल,संतन जीवन प्राण।
हिन्दू आन को वेद सम,यवनही प्रगट कुरान।।

अर्थात मनुष्य को मनुष्य धर्म सिखाने के लिए हिन्दुओं के लिए कोई वेद है तो रामचरितमानस और मुसलामानों के लिए कोई कुरान है तो वो प्रत्यछ रूप से रामचरितमानस ही है। ऐसा ही अभिप्राय उनके समकालीन सभी विद्वान और संतो का था चाहे वे किसी जाती सम्प्रदाय के थे। आज भी श्रीरामचरितमानस डूबती हुई मानवता के लिए जहाज का कार्य कर रहा है।इसका अनेक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है, कई देशी विदेशी विदावानो के द्वारा शोध कार्य हुआ और हो रहा है।

शिविर | शिविर में आंगनबाड़ी,राशन कार्ड, विधुत सहित अन्य विभाग के काउंटर लगाया गया था

# पंचायत सरकार भवन में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** स्थानीय प्रखण्ड के धनाव पंचायत के धनाव गांव स्थित पंचायत सरकार भवन में बीडीओ मो०जफर इमाम की अध्यक्षता में व सीओ अमित कुमार की उपस्थिति में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आंगनबाड़ी,राशन कार्ड,विधुत, मनरेगा,स्वच्छता,शौचालय सहित अन्य विभाग के काउंटर लगाया गया था। जहां पर लोगो ने अपनी समस्या को दर्ज करा रहे थे। इस दौरान सभी विभाग के अधिकारी व कर्मी समस्या को सुन रहे थे। वहीं जनकल्याण शिविर में मौना गांव के 65 वर्षीय सितारा खातुन वृद्धा पेंशन के लिए अपनी शिकायत दर्ज कराई, मौना गांव के ही निवासी उर्मिला देवी ने आवास के लिए,हलीवन्त बिगहा निवासी प्रेमलता देवी राशन कार्ड संबधित शिकायत दर्ज कराई,धनाव गांव के महेंद्र चौधरी आवास के लिए शिकायत दर्ज कराया। इस शिविर में कुल 254 समस्या को लेकर आवेदन आया जिसमे ऑन द स्पॉट 55 समस्याओं का निष्पादन किया गया वही कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट जांच भी किया गया। बीडीओ मो०जफर इमाम ने बताया कि डीएम के निर्देश पर धनाव पंचायत सरकार भवन में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्येक विभाग से लगभग 254 समस्याओं को लेकर आवेदन आया जिसमे लगभग 55 समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया जबकि कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट जांच भी किया गया। मौके पर आरओ चंदन चौधरी,एमओ नैंसी कुमारी,बीएसीएम शकील अहमद, विधुत जेई पंकज शर्मा,बीसीओ राजाराम शर्मा व विकाश कुमार,पीओ रामशंकर दुबे,मुखिया अफसाना खातुन, मुखिया प्रतिनिधि शाहिद हुसैन,ब्लॉक कर्मी निखिल आनंद समेत कई विभाग के अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## आरंभ वेलफेयर सोसायटी, द्वारा आरंभ सम्मान 2024 से सम्मानित होंगे भुवनेश्वर भास्कर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता। दावथ (रोहतास)।** साहित्य, संस्कृति कला से जुड़े व्यक्तियों को दिया जाने वाला आरंभ सम्मान 2024 में चर्चित चित्रकार और कला समीक्षक भुवनेश्वर भास्कर को दिए जाने की घोषणा हुई है। भुवनेश्वर भास्कर एक राष्ट्रीय चित्रकार एवं कला समीक्षक हैं। इनके चित्रों की अनेक प्रदर्शनी देश के विभिन्न हिस्सों एवं कला दीर्घाओं में हुई हैं। इनके चित्रों में आम आदमी का जीवन संघर्ष आशाएं और उम्मीद देखने को मिलती है। गांव की मिट्टी और खुशबू से जुड़ी हुई इनकी कृतियाँ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों से जुड़कर एक विस्तृत फलक तैयार करती है। भुवनेश्वर भास्कर के अबतक अनेक आलेख एवं पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। इनकी प्रकाशित पुस्तकों के नाम हैं -भोजपुरी लोक संस्कृति और परंपराएं एवं कला संवाद, इन पुस्तकों का प्रकाशन भारत सरकार के प्रकाशन विभाग द्वारा हुआ है। भुवनेश्वर भास्कर को अब तक दर्जन भर पुरस्कार एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय स्कॉलरशिप एवं जूनियर फेलोशिप प्राप्त हो चुका है। इन्हें मिले पुरस्कारों में कला लेखन के लिए बिहार सरकार द्वारा दिया जाने वाला दिनकर युवा पुरस्कार, सुनीता चोपड़ा मेमोरियल पुरस्कार, नई दिल्ली आदि प्रमुख हैं। इनके 200 से अधिक आलेख देश के प्रतिष्ठित पत्र - पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। अब तक आरंभ सम्मान चर्चित कवि और क्षेत्रीय इतिहासकार लक्ष्मीकांत मुकुल और कवि ओमप्रकाश मिश्र को प्रदान किया गया है। इस बार के निर्णायक समिति में कवि लक्ष्मीकांत मुकुल कवि, कथाकार और जनपथ के सह संपादक ओमप्रकाश मिश्र, क्षेत्रीय इतिहास अध्येता शम्भू शरण और आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं साहित्य प्रेमी मनोज कुमार सिंह शामिल थे। आयोजकों के अनुसार भुवनेश्वर भास्कर को यह पुरस्कार फ़रवरी के प्रथम सप्ताह में उक्त सोसायटी द्वारा रोहतास जिले के डेढ़गांव में संचालित विद्यालय के परिसर में आयोजित एक भव्य समारोह मे प्रदान किया जाएगा।

### मैजिक गाड़ी की जोरदार टक्कर से महिला हुयी जख्मी



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र के जयश्री-करथ रजवाहा कैनाल मार्ग पर मैजिक गाड़ी की जोरदार टक्कर से एक महिला जख्मी हो गयी । घटना को अंजाम देकर मैजिक चालक गाड़ी को लेकर भागने में सफल रहा । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना तब घटी जब महिला उक्त कैनाल पर मछली पकड़ रही थी। इसी दौरान काराकाट की ओर से तेज रफ्तार से आ रही मैजिक गाड़ी ने महिला में जोरदार टक्कर मार दिया । घटना घटित होते ही आसपास के लोग जुटकर जख्मी महिला को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़ारी के स्वास्थ्य कर्मी डाटा ऑपरेटर नागेश्वर तिवारी के पास दूरभाष के माध्यम से सूचना दी । सूचना मिलते ही श्री तिवारी अपने अस्पताल के वरीय अधिकारियों से बातचीत कर घटनास्थल पर तुरंत एंबुलेंस भेजवाया । इस पहल को देखते हुए घटना स्थल पर मौजूद सभी लोगों ने श्री तिवारी का आभार प्रकट किया । साथ ही साथ जख्मी महिला को प्राथमिक इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोड़ारी भेजा गया । जहां पर अस्पताल के चिकित्सकों ने जख्मी महिला का इलाज शुरू कर दिया । जख्मी महिला काराकाट थाना क्षेत्र के चिकसिल बाल निवासी जामधारी मुसहर की 55 वर्षीय पत्नी जख्मी महिला देवंती देवी बताई जाती है । जिनका प्राथमिक इलाज गोड़ारी में किया जा रहा है ।

### शीशा परियोजना के तहत मोथा मे कृषि वैज्ञानिकों की उपस्थिति में गेहूं की हुई बुआई



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज / रोहतास।** बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत काराकाट प्रखण्ड के मोथा निवासी किसान लालबाबू सिंह के खेत में कृषि विभाग द्वारा संचालित शीशा परियोजना कृषि विभाग का उपक्रम) के तहत कृषि वैज्ञानिकों की उपस्थिति में गेहूं की बुआई की गई। किसान सलाहकार असगर अली के अनुसार परियोजना कर्मी रंजन कुमार व अली अहमद के देखरेख में एक एकड़ खेत में रविवार को बुआई की गई। जहां अन्य कई किसान उपस्थित थे। प्रगतिशील किसान लालबाबु सिंह के अनुसार गेहूं के इस विफोर वेराइटी 2967 प्रजाति की बुआई नई तकनीक के आधार पर की गई है। यह प्रजाति अन्य प्रजातियों से पहले मात्र 140 से 145 दिनों में तैयार हो जाती है। उपस्थित किसानों को उन्होंने विफोर वेराइटी के इस प्रजाति 2967 की तरह विफोर वेराइटी के अन्य बीजों को पहले कारवेन्डा जाइम व माइक्रोजेव से उपचारित करके ही खेतों में डालें। बुआई के 18 से 20 दिनों बाद उसका सिचाई करें। इससे अच्छी उपज होगी। मौके पर अजीत सिंह, नरेंद्र महतो, जीविका के पूनम कुमारी व अन्य कार्यकर्ता तथा कई किसान उपस्थित थे।

### बढ़ते प्रदूषण और स्वच्छता पर मोर्चा नेताओ ने निकाली साइकिल यात्रा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, बिक्रमगंज/रोहतास।** अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव प्रीति पाठक के नेतृत्व में जक्कनपुर मंडल मे साइकिल यात्रा निकाल बढ़ते प्रदूषण और स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ प्रहलाद वर्मा राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अखिल भारतीय सामाजिक न्याय मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने कहा की सांस की दिक्कतों से लेकर स्ट्रोक और फेफड़े से जुड़ी बीमारियों का कारण बनती है दूषित हवा। वर्तमान में एकबार फिर वायु प्रदूषण का खतरा बढ़ता जा रहा है और दीवाली जैसे-जैसे करीब आ रही है वैसे-वैसे हवा जहरीली होने लगी है ऐसे में व्यक्ति अपने स्तर पर हवा को साफ करने का प्रयास कर सकता आज इसी उद्देश्य से मोर्चा के साथियों ने साइकिल यात्रा निकाल लोगो को जागरूक करने का कार्य किया। आगे भी मोर्चा के साथियों द्वारा इस तरह का मुहिम चला लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा। श्री गुप्ता ने राज्य सरकार से प्रदूषण के रोक थाम हेतु उचित कदम उठाने की भी माँग की। मौके पर प्रदेश महासचिव मीना तिवारी, प्रदेश सचिव धनंजय कुमार,प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन, मुकेश कुमार, प्रदीप साह,विकास चंद्रा,नीरज, बिट्टू, अभय कुमार, मुकुल आदि मौजूद थे।

### शिविर के माध्यम से अधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की कई समस्या

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेंद्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास|** काराकाट प्रखंड के काराकाट पंचायत सरकार भवन पर जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रखंड स्तरीय अधिकारी के द्वारा काराकाट पंचायत के विभिन्न गांव की जनता की समस्या को सुना गया तथा हर संभव निदान करने का प्रयास भी किया गया। इसकी जानकारी देते हुए काराकाट प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास व सहायता योजना, श्रम कार्ड, राशन कार्ड, वृद्ध , विधवा, दिव्यंगता प्रमाण पत्र जैसे कई अन्य जन समस्याएं आई । जिसको संबंधी समस्या के बारे में जनता का शिकायत सुना गया तथा उसे निदान करने का भरोसा भी दिलाया गया। इसके साथ ही वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री कन्या विवाह व उत्थान योजना, कृषिको का पैक्स संबंधित विभिन्न प्रकार की समस्या को प्रखंड स्तर के विभिन्न अधिकारी के द्वारा सुना गया। सीओ ने बताया कि शिविर लगाने का उद्देश्य यही था कि कृषि विभाग, जमीन से संबंधित परेशानी तथा पेंशन से संबंधित परेशानी या अन्य किसी प्रकार के कार्य को लेकर लोगों को प्रखंड कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़े इस वजह से पंचायत सरकार भवन में शिविर का आयोजन किया गया था और शिविर के माध्यम से लोगों की शिकायत और समस्या को सुना गया। कुछ हद तक उनकी शिकायत का निपटारा भी किया तथा कुछ समस्या के बारे में उन्हें जानकारी दी गई ताकि उसका निदान किया जा सके और वह लोग परेशानी से बच सकें।



## ख़ास ख़बर

### किसान प्रतिरोध मार्च में सम्मिलित होने के लिए अध्यक्ष द्वारा किसानों को किया गया आवाहन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष के द्वारा प्रतिरोध मार्च में सम्मिलित होने के लिए जिला के किसानों को किया गया है आवाहन। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष कैमूर विमलेश पांडेय के द्वारा किसान मोर्चा कैमूर के तत्वाधान में 3,11,2023,को पटेल चौक भभुआं से 12 बजे प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा जो जिला मुख्यालय पहुंच कर, सामूहिक असहमति पत्र जिला पदाधिकारी को सौंपा जायेगा। उनके द्वारा बताया गया कि भारत माला परियोजना के तहत वाराणसी कोलकाता एक्सप्रेस-वे एवं एन एच 219 में किसानों के भूमि का उचित मुआवजा तय ना होना, किसानों के साथ धोखा है, जिसके विरुद्ध लगातार आवाज उठाया जा रहा है। और मुआवजा राशि का उचित निर्धारण न होने तक संघर्ष जारी रहेगा। जिसके लिए जिला के सभी किसानों को आमंत्रित किया गया है।

### यातायात थाना का आरक्षी अधीक्षक द्वारा किया गया शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां(कैमूर)।** थाना परिसर में कैमूर आरक्षी अधीक्षक के द्वारा यातायात थाना का नए भवन में किया गया शुभारंभ।कैमुर आरक्षी अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के द्वारा विधिवत पूजा पाठ के बाद फीता काटकर यातायात थाना का उद्घाटन किया गया। आरक्षी अधीक्षक ने कहा कि यातायात कार्यालय का स्थाई भवन बनने के बाद कर्मचारियों को सहूलियत मिलेगी, और यातायात नियंत्रण का कार्य सफलता पूर्वक संचालित होगा।वही चांदनी चौक पर लगने वाली जाम से लोगो को राहत मिलेगी, इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह भभुआं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद,मोहनियां थानाध्यक्ष ललन कुमार,यातायात थाना अध्यक्ष विनय कुमार,कैमुर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, उमा जायसवाल, समाजसेवी शिव जी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### नशे के हालात में चार गिरफ्तार भेजे गए न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती (कैमूर)।** स्थानीय थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग से शराब के नशे में चार पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में।मिली जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश की सीमा से शराब पीकर नशे की हालात में बिहार में प्रवेश करते समय स्थानीय पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। जांच के बाद पता चला कि सभी शराब के नशे में है। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पियक्कड़ों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों में पुष्पेंद्र सिंह रूम नई बस्ती थाना बारा प्रयागराज उत्तर प्रदेश सचिन कुमार सिंह पटेल नगर डीह थाना चारघाट रीवा मध्य प्रदेश, मोहम्मद असलम ग्राम+ थाना जगदीशपुर भोजपुर आरा बिहार राहुल कुमार बीसैनी टोला जगदीशपुर आरा बिहार के निवासी बताए जाते हैं।

### मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कई योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं जिला मुख्यालय भभुआं में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड एवं अनुषंगी कम्पनियों के स्थापना दिवस के 11वें वर्षगाँठ के अवसर पर ऊर्जा प्रक्षेत्र की योजनाओं का शिलान्यास/ कार्यारम्भ/ लोकार्पण/उद्घाटन किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष 2024 तक हर घर बिजली हर खेत बिजली अंतर्गत स्मार्ट मीटर लगाने का निर्देश दिया। वही मौके पर जिलाधिकारी सावन कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहें।

# शराब जांच के लिए बने चेक पोस्ट से अधिकारी नादारद, बढ़ रहे माफिया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, दुर्गावती(कैमूर)।** उत्तर प्रदेश बिहार की सीमा पर स्थित विश्वकर्मा पंप कैनाल के सामने शराबियों और व्यापारियों पर नकेल कसने के लिए एक्साइज विभाग के द्वारा एक चेक पोस्ट बनाया गया है, ताकि कोई भी उत्तर प्रदेश से शराब पीकर या शराब लेकर बिहार के सीमा में प्रवेश न कर सके। लेकिन लगातार 2 दिनों से सीमा पर स्थित चेक पोस्ट पर कोई अधिकारी या सुरक्षा कर्मी सीमा पर उपस्थित नहीं पाया जा रहा है। जिसके कारण शराब ढोने वाले और शराब पीने वाले दोनों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है । मंगलवार की शाम और बुधवार की शाम के समय चेक पोस्ट पर देखा गया तो कोई अधिकारी और सुरक्षा कर्मी नहीं दिखाई दिया। जिससे यह मालूम पड़ता है कि या अधिकारी की नियुक्ति नहीं है या उपस्थित अधिकारी की सहमति से शराब माफिया आराम से शराब लेकर चले जाते हैं। बिहार सरकार के द्वारा शराब के खिलाफ बनाए गए अधिनियम का और नियमानुकुल स्थापित चौकिया का कोई मतलब नहीं रह गया है। इस विषय में जब आरक्षी अधीक्षक ललित मोहन शर्मा से पूछा गया क्या वहां अधिकारी नहीं है या चेक पोस्ट बंद है तो उन्होंने बताया कि संबंधित थाने से उसकी जानकारी आप ले ले मुझे याद नहीं पड़ रहा है। दुर्गावती थाने से बात किए जाने के बाद दुर्गावती के थाना प्रभारी ने उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर गुंजेश कुमार का नंबर9334344855 देते हुए विधवत जानकारी लेने की बात कही। जब गुंजेश कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया दुर्गावती ककरैथ बॉर्डर पर विश्वकर्मा पंप कैनाल पर स्थित चेक पोस्ट पर दो अधिकारी और पांच सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति हुई है। जब पदाधिकारी उपस्थित रहते हैं तो जांच की जाती है और जब नहीं उपस्थित रहते हैं तो जांच नहीं की जाती है हो सकता है वहां पर उपस्थित पदाधिकारी पकड़े गए किसी शराब व्यवसाई या पीयक्कड़ों को लेकर भभुआ प्राथमिक की दर्ज करने के लिए गए हो ।चुकी बॉर्डर से पकड़े गए तस्करो के खिलाफ कोई रिपोर्ट करने के लिए भभुआ ही जाना पड़ता है। जब उनसे यह पूछा गया कि क्या दोनों अधिकारी एक साथ जिला में जाते हैं तो उन्होंने बताया कि अब पता करने की ही बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## बिहार मे एस डी एम पद पर चयनित रितेश यादव को किया गया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दुर्गावती (कैमूर)।** स्थानीय प्रखंड के एवाईपी पब्लिक स्कूल, बिछियाँ में विद्यालय के डाईरेक्टर समाजसेवी सतीश यादव पिन्टू एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह द्वारा, बिहार मे एसडीएम पद पर चयनित रितेश यादव को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एस डी एम पद पर चयनित रितेश यादव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए पढाई से सम्बंधित कई टिप्स दिए। बताते चलें कि कैमूर जिले के दुर्गावती प्रखंड के कल्याणपुर गांव निवासी रितेश यादव का बीपीएससी की परीक्षा क्वालीफाई करके एसडीएम पद पर चयन हुआ है। इसके बाद वे अपने पैतृक गांव कल्याणपुर पहुंचे है जहां पर लोगों के द्वारा जगह जगह पर उनका स्वागत किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को दुर्गावती प्रखंड के एवाईपी पब्लिक स्कूल, बिछियाँ में विद्यालय के डाईरेक्टर समाजसेवी सतीश यादव पिन्टू एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कुमार सिंह द्वारा रितेश यादव को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रितेश यादव ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार प्रयास करना चाहिए यदि किसी कारणवश असफलता मिलती है तो हमें निराश नहीं होना चाहिए। बल्कि और लगन के साथ अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए परिश्रम करना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने बच्चों को पढाई से सम्बंधित और कई टिप्स दिए।

## छः शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा कर रहें, छः शराबियों को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए अपर थाना अध्यक्ष विकास कुमार के द्वारा बताया गया, कि थाना प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मद्य निषेध कानूनों को संकल्पित रूप से पालन करते हुए, शराब एवं शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिस क्रम में मंगलवार को दिवा गस्ती एवं रात्रि गश्ती के दौरान थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा कर रहें, छः शराबियों को गिरफ्त में लिया गया। उपरांत स्वास्थ्य जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हें बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार राजाराम कुमार उम्र 22 वर्ष पिता सुरेंद्र शाह, बीरबल कुमार पिता श्रीभगवान शाह, लवकुश कुमार उम्र 24 वर्ष पिता जगदीश पासवान सभी थाना क्षेत्र के बैजनाथपुर गांव के निवासी बताई जा रहे हैं। वही देवराज बिना उम्र 35 वर्ष पिता मंगरु बिंद, ग्राम- नवाडीह, थाना- करमचट, मनोज चौधरी उम्र 50 वर्ष पिता ललन चौधरी ग्राम- बड़का काझार, थाना-सोनहन, राहुल कुमार उम्र 18 वर्ष पिता भुजाली पासवान ग्राम- सकरी, थाना- कुदरा सभी जिला कैमूर के निवासी बताए जा रहे हैं।

# सनातन पर ही आघात क्यों-श्याम सुंदर पांडेय



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** जिला के दुर्गावती प्रखंड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह कलमकार श्याम सुंदर पांडेय के द्वारा, सनातन धर्म पर असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार किये जा रहे कुठाराघात पर चिंता व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में वर्णित धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लेख के बावजूद भी भारत के प्राचीन धार्मिक पहचान सनातन पर ही लगातार आघात क्यों हो रहा है, यह एक महत्वपूर्ण विचारणीय विषय है। क्या सनातन की सहिष्णुता की परीक्षा ली जा रही है, क्या यह भारत के मूल आत्मा पर प्रहार नहीं माना जाएगा, क्या सनातनी प्रतिघात करने में सक्षम नहीं है। सनातन पर प्रहार करने वाले अपने आपको जिस धर्म से होने का दंभ भरते हैं, उसी धर्म पर सनातनी यदि प्रमाण सहित उनका प्रतिरोध करें तो क्या यह विधि सम्मत और उचित होगा। आखिरकार यह सिलसिला कब तक चलता रहेगा।भारतीय संविधान के द्वारा किसी के धर्म के ऊपर टिप्पणी करना या कानून के दायरे से बाहर जाकर कुछ भी बोलना अपराध माना जाता है ।तो अब तक ऐसे नफरत की भाषा को अपराध के दायरे में क्यों नहीं लाया गया, और कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। भारतीय संविधान के दायरे में सबको अपना धर्म मानने का अधिकार है, तो फिर सनातन पर ही लगातार हो रहे आघात पर सर्वोच्च न्यायालय और यहां का कानून चुप क्यों है ।आखिरकार रखवालों की जुबान कब खुलेगी। एक तरफ भारत प्रदूषण पर लगातार काम कर रहा है, तो दूसरी तरफ भारत के अंदर भाषाई प्रदूषण फैलाने वाले लोगों के ऊपर कार्रवाई नहीं करने के कारण बढ़ते भाषाई अपराध का जिम्मेवर कौन है। भविष्य में क्या इसका समाधान दिखाई दे रहा है। पूरी दुनिया में आतंकवाद के विरुद्ध आवाज उठाने वाला यह देश, भीतरी भाषाई आतंकवाद जो देश में बढ़ाकर खंडित खंडित करने का जो कुचक्र चल रहा है, उस पर करवाई कब करेगा। इन्हीं लोगों की तरह सनातनी यदि उसी राह पर चल दे तो पूरे भारत में उथल-पुथल मच सकता है। इसलिए समय रहते सचेत हो जाने की जरूरत है जिससे आने वाला भविष्य और देश सुरक्षित रहे।

### प्रखण्डस्तरीय श्रम संसाधन कार्यालय नही होने से मजदुरो को अपनी समस्या का निदान लेने मे हो रही असुबिधा



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संवाददाता, भभुआं (कैमूर)।** अनुमंडल अंतर्गत भगवानपुर प्रखंड क्षेत्र में श्रम संसाधन विभाग का अपना कार्यालय नहीं होने के कारण मजदूरों को अपनी समस्याओं का निदान कराने में हो रही असुविधा। श्रम परिवर्तन पदाधिकारी भगवानपुर संतोष कुमार सिंह से वार्तालाप करने पर उनके द्वारा बताया गया, कि अपने कार्य के अनुसार सप्ताह में कौशल विकास के ऑफिस में एक या दो दिन बैठ पाते हैं। बाकी दिनों में क्षेत्र का काम भी देखना होता है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर अपना कार्यालय होता तो एक ऑपरेटर जिसकी अलॉटमेंट सचिव साहब के द्वारा हो चुकी है, मगर ऑफिस नहीं होने के कारण कंप्यूटर और ऑपरेटर नहीं रखा जा रहा है। ऑफिस पर जो भी मजदूर आ रहे हैं उन्हें हम प्रतिदिन नहीं मिल पाते। अगर अपना कार्यालय होता तो एक ऑपरेटर होते जो प्रतिदिन आए हुए मजदूरों की समस्याएं को सुना जाता, और उन की समस्याओं का निदान भी किया जाता। तब पूरी तरह से मजदूरों को सहूलियत मिलती।

### चैनपुर प्रशासन द्वारा शराब तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, चैनपुर (कैमूर)।** थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के डुमरकोन ग्रामवासी एक युवक को शराब तस्करी मामले में गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। जिस संदर्भ में चैनपुर थाना अध्यक्ष रणवीर कुमार ने बताया कि मंगलवार शाम गुप्त सूचना मिला की एक यूवक उत्तर प्रदेश के रास्ते से बिहार की तरफ शराब लेकर जा रहा है।सूचना को पाते ही थाना अध्यक्ष ने पुष्टि के लिए गस्ती दल को जाने के लिए पुलिस बल को निर्देशित किए। गस्ती दल ने पुलिस बल के साथ जाकर नाका बंदी किया गया। सूचना की निशान देही की आधार पर जब युवक की तलाशी लिया गया, तो उसके पास से 82 पीस 8पीएम 180 एमएल का अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में युवक ने अपना नाम रजनीश कुमार पिता निहोर यादव ग्राम डुमरकोन थान चैनपुर जिला कैमूर बताया। चैनपुर प्रशासन द्वारा बिहार सरकार के मद्य निषेध कानूनों के मद्देनजर लगातार छापेमारी किया जा रहा है। वही तस्कर को गिरफ्तार कर चैनपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मे मेडिकल जांच करा कर भभुआं न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 40 पीस टेट्रा पैक देसी शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार भेजा गया जेल



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर, कैमूर।** भभुआं थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के अखनी जांच चौकी के पास से एक शराब धन्धेंबाज को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर के पास से 40 पीस ब्लू देसी शराब बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार धन्धेंबाज कुंढनी थाना क्षेत्र के परसिया गांव निवासी जयप्रकाश सिंह का पुत्र अजीत कुमार है। गिरफ्तार धन्धेंबाज को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है।

### महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मोहनियां(कैमुर)।** सोलह श्रृंगार से सजी महिलाएं और चांद के दीदार का इंतजार कर करवा चौथ की शाम महिलाओं की ऐसी ही बीती, रात 8.30 बजे के बाद चांद दिखा तो,चलनी से चांद और फिर पति का दीदार किया गया।पति के दीर्घायु के पर्व करवा चौथ पर महिलाओं ने दिनभर निर्जल उपवास किया। शाम को मंदिर और ब्राह्मणों को घर बुला करवाचौथ की कथा सुनी।रात को चांद दिखा,तो पूजा कर उपवास खोला। सारगी (अलग अलग व्यंजन) के साथ सास ने बहु को या जेठानी ने देवरानी को देकर सुहागिनों ने पौराणिक मान्यता के अनुसार करवा चौथ व्रत की शुरूआत की।शाम को चांद और पति का चेहरा देखकर महिलाओं ने व्रत खोला।मोहनियां शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने बुधवार को करवा चौथ का पर्व मनाया। अपने पति की लंबी उम्र की कामना से महिलाओं ने दिनभर निर्जला निराहार रहकर व्रत किया।रात को चांद निकलने पर पूजन कर व्रत खोला।करवा चौथ को लेकर शहर के बाजारों में भी मंगलवार को खासी भीड़ रही। शहर सहित क्षेत्र में करवा चौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह रहा।हिंदू धर्म में दीपावली से पहले आने वाले इस त्यौहार करवा चौथ का विशेष महत्व है।मंगलवार को महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत किया।सुबह सुहागिनों को घर की बड़ी महिलाओं ने सारगी देकर करवा चौथ का व्रत शुरू करवाया। महिलाओं ने दिनभर बिना जल अन्न ग्रहण किए व्रत रखा। महिलाएं सज-धजकर, सोलह श्रृंगार कर चौथ माता की पूजा पाठ करने के बाद पारण किया।

**सफलता** 67 वीं बीपीएससी परीक्षा में 1705 रैंक लाकर गांव सहित प्रखंड क्षेत्र और जिले में अपना और अपने परिवार का नाम रौशन कर दिया

# आशा कार्यकर्ता की बेटी ने किया कमाल बनी अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)।** बिहार लोक सेवा आयोग के 67 वीं परीक्षा में प्रखंड के बसुहारी गांव के गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाली बेटी को मीली बड़ी सफलता। जो बसूहारी गांव के मुसाफिर राम की बेटी रेखा कुमारी बताई जाती है। जिसने 67 वीं बीपीएससी परीक्षा में 1705 रैंक लाकर अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी बन कर गांव सहित प्रखंड क्षेत्र और जिले में अपना और अपने परिवार का नाम रौशन कर दिया है। इस सफलता से रेखा के परिवार,गांव ,क्षेत्र और रिश्तेदारों में खुशी की माहौल है। परिवार के साथ सभी लोग रेखा के घर पर पहुंच कर मिठाई खिलाते हुए बधाई दे रहे है।

पिता मजदूर तो माता आशा कार्यकर्ता जिनकी बेटी 67 वीं बीपीएससी में 1705 रैंक प्राप्त कर अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी बनी। 25 वर्षीय रेखा कुमारी ने बताया कि उसके पिता मुसाफिर राम मजदूर और माता आशा देवी आशा कार्यकर्ता है। जो घर में गृहिणी के साथ अपने गांव में आशा कार्यकर्ता के रूप में कार्य करती है। वह अपने दो भाईयो में बड़ी है। मेरे से छोटे भाई रंजन कुमार 20 साल और उससे छोटा प्रिंस कुमार 18 साल का है। पटना में रहकर रंजन बीपीएससी का तो प्रिंस नीट का तैयारी करता है। मैने भी पटना में रहकर ही बीपीएससी का सेल्फ स्टडी, सोशल मीडिया,यू ट्यूब का सहारा लेकर सफलता प्राप्त की है।रेखा ने बताया प्रारंभिक शिक्षा गांव में बचपन में 1 से 5 तक की पढ़ाई बसुहारी प्राथमिक विद्यालय से की। 6 से मैट्रिक तक नौहट्टा मध्य विद्यालय और हाईस्कूल से की। मैट्रिक 2012 में 62 %, इंटर 2014 में आर्ट्स से भभुआ एसएस महिला कॉलेज से 63 प्रतिशत के साथ, हिंदी साहित्य ऑनर्स विषय से स्नातक और परा स्नातक बीएचयू वाराणसी से 2017 और 2019 में 70 प्रतिशत मार्क्स के पास की। 2019 के बाद पटना बीपीएससी की तैयारी के लिए चली गई।जहां 2020 में दारोगा का परीक्षा पीटी और मेंस क्लियर करने के बाद हाई जंप नहीं हो पाया। जिसमें छंट गई। इसके बाद 2020 में ही बीपीएससी 66 वीं परीक्षा दी। लेकिन पीटी नहीं निकला। फिर जोर शोर से तैयारियों में जुट गई। 2022 में 67 वीं बीपीएससी की परीक्षा दी पीटी और मेंस क्लियर हो। 2023 में इंटरव्यू भी पुरा हो गया।

# दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत औद्योगिक थाना दुर्गावती को पुनः किया गया प्रारंभ




**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता, कैमूर।** जिला के दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत औद्योगिक थाना दुर्गावती (पुलिस पिकेट) को पूनः किया गया प्रारंभ। दिनांक 01/11/2023 को दुर्गावती प्रखंड अंतर्गत छाँव-चाँद मार्ग में स्थित कनोडिया सीमेंट प्लांट के परिसर में, पूर्व से ही निर्मित औद्योगिक थाना दुर्गावती (पुलिस पिकेट) का जो कि महीनों से बंद पड़ा था।जिसे एक बार पुनः कैमूर पुलिस अधीक्षक ललित मोहन शर्मा के निर्देश पर, जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन एवं कनोडिया सीमेंट प्लांट के अधिकारियों की उपस्थिति में, बिहार पुलिस के पाँच जवानों को तैनात कर सेवा प्रारंभ किया गया। दरअसल व्यावसायिक एवं स्थानीय क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिनांक 03/10/2023 को कनोडिया सीमेंट प्लांट में, जिलापदाधिकारी कैमूर सावन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में, व्यवसायियों ने संयुक्त रूप से औद्योगिक थाना क्षेत्र दुर्गावती को पुनः चालू करने की मांग की थी। व्यवसायियों के मांग पर कैमूर जिला पदाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा था, कि जल्दी ही यहाँ की सेवा बहाल कर दी जाएगी। जिसका लाभ औद्योगिक इकाइयों के साथ ही स्थानीय लोगों को भी मिलेगा। कार्यक्रम स्थल पर जिलाप्रशासन के दर्जनों जवानों के साथ साथ सर्किल इंस्पेक्टर मोहनियां रामजी प्रसाद, आरएसएम पुलिस लाइन भभुआं रितेश कुमार सिंह, थानाध्यक्ष दुर्गावती राजीव रंजन सिंह तथा कनोडिया सीमेंट प्लांट के प्रबंधक अरुणेश उपाध्याय, शुभम मणि त्रिपाठी एवं विशाल सिंह मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### जमीनी विवाद में तनाव को देखते हुए नायब तहसीलदार ने दोनो पक्षों के साथ की बैठक ,दिए निर्देश



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के मलेठी गांव में बीते मंगलवार को सुबह 11बजे सार्वजनिक रास्ता एक पक्ष द्वारा अवरुद करने के मामले में प्रधान समेत बुजुर्ग महिला की पिटाई के बाद थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच शांति व्यवस्था कायम कराते ही शिकायत कर्ता सहित पांच लोगो पर केस दर्ज किया था।जिसमे आज सदर नायब तहसीलदार राहुल सिंह,एस ओ अशोक मिश्रा ने दोनो पक्षों को बीच समझौता कराया को चार फुट का रास्ता सार्वजनिक रूप से छोड़े जिसमे कोई भी आ जा सकेगा। तथा द्वितीय पक्ष अपना निर्माण करेगा।थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया कि नायब तहसीलदार के मौजूदगी में दोनो पक्षों के जमीनी विवाद में समझौता कराया गया।

### पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला करवा चौथ का व्रत




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** करवा चौथ का त्यौहार ग्रामीण एरिया में धूमधाम से मनाया जा रहा है करवा चौथ के तमाम सामग्रियों की दुकान बाजारों में सजी रही। दुल्लहपुर ,जखनिया ,शादियाबाद, बहरियाबाद, सादात, नंदगंज गाजीपुर, सैदपुर के बाजारों में भी आज देर शाम तक बढ़ती महिलाएं की भीड़ खरीदारी करते हुए दिखी। पंचांग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का त्योहार मनाया जाता है। हिंदू धर्म में करवा चौथ का विशेष महत्व होता है। करवा चौथ पति-पत्नी के आपसी प्रेम और समर्पण का महापर्व माना जाता है। करवा चौथ पर सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु, सौभाग्य, समृद्धि और सुखी जीवन की कामना के लिए दिनभर निर्जला व्रत रखती हैं। इस दिन सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार करती हैं और शाम को चांद के दर्शन करते हुए अर्घ्य देकर व्रत खोलती हैं। इस बार करवा चौथ का महापर्व 01 नवंबर2023, दिन बुधवार को 8:10 मिनट पर चंद्रोदय होने पर महिलाए अपना व्रत पूरा की और चलनी के द्वारा अपने पति का दर्शन कर के व्रत पूर्ण की। इसके बाद पति के हाथो से जल ग्रहण कर व्रत तोड़ी

### दो पक्षों में माहौल बिगड़ने को लेकर एसडीएम, सी. ओ .ने दिया निर्देश



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लापुर गाजीपुर।** दुल्लापुर थाना क्षेत्र के जलालाबाद गांव मे छः फिट के रास्ता में लोली यादव द्वारा मकान के पीछे से दरवाजा खोलने का पीछे रहे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने विरोध किया।जिसमे 31अक्टूबर को शांति व्यवस्था बिगड़ने से पहले एस ओ अशोक मिश्रा ने दोनो वर्ग के लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया जिसमे आज शाम उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह,सी ओ शेखर सेंगर,थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने पहुंचकर आधे घंटे मौका मुआयना देखने के बाद छः फुट के गली में दरवाजा खोलने से रास्ता अवरूद होगी इस सिलसिले पर एसडीएम ने दरवाजा न खोलने को निर्देश दिए।उन्होंने कहा पूर्व में आगे से निकास है तो वर्तमान में पीछे दरवाजा खोलने का कोई औचित्य नहीं है।

### गाजीपुर के अभिमन्यु यादव, असिस्टेंट कमांडेंट को केंद्रीय गृहमंत्री विशेष ऑपरेशन पदक 2023 से नवाजा गया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** गाजीपुर का शक्करपुर गांव के रहने वाले अभिमन्यु यादव वर्तमान में झारखंड में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन में तैनात है। कोबरा बटालियन सीआरपीएफ का एक कमांडो बटालियन है जो अपने नक्सल विरोधी अभियान के लिए जानी जाती है। अभिमन्यु यादव, असिस्टेंट कमांडेंट, ने कोबरा बटालियन में रहते हुए नक्सलियों के खिलाफ एक विशेष अभियान को लीड किया जिसमे नक्सलियों के साथ भीषण मुठभेड़ हुई जिसके फलस्वरूप एक इनामी नक्सली मारा गया था लगभग दर्जन भर नक्सली पकड़े गए थे। इस अभियान में बहुत ज्यादा मात्रा में हथियार और गोला बारूद पकड़ा गया था। हथियारों में एलएमजी जैसे घातक स्वचलित हथार भी थे। इस अभियान के फलस्वरूप झारखंड के लातेहार तथा लोहरदगा जिला लगभग नक्सल मुक्त हो गया। अभिमन्यु यादव, असिस्टेंट कमांडेंट, की नेतृत्व क्षमता तथा बहादुरी के लिए भारत सरकार के गृह मंत्री द्वारा इस विशेष पदक को दिए जाने की घोषणा ३१ अक्टूबर २०२३ को किया गया है। अभिमन्यु यादव, असिस्टेंट कमांडेंट ने गाजीपुर जिले का नाम रोशन किया है।

# संस्थापक सचिव/प्रबंधक जन्मशताब्दी वर्ष समारोह पर प्रमाण-पत्र वितरित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** बुधवार को पी० जी० कॉलेज में संस्थापक सचिव /प्रबंधक जनशताब्दी समारोह धूमधाम से मनाया गया। परिसर में स्थापित कर्मयोगी बाबू राजेश्वर प्रसाद सिंह की मूर्ति का माल्यार्पण प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय एवं चीफ प्रॉक्टर प्रोफे० (डॉ०) एस० डी० सिंह परिहार ने संयुक्त रूप से किया। वहीं संस्थापक सचिव /प्रबंधक के 100 वें जन्म जयंती पर वर्ष भर चले विभिन्न एकेडमिक कार्यक्रमों में विजयी छात्र-छात्राओं को प्राचार्य द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। पी० जी० कॉलेज और अविष्कार फाउंडेशन की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित किया गया यूथ एंटरप्रेन्योर प्रोग्राम 2023 में कॉमर्स विभाग की पांच छात्रों को पुरस्कृत करने के लिए चयनित किया गया है। इनमें तान्या, मुस्कान, शिवानी, सौम्या, आनन्दी शामिल है। छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य ने मुखातिब होते हुए बताया कि एकेडमिक जीवन में छात्र-छात्राओं को महज किताबों तक सीमित नहीं रहना चाहिए। व्यक्तित्व के विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में समय-समय पर हिस्सा लेते रहना चाहिए। विगत दिनों आविष्कार फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम से युवाओं को अपने विचारों के अभिव्यक्ति का एक मंच मिला है, जो की सराहनीय है। आगे भी महाविद्यालय में विभिन्न विभागों की ओर से अलग-अलग अकादमिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। संस्थापक सचिव बाबू राजेश्वर प्रसाद सिंह की एक सौ वीं जन्म जयंती समारोह में बोलते हुए प्राचार्य प्रोफे० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि सही मायने में वह कर्मयोगी थे। उन्हें लहुरी काशी का मालवीय भी कहा जाता है। वह शिक्षा के महत्व को बखूबी जानते थे। उन्हीं के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पी० जी० कॉलेज, वर्तमान नेहरू स्टेडियम एवं राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज की स्थापना हुई थी। आदर्श इंटर कॉलेज, कृषि विज्ञान केंद्र और तकनीकी शिक्षा एवं शोध संस्थान की स्थापना में भी उन्हीं का हाथ था। शिक्षा से ही बेहतर समाज की परिकल्पना चरितार्थ हो सकती है बेहतर समाज से ही बेहतर राष्ट्र की परिकल्पना सिद्ध होना सम्भव है। कार्यक्रम के दौरान प्रोफे० (डॉ०) एस० एन० सिंह, डॉ० रामदुलारे, डॉ० मनोज मिश्रा, डॉ० संतोष कुमार सिंह, डॉ० धर्मेन्द्र, श्री प्रदीप रंजन, डॉ० पी० के० सिंह सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## मंडल महिला कल्याण संगठन ने चलाया महिला स्वास्थ्य स्वच्छता अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** महिलाओं के स्वास्थ्य सेवा और मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता की दिशा में सहयोग हेतु पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के मंडल महिला कल्याण संगठन वाराणसी की अध्यक्षा श्रीमती मोनिका सक्सेना के निर्देशन में मंडल महिला कल्याण संगठन के कार्यकारिणी की सदस्याओं द्वारा आज 01 नवम्बर,2023 को मंडलीय रेलवे चिकित्सालय अस्पताल,वाराणसी पर समाजसेवी संस्था 'दस्तक' के सौजन्य से निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया गया । यह सैनिटरी पैड पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल महिला कल्याण संगठन के तत्वावधान में मंडल चिकित्सालय अस्पताल में भर्ती महिलाओं एवं बच्चियों को निःशुल्क वितरित किया गया । इस दौरान नव युवतियों को मासिक धर्म एवं मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी भी दी गई एवं इस दौरान लापरवाही से होने वाली संक्रामक बिमारियों एवं उनसे उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी डी गयी । मंडल महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं ने बताया कि मासिक चक्र के दौरान खुद को स्वच्छ रखकर गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है । उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान गंदे कपड़े का प्रयोग करने से गंभीर बीमारी भी हो सकती है। जिससे हमेशा संक्रमण का खतरा बना रहता है।इस पैड वितरण अभियान में श्रीमती प्रतिमा जयसवाल(सचिव/मंडल महिला कल्याण संगठन), श्रीमती पूजा सिंह (कोषा अध्यक्ष/ मंडल महिला कल्याण संगठन), श्रीमती नम्रता सिंह, श्रीमती शालिनी पांडेय, शिवानी श्रीवास्तव, मौसमी,एवं मंडल महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं ने उक्त महिलाओं को महिला जन्य बीमारी उपचार एवं इसमें सैनिटरी पैड की उपयोगिता के बारे में बताया गया है ।

## यादव महासभा गाजीपुर के सदस्यों ने प्रेमचंद यादव के परिवार के साथ दुःख व्यक्त किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर।** यादव महासभा गाजीपुर की ब्लाक सादात की टीम ने अग्रणीय भूमिका निभाकर बहुत बड़ा सन्देश समाज मे दिया सादात ब्लॉक की जनता ने प्रधान , पूर्व प्रधान और समाज के नेता गण से मिलकर सहयोग राशि इकठा किया ये जानकारी यादव महासभा के जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ने दी और बताया कि गाजीपुर से देवरिया स्वर्गीय प्रेमचंद यादव जी के घर समाज के 31 सदस्यों का प्रतिनिधि मंडल गया जिनमे से यादव महासभा गाजीपुर के जिला सँरक्षक श्री रामनगीना यादव, जिला महासचिव श्री रमेश यादव , जिला महासचिव श्रीमति चन्दा यादव , पूर्व प्रधान मिर्जापुर श्री किशोर यादव , सपा नेता श्री मार्कण्डेय यादव ,विधानसभा प्रभारी सैदपुर श्री छोटे लाल यादव , पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनिहारी श्री ओमप्रकाश यादव पूर्व प्रधान शिकारपुर श्री वीरेंद्र यादव , देवकली ब्लाक अध्यक्ष व पूर्व प्रधान तुरना श्री राम अवध यादव , माहपुर प्रधान श्री पप्पू यादव , सादत ब्लॉक कोषाध्यक्ष श्री रमेश यादव , मीरपुर प्रधान श्री कैलाश यादव , मुर्की पूर्व बीडीसी श्री संतोष यादव , मुबारकपुर पूर्व बीडीसी श्री राजेंद्र यादव ,श्री राजू सिंह यादव , पहाड़पुर खुर्द प्रधान श्री अनिल सिंह यादव , सपा नेता श्री वंशराज यादव , वृन्दाबन प्रधान श्री गुड्डू यादव , चैनपुर श्री राम निवास , प्रबंधक श्री दीवाकर यादव ,भीमापार प्रधान श्री सर्वेश यादव , मुबारकपुर हरतरा प्रधान श्री परमेश यादव , आदमपुर छपरा प्रधान श्री सर्वजीत यादव उर्फ भंगा , एकरा प्रधान व ब्लॉक सादत महासचिव श्री मनोज यादव , बैरक श्री हवलदार यादव ,उकराव प्रधान श्री राम लाल यादव , पूर्व बीडीसी श्री सिंहासन यादव , जिला कार्यालय प्रभारी श्री अजय यादव उर्फ पुस्सू , पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री राजेंद्र यादव आदि लोग थे।

# दैनिक जागरण ने एक्सीलेंस इन प्रोफेशनल एजुकेशन अवार्ड से डा. मोहम्मद आजम कादरी को किया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** शम्मे गौसिया ग्रुप आफ मेडिकल कालेजेज सहेड़ी गाजीपुर के संस्थापक चेयरमैन डा. मोहम्मद आजम कादरी को देश के सबसे प्रतिष्ठित समाचार पत्र दैनिक जागरण ने एक्सीलेंस इन प्रोफेशनल एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया है। डा. मोहम्मद आजम कादरी ने 1992 में शम्मे गौसिया माइनॉरिटी आयुर्वेदिक एवं यूनानी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल की स्थापना की थी। तबसे लेकर आजतक लगातार 31 वर्षों तक डा. आजम कादरी ने अथक परिश्रम के बल पर जिले में आयुर्वेदिक और यूनानी पद्धति से मेडिकल की पढ़ाई का अलख जलाये रखा। जिससे गाजीपुर का नाम पूरे देश में रोशन हुआ। अवार्ड मिलने पर डा. मोहम्मद आजम कादरी ने बताया कि उप्र मुस्लिम शिक्षा विकास कल्याण सेवा समिति,सहेड़ी,गाजीपुर के तत्वावधान में इस मेडिकल कालेज की स्थापना हुई थी सोसायटी का मुख्य उद्देश्य आयुर्वेदिक एंड यूनानी चिकित्सा प्रणाली द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता और देखभाल को बढ़ावा देना है, क्योंकि ये चिकित्सा की प्राचीन प्रणालियाँ हैं जो पश्चिमी चिकित्सा प्रणाली की तुलना में सस्ती और अधिक प्रभावी हैं। एसजीएम आयुर्वेदिक एंड यूनानी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल द्वारा बैचलर डिग्री पाठ्यक्रम केंद्रीय भारतीय चिकित्सा परिषद, नई दिल्ली (सीसीआईएम) द्वारा मान्यता प्राप्त है। यूपी की आयुर्वेदिक और यूनानी जैसी भारतीय चिकित्सा पद्धति की उत्पत्ति मुख्य रूप से ग़ाज़ीपुर में हुई थी। हमारे प्राचीन ऐतिहासिक ज्ञान के अनुसार भगवान विश्वामित्र का जन्म स्थान ग़ाज़ीपुर शहर में चीतनाथ घाट पर हुआ था। भारतीय चिकित्सा पद्धति की तरह आयुर्वेद का मूल स्वामी विश्वामित्र और उनके सहयोगी भगवान शुश्रुत से संबंधित है/ इसलिए, इस प्राचीन इतिहास के आधार पर आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा विज्ञान शिक्षण और प्रशिक्षण इकाई की स्थापना और संगठन का हमारा मुख्य उद्देश्य है। आयुर्वेदिक और यूनानी में पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री के बाद नर्सिंग क्षेत्रों में बीएससी नर्सिंग, जीएनएम, एएनएम, बीफार्मा, डीफार्मा आदि मेडिकल एजुकेशन की शिक्षाएं संस्थान द्वारा दी जाती है।

### ट्रक की चपेट में आते आते एक मोटरसाईकिल सवार बाल बाल बचे



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र के बिन्द मोड के पास बुधवार की दोपहर करीब 3:30 बजे ट्रक की चपेट में आते आते एक मोटरसाईकिल सवार बाल बाल बच गया। युवक को गंभीर चोटे आई। जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मिर्चा निवासी लाल बहादुर(22) मोटर साइकिल सवार कालनपुर से अपनी बहन को मिर्चा गांव छोड़ कर वापस जमानिया नगर के युनियन बैंक जा रहा था। इसी बीच बिन्द मोड़ के पास गाजीपुर से सैय्यदराजा की ओर जा रही ट्रक में मोटरसाइकिल सवार ने धक्का मार दिया और सड़क पर गिर गया। आस पास के लोगों ने ट्रक को रोकवा कर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करया। वही ट्रक को खड़ा कर कर ड्राईवर को थाने में बैठा कर पुछताछ में जुट गए। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र सिंह ने बताया कि बिन्द मोड़ की ओर से मोटरसाइकिल सवार जमानिया की ओर आ रहा था। ट्रक के साथ टक्कर हुई है। घायल का इलाज कराया जा रहा है। ट्रक के चालक से पुछताछ की जा रही है। तहरीर प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डरों की सुविधा अनुमन्य होगी




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप ने बताया है कि प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर रिफिल दिये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम चरण माह नवम्बर, 2023 दिसम्बर, 2023 तथा द्वितीय चरण में जनवरी, 2024 से मार्च, 2024 तक निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने की स्वीकृति निम्न शर्तो के अधीन दी गयी है:- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थी को ही निःशुल्क सिलेण्डर वितरित किया जाना है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के ऐसे ए0सी0टी0सी0 लाभार्थी जिनके बैक खाते आधार लिंक होगे तथा जिनके आधार प्रमाणित होगे, वही उक्त योजना हेतु पात्र होगे। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत निर्गत होने वाले डी0बी0सी0 (लाभार्थी को दिये गये दूसरे सिलेण्डर कनेक्शन) पर लागू नहीं होगी। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत मात्र 14.2 किग्रा0 के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डरों की सुविधा अनुमन्य होगी। इस योजना के अन्तर्गत सर्वप्रथम उपभोक्ता अपने स्तर से उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर रिफिल प्राप्त करेगा, जिसके उपरान्त सब्सिडी की धनराशि उसके आधार प्रमाणित खाते में तेल वितरण कम्पनी द्वारा अंतरित की जायेगी। ऑयल कम्पनियों द्वारा केन्द्रीय सब्सिडी तथा राज्य द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी का अन्तरण लाभार्थियों के खाते में पृथक-पृथक किया जायेगा। इस योजना के अन्तर्गत ए0सी0टी0सी0 के लाभार्थियों जिनका आधार बैक खाते से सत्यापित/प्रमाणित होकर लिंक है। सर्वप्रथम उन्ही लाभार्थियों को इस योजना का लाभ दिया जाना है। उन्होने जनपद के उज्वला योजना के लाभार्थियों को सूचित किया है कि जिनका आधार कार्ड उनके बैक खाते से सत्यापित न हो और बैक खाता आधार लिंक न हो ऐसे लाभार्थी सम्बन्धित गैस एजेन्सी एवं बैक से सम्पर्क स्थापित कर तत्काल अपना आधार बैक जाकर सत्यापित करा ले और अपने आधार को अपने बैक खाते से जोड़वा/लिंक करा ले, जिससे उज्ज्वला योजना के निःशुल्क गैस रिफिल का लाभ उन्हे आसानी से मिल सके और वे इस योजना से लाभान्वित हो सके।

### आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, जमानिया।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्यमुक्त किये जाने के खिलाफ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा और दो माह का मानदेय व 16 माह का ई.पी.एफ दिलाये जाने की मांग की है। नगर पालिका परिषद द्वारा कार्यमुक्त किये गए आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोगों नगर पालिका परिषद में 9 वर्षो से कार्यरत थे। हम लोग को राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित होकर बिना कारण बताये कार्यमुक्त कर दिया गया है। साथ ही सेवा अवधि का दो माह का मानदेय एवं 16 माह का ईपीएफ भी नहीं दिया गया है। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि प्रकरण की जांच कर निष्कासित किए गए सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को सेवा में वापस लेते हुए सेवा अवधि का दो माह का बकाया मानदेय व 16 महीने का ई.पी.एफ का भुगतान किया जाए। जिसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक उपजिलाधिकारी डॉ हर्षिता तिवारी को सौंपा। एसडीएम ने आश्वासन दिया कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और बकाया धनराशि जल्द दिलाया जाएगा। इस अवसर पर मुन्ना गुप्ता, मु. यूसुफ, फिरोज अहमद मोतीलाल राम, मृत्युंजय यादव, नूर आलम, सेराज हसन, जमेस, राजकुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

बैठक | सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी में बाहरी नहीं केवल कार्यकर्ता ही लड़ेंगे चुनाव

## पूर्वांचल राज्य के गठन से ही होगा सबका विकास : महेंद्र राजभर



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के जिला पदाधिकारियों की जनपद मुख्यालय स्थित गैलेक्सी मैरेज हाल में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर ने एक बूथ दस यूथ खड़ा करते हुए संगठन को मजबूत करने का नारा दिया वहीं आगामी 10 नवंबर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित बैठक में सभी पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील भी किया। अपने संबोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर ने कहा कि जब तक पूर्वांचल राज्य का सृजन नहीं किया जाएगा तब तक सबका साथ और सबका विकास का नारा अधूरा रहेगा, यदि उत्तर प्रदेश सरकार वास्तव में समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना चाहती है तो सर्वप्रथम पूर्वांचल को राज्य का दर्जा देना होगा तभी पूर्वांचल के लोगों का सर्वांगीण विकास संभव है। श्री राजभर जिला, विधानसभा एवं ब्लाक के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे । उन्होने कहा कि समाज के हर वर्ग का विश्वास सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी पर बढा है। आवश्यकता इस बात की है कि हम सभी पदाधिकारी गांव-गांव चौपाल लगाकर लोगों को पार्टी के मिशन को समझाएं और उन्हें पार्टी से जोड़ते हुए समाज हित में पार्टी को मजबूती प्रदान करें। श्री राजभर ने कहा कि आगामी 10 नवंबर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक बैठक आहूत की गई है जिसमें राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडल ,जनपद, विधानसभा स्तर एवं ब्लॉक अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना है। इस बैठक में प्रमुख पदाधिकारियों के साथ बातचीत करके पार्टी की अगली दिशा को तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने समाज के हक और हुकुक के लिए एकजूट होकर आगे बढ़ने की जरूरत है और राजनीति में भी उचित भागीदारी प्राप्त करने के लिए अपनी ताकत दिखाने की जरूरत है। श्री राजभर ने कहा कि समाज में चौपाल लगाकर पार्टी के मिशन को समझाना होगा और समाज के लोगों से ही चंदा लेकर समाज हित में कार्य करना होगा । यदि आप सभी लोग इसी तरह से पूरे समर्पण और मनोयोग से पार्टी संगठन का कार्य करेंगे तो आने वाले दिनों में सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी अपने समाज के एक दर्जन कार्यकर्ताओं को सदन में पहुंचाने में सफल हो सकेगी। उन्होंने कहा कि अपने बीच के कार्यकर्ताओं के सदन में पहुंचते ही दबे, कुचले, शोषित, वंचित,पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक वर्ग की लड़ाई मजबूती से लड़ी जा सकेगी और सबको उनका हिस्सा मिल सकेगा। बैठक में प्रमुख रूप से युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द राजभर, रामशरण राजभर, जयहिन्द यादव,गुल्लू राजभर, सतीश यादव, बिरजू राजभर, सत्येन्द्र कुमार गौतम, रामजीत राजभर, भीम कुमार भारती,गोविंद राजभर, योगेश राजभर,अकबर अली,रविशंकर राजभर,उपेन्द्र यादव,कमलेश कुमार भारती, विशाल यादव, गुलाब राजभर,छोटेलाल यादव, सुनील पासवान, रामानंद राजभर सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# सबका साथ सबका विकास के प्रदर्शनी का भाजपा जिला अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर।** प्रदेश सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा ''सब का साथ, सब का विकास'' विषयक उत्तर प्रदेश सरकार की तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी दिनांक 01 नवम्बर, 2023 से 03 नवम्बर, 2023 तक क्षेत्रिय ग्राम्य विकास संस्थान(आर0टी0आई0) परिसर में लगायी गयी है जिसका शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने फिता काटकर किया एवं प्रर्दशनी का अवलोकन किया । भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अमूल परिवर्तन हुआ है। उन सारे परिवर्तन को प्रदर्शनी के माध्यम से एक - एक योजनाओं को प्रदर्शीत किया गया है। निश्चित रूप से यह प्रदर्शनी जनपद के लोगो के लिए जनकल्याणकारी होगी उन्होंने जनपद के नागरिको से अपिल किया कि इस प्रदर्शनी को देखे जिससे कि योजनाओं के बारे में जानकारी हो एवं अधिक से अधिक लोग लाभ उठा सके । कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा लागू कि गयी योजनाओ का सूचना विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाई गयी है। इस प्रदर्शनी में उन सभी योजनाओं को प्रदर्शीत किया गया है जो सरकार द्वारा चलाई गई हैं उन्होंने आम जनमानस से अपील किया कि ये प्रदर्शनी आकर देखे उन्होंने ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ आमजनमानस लोग उठा सके । भाजपा जिलाध्यक्ष एवं मुख्य विकास अधिकारी ने प्रदर्शनी में भ्रमण कर केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं, मुफ्त वैक्सीनेशन, मिशन रोजगार के तहत युवाओं को नौकरी, एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, मिशन रोजगार, मिशन शक्ति, ओडीओपी आदि के चित्रों का अवलोकन किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी एन0आर0एल0एम0, जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार एवं प्रिंट/इलेक्ट्रोनिक मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

## ख़ास ख़बर

### अज्ञात चोरों ने 16 बकरे लेकर फरार

**संवाददाता मो0 अबु बकर, रूदौली अयोध्या।** कोतवाली रुदौली क्षेत्र के हलीमनगर गांव में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बकरा व बकरियां मिला कर 16 जोड़ी लादकर फरार हो गए प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की भोर सुबह लगभग तीन बजे रात्रि में ताला तोड़कर 16 जोड़ी बकरा व बकरियां वाहन में लादकर फरार हुए हलीमनगर निवासी पीड़ित व्यक्ति मो0 शमीम उर्फ लाले पुत्र फकीर मोहम्मद नेबताया कि सुबह देखा कि ताला टूटा हुआ है। सभी बकरा व बकरियां गायब रही जिसकी सूचना पुलिस चौकी शुजागंज में दिया गया है। चौकी इंचार्ज विनय यादव ने बताया कि जानकारी मिली हैं। चोरों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। चोरों को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### संतान प्राप्ति न होने पर झाड़ फूंक करने वाले बाबा के जाल में फंसे कर 22माह के बच्चे की हत्या

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** जनपद गोंण्डा केथाना खोड़ारे क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम केशवनगरग्रांट की एक 22 माह की बच्ची के गुम होने की सूचना पर अभियोग पंजीकृत हुआ था। दिनांक 18.10.2023 को उक्त बच्ची का शव गन्ने के खेत के किनारे चकरोड के पास मिला,जिस पर पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा जल्द से जल्द घटना का अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमे गठित कर प्र0नि0 खोड़ारे को निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना खोड़ारे पुलिस द्वारा पतारसी-सुरागरसी कर घटना कारित करने वाले 04 नफर अभियुक्तगण 01. प्रियंका उर्फ प्रीति 02. महंगी 03. जोखना 04. अलगू को गिरफ्तार कर लिया गया।

### गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 15 नवम्बर तक आवेदन करें

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** गोण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु जनपद के पात्र व्यक्तियों से 15 नवम्बर तक चार प्रतियों में आवेदन मांगा गया है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा इस पुरस्कार के लिए सभी मापदंडों को पूरा करने वाले पात्र महानुभावों से न्यूनतम एक-एक प्रस्ताव तथा उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों का तथ्यात्मक विवरण एवं अभिलेखीय साक्ष्य निर्धारित प्रारूप में संस्तुति सहित उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 5 जनवरी पर गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है जिसके अन्तर्गत चयनित व्यक्ति को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिये जाने की व्यवस्था है।

### जनपद के गन्ना किसानों को मिला दीपावली का तोहफा

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** गोंण्डा जनपद के गन्ना किसानों को दीपावली का बड़ा तोहफा दिया गया है। बजाज चीनी मिल कुन्दरखी ने बकाया गन्ना मूल्य में से एकमुश्त 82 करोड़ रुपये का भुगतान किसानों को कर दिया है। यह पैसा सीधे कृषकों के खातों में भेज दिया गया है। जनपद के जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि चीनी मिल की ओर से 74 प्रतिशत भुगतान पूर्ण कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभी तक यह भुगतान जनवरी तक होता था लेकिन, इस बार दीपावली से पहले ही करा लिया गया है। बजाज चीनी मिल कुन्दरखी के यूनिट हेड पीएन सिंह ने बताया कि यह भुगतान पिछले पेराई सत्र में जनवरी 2023 तक की खरीद किए गए गन्ना का है। इस प्रकार अब पिछले सत्र का कुल 225 करोड़ में से 166 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है। इसके बाद मात्र 59 करोड़ रुपये का भुगतान शेष बचा है जो आगामी दिसम्बर 2023 के दूसरे सप्ताह में पूरा कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि उसके पश्चात वर्तमान नये पेराई सत्र का भुगतान प्रारम्भ कर दिया जाएगा।

### अयोध्या की आध्यात्मिकता की छवि दिखेगी भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन में : लल्लू सिंह



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** जनपद के भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन की सौर्न्दयीकरण किया जाएगा। जिसके लिए 12 करोड की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। स्टेशन के नई बिल्डिंग 244 स्क्वायर मीटर में बनेगी। सौर्न्दयी करण के साथ-साथ स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विकास किया जाएगा। चारपहिया व दोपहिया वाहनों हेतु पार्किंग की सुविधा, सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी, रैन हारवेटिंग सिस्टम, यात्रियों की सुविधा हेतु नए डिस्प्ले बोर्ड, दिव्यांग जनो के लिए आवगमन जैसी सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार अयोध्या तथा परिक्षेत्र में अवागमन के बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। भरत जी की तपोस्थली तथा धर्मिक स्थल भरतकुण्ड है। देश भर से श्रृद्धालु यहां दर्शन हेतु आते है। रेलवे द्वारा बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु यहां के स्टेशनों का सौर्न्दयीकरण का कार्य किया जा रहा है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात् अयोध्या में आने वाले श्रृद्धालुओं की संख्या काफी बढ़ जाएगी। जिसे देखते हुए अयोध्या के आस-पास के रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन के सौर्न्दयीकरण में अयोध्या की आध्यात्मिकता व राम मंदिर निमार्ण शिल्पशैली की छवि दिखाई देगी।

# जैविक किसान मेला व किसान गोष्ठी का हुआ आयोजन



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** गोण्डा,परंपरागत कृषि विकास योजनान्तर्गत बुधवार को वेंकटाचार्य क्लब में किसान मेला एवं किसान गोष्ठी आयोजित की गई । कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन सीडीओ एम अरुन्मौली द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि ने किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया । उन्होंने मोटे अनाजों को मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाजों के सेवन से हमारा शरीर स्वस्थ्य रहता है। उन्होंने घरेलू कचरे से कम्पोस्ट खाद बनाकर खेती में प्रयोग करने का आह्वान किया। उप कृषि निदेशक प्रेम ठाकुर ने जनपद में की जा रही जैविक खेती की जानकारी दी । उन्होंने बताया कि जैविक खेती में रसायनों का प्रयोग कदापि नहीं किया जाता है । इससे हमारा स्वास्थ्य तथा पर्यावरण सुरक्षित रहता है । उन्होंने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आवाहन किया ।जिला कृषि अधिकारी जगदीश प्रसाद यादव ने फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसलों के बीजों व अन्य निवेशों में देय अनुदान की जानकारी दी । डॉ रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर ने जैविक खेती के अंतर्गत जैव उर्वरकों का प्रयोग एवं महत्व, हरी खाद उत्पादन तकनीक, दलहनी फसलों की खेती, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई आदि की जानकारी दी । मिथिलेश झा वैज्ञानिक कृषि अभियंत्रण लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र ने बताया कि एक देशी गाय से 30 एकड़ खेती की जा सकती है । फसलों में बीजामृत, जीवामृत, ब्रह्मास्त्र,नीमास्त्र आदि का प्रयोग कर गुणवत्तायुक्त अच्छी उपज प्राप्त की जा सकती है । कृषि रसायनों के प्रयोग की कोई जरूरत भी नहीं पड़ती है । डॉ. डीके सिंह मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक इफको ने नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, सागरिका, एनपीके कंसोर्टियम आदि के प्रयोग एवं महत्व की जानकारी दी । रविशंकर सिंह संचालक कृषक उत्पादक संगठन ने मोटे अनाजों की जैविक खेती को बहुत लाभकारी बताया । उन्होंने बताया कि मोटे अनाज रागी में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा पाई जाती है । इसका प्रयोग सुपर बेबी फूड के रूप में किया जाता है । उमा सिंह साहित्यकार ने अदम गोंडवी को याद करते हुए जिक्र किया कि योजनाओं को किसानों के खेत पर क्रियान्वित किया जाये। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को अपराजिता का पौधा भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया । आरपीएन सिंह कृषि विभाग ने मंच का संचालन किया । राम बहादुर सिंह संचालक कृषक उत्पादक संगठन, अवध जैविक कृषक उत्पादक संगठन, नमामि गंगे, राजकीय कृषि भंडार, कृषि रक्षा रसायन विभाग, गन्ना विकास विभाग आदि ने प्रदर्शनी लगाकर उन्नत कृषि तकनीक की जानकारी दी । इस अवसर पर शिवशंकर चौधरी उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, पारसराम भूमि संरक्षण अधिकारी, महेश गुप्ता अतिरिक्त जिला कृषि अधिकारी, पुष्पा आदि उपस्थित रहे ।

## दीपोत्सव को लेकर स्वयंसेवकों में उत्साहः कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं प्रदेश राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अयोध्या के प्रान्तीयकृत दीपोत्सव में सहभागिता के लिए राजभवन में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल को राम की पैड़ी पर दीयों को उनकी ओर से प्रज्ज्वलित करने की सामग्री सौपी। अवध विवि प्रशासन राज्यपाल द्वारा दी गई दीपों की सामग्री दीपोत्सव की सहभागिता में शामिल होगी। उत्तर प्रदेश सरकार ने अयोध्या के प्रान्तीयकृत दीपोत्सव को एक वैश्विक पहचान दिलाई है। विश्वभर की निगाहें अयोध्या दीपोत्सव पर लगी रहती है। इसमें आमजन की सहभागिता हो सके इसके लिए प्रतीकात्मक रूप से 100 से 400 मिलीग्राम तक सरसों तेल, बाती व मोमबत्ती के एक पैकेट का जनसहयोग 31 अक्टूबर तक चलाया गया। कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप 11 नवम्बर को होने वाले सातवें दीपोत्सव की तैयारियां विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा लगभग पूरी की जा चुकी है। 21 लाख दीए प्रज्ज्वलित करने के लिए स्वयंसेवकों में उत्साह देखते ही बन रहा है। सातवें दीपोत्सव में छठी बार गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज करेंगे।विवि दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि कुलपति के निर्देश पर दीपोत्सव की तैयारियां तेजी के साथ की जा रही है। 50 प्रतिशत से अधिक वालंटियर्स कार्ड वितरित कर दिया गया है। 05 नवम्बर से वालंटियर्स के लिए टी-शर्ट व कैप विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों, महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों व स्वयंसवी संस्थाओं को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

## यातायात माह का शुभारंभ करते एसएसपी राजकरण नय्यर



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** एक माह तक चलने वाला यातायात माह बुधवार को यातायात नियमों के पालन की शपथ के साथ शुरू हुआ। सभी ने नियमों के पालन की शपथ ली और एसएसपी राजकरन नय्यर ने फीता काटकर माह का आगाज किया। अयोध्या के नयाघाट पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसपी ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर जान और धन हानि को काम किया जा सकता है।उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों तथा समाज के लोगों और चालकों को यातयात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। यातायात पुलिस के अधिकारियों ने निर्धारित स्थान पर ही वाहन पार्क करने, वाहन को निर्धारित लेन में ही चलाने, ओवरटेक से बचने, नो एंट्री का ख़ास ख्याल रखने, सीट बेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग, जरूरी होने पर ही हॉर्न बजाने, वाहन चलाते समय गति पर नियंत्रण रखने, ओवरस्पीड एवं रश ड्राइविंग से बचने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने व नशे की हालत में गाड़ी न चलाने की अपील की। साथ ही सड़क दुर्घटना होने पर घायल की मदद और पुलिस को सूचना और सुरक्षित व सावधानी से वाहन चलाने की अपील की। इस अवसर पर एसपी यातायात राजेंद्र गौतम, एसपी सिटी मधुबन सिंह, सीओ यातायात प्रमोद यादव, निरीक्षक यातायात समेत अन्य मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार घायल



**संवाददाता मो0अबूबकर, रूदौली अयोध्या।** कोतवाली रूदौली क्षेत्र के भेलसर टिकैतनगर मार्ग मुस्काबाद के निकट बाईक सवार को पीछे से आ रहा तेज रफ्तार बालू से लदा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर तेज होने के चलते बाइक पर सवार महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई व एक पुत्र घायल हो गए।सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल युवको को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर में भर्ती कराया तथा मृतका के शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भेज दिया हादसे में लिप्त ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली रूदौली क्षेत्रांतर्गत टिकैतनगर भेलसर मार्ग मुस्काबाद के निकट देर शाम मुह्यूद्दीन पुत्र अब्दुल कय्यूम निवासी खजुरी बाराबंकी बाईक से ले अपनी माता अमीना खातून पत्नी अब्दुल कय्यूम निवासी उपरोक्त को ले घर वापस लौट रहा था।तभी पीछे से आ रहा बालू लदा ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दिया।जिसमें बाइक सवार युवक घायल हो गए व माता की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक विनय यादव चौकी शुजागंज अपनी फोर्स के साथ मौके पर पहुँच घायल युवक को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर में भर्ती कराया तथा मृतका के शव को कब्जे में ले पंचनाम भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।उक्त हादसे के विषय में उपनिरीक्षक ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पहुँच घायल युवक को इलाज के लिए भर्ती कराया गया,मृतका के शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है एवम हादसे में लिप्त ट्रक को कब्जे में लेलिया गया परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### 18 साल के होने वाले हैं तो जुड़वा लें मतदाता सूची में नाम

**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** गोण्डा चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोग वोट डाल सकें इसके लिए निर्वाचन आयोग ने कमर कस ली है। गोण्डा में तैयारी जोर-शोर से चल रही है। जिले भर में 27 अक्टूबर से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। दो महीने तक जिले भर में विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंप्स के माध्यम से नए वोटर जोड़े जाएंगे साथ ही जिले के पुराने वोटर्स के समस्याओं को हल किया जायेगा। अब मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 9 दिसंबर तक छूटे हुए या नए वोटर्स को बीएलओ के द्वारा मतदाताओं का पुनरीक्षण कर जोड़ा जाएगा। इस दौरान दावे और आपत्तियां भी ली जाएंगी व उनका निराकरण भी किया जाएगा। मतदान केंद्रों पर चलेगा विशेष अभियानः- पुनरीक्षण की अवधि में मतदाताओं की सुविधा हेतु आगामी चार व पांच नवम्बर, 25 व 26 नवंबर एवं 2 व 3 दिसम्बर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसमें समस्त पदाभिहित अधिकारी एवं बीएलओ अपने से सम्बन्धित मतदेय स्थलों पर प्रातः दस बजे से सांय चार बजे तक उपस्थित रहकर दावे और आपत्तियां प्राप्त करेगें।. जिला प्रशासन का संकल्प है कि गोंडा जिले के प्रत्येक नागरिक को अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधि को चुनने के लिये वोट देने का समान अधिकार दिया जाए। लोकतंत्र के महापर्व में कोई भी नागरिक वोट न बनने के कारण वंचित नहीं रहना चाहिए। भारत का संविधान सभी व्यस्कों को वोट देने का अधिकार देता है। इसके लिए जरूरी है कि सभी का नाम निर्वाचन नामावलियों में सम्मिलित किया जाए। इसलिए निर्वाचन आयोग की दिशा निर्देशानुसार जनपद में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिले के ऐसे नागरिक जो 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष के हो जाएंगे या हो चुके है और उनका नाम निर्वाचक नामावलियों में सम्मिलित नहीं है ऐसे सभी नागरिक अपना नाम निर्वाचक नामावली में जरूर सम्मिलित करा लें।

### अपनी मांगों को लेकर ई रिक्शा चालकों की हड़ताल करवा

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** चौथ वा दीपावली त्योहारों की धूम मची है वहीं पर अयोध्या में ई-रिक्शा चालकों ने एक जुट होकर अपने वाहनों को अयोध्या में खड़ा कर हड़ताल किया और अपनी मांगों को लेकर जिला प्रशासन से मांग किया है कि जहां एक तरफ अयोध्या को विकास व सौंदर्य करण की ओर ले जाया जा रहा है वहीं ई रिक्शा चालकों की रोजी-रोटी का भी ध्यान रखा जाए महंत पवन तिवारी ने कहा कि इस महंगाई के दौर में अगर ई रिक्शा चालक को अयोध्या में प्रवेश नहीं किया जाएगा तो उनकी रोजी-रोटी पर खास असर पड़ेगा जिससे उन्हें अपनी जीविका चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा सभी ई रिक्शा चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि उनकी रोजी-रोटी को ध्यान में रखते हुए सही निर्णय लेकर पुनः ई रिक्शा को मार्गों पर चलने दिया जाए जिससे परिवार का भरण पोषण करने में आसानी हो सके अगर प्रशासन ई रिक्शा चालकों को प्रवेश नहीं देगा तो वह अपनी गाड़ी किस तरह से चलाएंगे और परिवार का भरण पोषण किस तरह से करेंगे आज इन्हीं मांगों को लेकर अयोध्या के सभी ई रिक्शा चालकों ने हड़ताल कर रखी है।

### बैंक की बकाया धनराशि मांगने पर बैंक कर्मियों के साथ मारपीट करने के 06 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा।** थाना कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के अंतर्गत प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा बालपुर के शाखा प्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक, मुख्य प्रबंधक व वरिष्ठ प्रबंधक द्वारा बैंक शाखा के बकायेदार घनश्याम पुत्र पारसनाथ व गणेश पुत्र घनश्याम निवासी जियापुरवा,सोनहरा के घर बकायेदारी की धनराशि जमा करने के अनुरोध के लिए पहुंचे थे, जहां पर घनश्याम, गणेश, अभिषेक सहित गांव के अज्ञात लोगों द्वारा बैंक कर्मियों के साथ मारपीट व अभद्रता की गई। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक गोंडा श्री अंकित मित्तल द्वारा अभियोग पंजीकृत कर घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज को निर्देशित किया गया था।आदेश के पर थाना को0करनैलगंज पुलिस द्वारा नामजद 6 आरोपी अभियुक्तो 01. अनिल तिवारी 02. गणेश तिवारी, 03. परागदत्त तिवारी, 04. सत्यम तिवारी, 05. मोनू तिवारी, 06. विकास तिवारी निवासीगण जियापुरवा, सोनहरा थाना कोतवाली करनैलगंज, गोंडा को गिरफ्तार कर लिया गया है गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना कोतवाली करनैलगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### आज मंगलावार की शुभ बेला में संत श्री मोहन लाल जी का शुभ आगमन अयोध्या की पावन धरती पर हुआ



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** ॐ शिवालय परिवार के महंत गणेश राय दास जी ने पूज्य साई जी को रामनामी पहनाकर व राम मन्दिर माडल भेट कर स्वागत अभिनंदन किया इस दिव्य अवसर सिंधी की माटी एकत्रीकरण समिति के नव निर्वाचित राष्ट्रीय सयोजक ओम प्रकाश ,ओमी ,जी ने संत नवलराम दरबार व ॐ शिवालय परिवार सहित देशभर के दो सौ प्रभु झूलेलाल मंदिरों की पवित्र माटी पूज्य साई जी के द्वारा श्रीराम जन्मभूमि न्यास समिति के महासचिव चपंतराय जी को दी गई इस अवसर पर श्री चंपत राय जी ने कहा संत नवलराम दरबार व ॐ शिवालय परिवार सहित देशभर के दो सौ प्रभु झूलेलाल मंदिरों की पवित्र माटी श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे राम मंदिर मे समर्पित की जायेगी।

**समाजसेवा** हम मानव हैं और मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता का परिचय देना है

# जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं हैः समाजसेवी अवनीश तिवारी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** युवा समाजसेवी अवनीश तिवारी उर्फ टिक्कू कोरोना के समय से लोगों के बीच जाकर व्यापक पैमाने पर काम किया सैकड़ों गरीब और बेसहारा लोगों के लिए उन्होंने भोजन-पानी का इंतजाम किया । अवनीश तिवारी टिक्कू ने कहा कि हम मानव हैं और मानव होने के नाते हमारा पहला धर्म मानवता का परिचय देना है। लेकिन आज समाज जिस दिशा पर जा रहा है। उसको देखकर ऐसा अहसास होता है कि इंसान में इंसानियत का और आत्मियता का अभाव होता जा रहा है। लेकिन समाज के कुछ लोग ऐसे भी हैं जो समाजसेवा के माध्यम से मानवता का परिचय देते रहते हैं। साथ ही समाज के लोगों को मानवता का पाठ भी पढ़ाते हैं। श्री तिवारी ने यह भी कहा जीवन में समाजसेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं है। समाज के प्रत्येक नागरिक को अपने सामाजिक एवं पारिवारिक दायित्वों के साथ-साथ समाजसेवा के लिए भी समय अवश्य निकालना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वह 2024 में होने वाले चुनाव में अयोध्या फैजाबाद लोकसभा से चुनाव लड़ूंगा और इसी के सहारे लोगों की सुख-दुख का साथी भी बनूंगा हमारा लक्ष्य है कि युवाओं को नौकरी बेरोजगार को रोजगार किसानों को पेंशन रेहणी पटरी दुकानदारों को बिना ब्याज लोन और छात्र-छात्राओं को निशुल्क शिक्षा मिले इसी एजेंडे को लेकर 2024 के फैजाबाद लोकसभा चुनाव में अपनी दावेदारी ठोकूंगा।

# छात्र की अच्छाइयों को बढ़ावा देना, कमियों को पहचानना व उनको दूर करना शिक्षक व अभिभावक दोनों की जिम्मेदारी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** शिक्षा, संस्कार व अनुशासन के क्षेत्र अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के उद्देश्य से उसरू-अमौना अयोध्या स्थित देवा इंटर कॉलेज में अर्धवार्षिक परीक्षाओं के टॉप 5 व बॉटम 5 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों की विद्यालय प्रबंधक प्रधानाचार्य के साथ विशेष सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय, प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा व उपस्थित अभिभावकों ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन व दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं -आस्था पांडेय, अपूर्वा, शैलजा पांडेय, अनुष्का ने स्वागत गीत " मन की वीणा से गुंजित ध्वनि मंगलम स्वागतम स्वागतम....." व छात्राओं- शालू दूबे, साक्षी भारती, दिव्या दूबे, मीनाक्षी व श्रेया रावत ने "स्वागत है, अभिनंदन है, आप सभी का वंदन है........" गीत प्रस्तुत कर सभी अभिभावकों का स्वागत व सम्मान किया। मंच संचालक घनश्याम यादव ने प्रबंधक व प्रधानाचार्या के सानिध्य में अभिभावक सभा की औपचारिक शुरुआत की। जिसमें छात्र-छात्राओं के शिक्षा, अनुशासन, संस्कार आदि संबंधित विषयों का विस्तृत वर्णन किया गया। जो छात्र की शिक्षा को प्रभावी बनाती हैं। इसके अंतर्गत आज के युवाओं की मोबाइल, सोशल मीडिया संबंधी दिशा भटकाव, शिक्षण, पठन-पाठन को कम समय दिए जाने, परीक्षाओं को गंभीरता से ना लेना, बोर्ड परीक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं, देर से सोकर उठना, बड़ों का आदर, शिक्षण, वाहन, शुल्क, व्यक्तित्व विकास, गलतियों की पुनरावृत्ति ना होना, अनुशासन को सही ढंग से ना मानने व पालन करने जैसी विभिन्न समस्याओं/विषयों पर चर्चा हुई। विद्यालय प्रबंधक सहदेव उपाध्याय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र की अच्छाइयों को बढ़ावा देना और कमियों को पहचानना व उनको दूर करना शिक्षक व अभिभावक दोनों की जिम्मेदारी होती है।अभिभावकों के सहयोग से विद्यालय और शिक्षकों का मनोबल बढ़ता है और वह छात्र हित में कार्य करने में सकारात्मक सहयोग देते हैं। विद्यालय प्रबंधन व अभिभावकों के बीच रचनात्मक सहयोग आवश्यक है। अभिभावकों की उपस्थिति ऐसे आयोजन को सही दिशा प्रदान करना व सफल बनाना है और साथ ही साथ हमारा मार्गदर्शन करना भी है। सीनियर शिक्षक सीता शरण मिश्रा, शिक्षक घनश्याम यादव ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए व सभी को संबोधित किया। सभी अभिभावकों ने भी अपना पक्ष रख कर उचित मार्गदर्शन दिया व प्राप्त किया। जिसके परिणामस्वरूप कार्यक्रम को सफल संचालन संभव हो सका। इस अवसर पर अभिभावकों को सूक्ष्म जलपान भी कराया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या नमिता मिश्रा ने अर्धवार्षिक परीक्षा में उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं की घोषणा की व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन में संबोधित करते हुए सभी अभिभावकों को विद्यालय में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। छात्र समिति के सभी सदस्यों ने कोऑर्डिनेटर रीतू त्रिपाठी नेतृत्व में शिक्षक कमलेश श्रीवास्तव व शिक्षिका सुनीता यादव ने व्यवस्था को सुचारू रूप से संभाला व कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना विशेष योगदान दिया।

## ख़ास ख़बर

### अज्ञात चोरों के द्वारा बाइक चोरी की घटना को दिया गया अंजाम

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामत।** मधुपुर थाना क्षेत्र के सेठ भीला सपहा से मंगलवार की रात्रि को अज्ञात चोरों ने एक मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अज्ञात चोरों के द्वारा मधुपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर निवासी मोहम्मद शब्बीर आलम की मोटरसाइकिल जिसका नंबर जेएच 15 डब्लु 7801 जो 31अक्टूबर की रात्रि 7एवं 8 के बीच में सपहा सेठ भिला हाजी मोहम्मद इदरीश के घर के सामने से चोरी कर ली। आवेदक मोहम्मद शब्बीर आलम ने मधुपुर थाने में एक लिखित आवेदन देकर पुलिस को बताया कि अज्ञात चोरों ने मेरी बाइक की चोरी कर ली है। थाने में अज्ञात के विरुद्ध लिखित शिकायत दी गई है।मधुपुर पुलिस पदाधिकारी ने मौके पर जाकर मामले की छानबीन की है। इधर मधुपुर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### मदरसा इस्लामिया में शिक्षक के पद पर नियुक्ति हेतु कड़ी निगरानी में ली गई लिखित एवं मौखिक परीक्षा



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मदरसा इस्लामिया हाजी गली मधुपुर में शिक्षक के तीन रिक्त पद की नियुक्ति के लिए शहर के किड्स गार्डन एकैडमी स्कूल मे कड़ी सुरक्षा मे लिखित एवं मौखिक परीक्षा ली गई। ज्ञात हो कि आलिम एवं फाजिल के लिए तीन पद शिक्षक के लिए जिसमें फाजिल के लिए दो पद और आलिम के लिए एक पद के लिए कुल 17 छात्रों ने अप्लाई किए थे। परीक्षा में कुल 14 छात्र शामिल हुए। तीन छात्र परीक्षा से अनुपस्थित थे। परीक्षा 2 घंटे का था। परीक्षा समाप्त के बाद सभी उपस्थित छात्रों से मौखिक परीक्षा विशेषक (एक्सपोर्ट) के द्वारा ली गई। मौके पर प्रोफेसर राम तपस्वी सिंह, जिला शिक्षा विभाग के प्रधान सहायक संतोष कुमार, गुड्डा महागामा से आई विशेषक (एक्सपोर्ट) मौलाना मोहम्मद मुख्तार,मौलाना बदरे अजीम शामिल रहे। मौके पर मदरसा इस्लामिया के प्राचार्य मौलाना हाफीज कुतुब रहमान फैजी, मदरसा के सचिव सरफराज अंसारी एवं अध्यक्ष प्रिंस समद उपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए विधि व्यवस्था की देखरेख मधुपुर थाना के सब इंस्पेक्टर जय राम प्रसाद समेत पुलिस जवान मौजूद थे।

### नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का तृतीय दिन परीक्षण का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** प्रखंड कार्यालय, मधुपुर के प्रखण्ड सभागार भवन में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का तृतीय दिन प्रशिक्षण का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर, सभी वार्ड सदस्य, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक, पंचायती राज उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान वार्ड सदस्यों को प्रोजेक्टर पर चलचित्र एवं पॉवरपॉइंट स्लाइड्स के माध्यम से डायन प्रथा, बाल मजदूरी इत्यादि विषयों पर विस्तारपूर्वक बताया गया। महिलाओं को जागरूक किया गया, महिला सशक्तिकरण के बारे में चर्चा की गई।महिला पुरूष में भेद भाव कैसे खत्म किया जाए इस बारे में जानकारी दी गयी।

### त्रैमासिक ई-पत्रिका 'मेरू' ग्रैफिटी का विमोचन



**दैनिक शुभ भास्कर हज़ारीबाग सोहैल किरमानी, हजारीबाग।** के0एस0बन्याल, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय द्वारा मेरू कैम्प कार्यालय में सीमा सुरक्षा बल परिवार द्वारा संकलित व संपादित त्रैमासिक ई-पत्रिका 'मेरू' के बारहवें ई-संस्करण अवधि 11 जुलाई से10 अक्टूबर 2023 का विधिवत विमोचन किया गया। यह पत्रिका सीमा सुरक्षा बल के आई0पी0पी0 नेटवर्क /ई-मेल व अन्य डिजिटल प्लेटफार्म द्वारा निर्गत की जाएगी। इस संस्करण में प्रशिक्षण केन्द्र एवम् विद्यालय द्वारा गत तीन माह (11 जुलाई से 10 अक्टूबर 2023) की अवधि में किये गए क्रियाकलापों विशेषकर प्रशिक्षण, रोजगार मेला, सांस्कृतिक, उच्च अधिकारियों का दौरा, पौधारोपण अभियान, बावा गतिविधियाँ, विभिन्न धार्मिक आयोजन आदि के क्षेत्र में किये गए कार्यो में से कुछ की झलकियां दिखाई गई है। विदित रहे कि इस पत्रिका का प्रथम ई संस्करण अंक 09 फरवरी 2021 से प्रकाशित जा रहा है। वर्तमान परिवेश में वन संरक्षण के मद्देनजर भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निदेशों के अनुरूप व पत्रिका सभी पाठको तक पहूँचें इसलिए इसे ई- स्वरूप में जारी किया गया है ।

# व्यापारी को गोली मारने की घटना के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** राज्य में खत्म हो गई विधि व्यवस्था को लेकर जामताड़ा चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को को ज्ञापन सौंपा गया। इस बाबत संजय अग्रवाल ने कहा की वर्तमान झारखंड सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। राज्य में अपराधियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। आए दिन अपराधियों के द्वारा व्यापारियों और आम जनता की हत्या कर दी जा रही है। आज पूरे राज्य में व्यापारियों के साथ-साथ आम जनता भी अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। धनबाद में कुछ दिन पहले हमारे व्यापारी को अपराधियों के द्वारा गोली मार दी गई थी और अभी भी व्यापारी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई और धनबाद पुलिस प्रशासन सिर्फ खाना पूर्ति कर रही है । साथ ही साथ सिर्फ आश्वासन से काम चला रही हैं। धनबाद जिला प्रशासन की नाकामी और राज्य सरकार की विफलता को देखते हुए धनबाद जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आज से अनिश्चितकालीन धनबाद जिला व्यापार बंद करने का निर्णय लिया है। जामताड़ा चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज अपने व्यापारी पर हुए गोली कांड की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए अपना नैतिक समर्थन देता है। सरकार अपने कार्यशाली को सुधारे अपराधियों पर लगाम लगाए नहीं तो आने वाले दिनों में पूरे झारखंड के व्यापारी अपना व्यापार अनिश्चितकालीन बंद करेंगे और इसकी सारी जवाब देही राज्य सरकार और प्रशासन की होगी।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारी को माला पहनाकर किया सम्मानित



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** अधिवक्ता संघ के बीते मंगलवार को हुए चुनाव में सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बुधवार को मधुपुर नगरपरिषद के पूर्व अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष, बसपा नेता व समाजसेवी मो.जियाउल हक उर्फ टार्जन ने संघ भवन पहुंच कर सभी को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अधिवक्तागण बुद्धिजीवी वर्ग में आते है और इनका हमारे समाज में बहुत बड़ा योगदान है।इन्होंने पूर्व में भी बेहतर कार्य किया है और हम उम्मीद करते है कि पुनः जीत कर आये सभी पदाधिकारी आगे और भी अच्छा कार्य करेंगे। यहाँ के कोर्ट की व्यवस्था में सुधार के साथ-साथ मोवक्किलों को न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर नवनिर्वाचित महासचिव श्याम सुंदर भैया ने कहा कि मो.जियाउल हक कोर्ट परिसर पहुँचकर जो हमें सम्मान दिया है, इसके लिए उनके पूरे संघ की ओर से बहुत-बहुत आभार प्रकट करते है। इन्होंने पहले भी अपने स्तर से मधुपुर के आम लोगों को काफी मदद किया है। खासकर कोरोना काल में इन्होंने अपना जो योगदान दिया था वह काबिले तारिफ है। हम आशा करते है कि आगे भी यह ऐसे ही कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर संघ के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष विन्देश्वरी प्रसाद शाही, संयुक्त सचिव अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष धनंजय प्रसाद शाही, सह कोषाध्यक्ष शकील अहमद, कार्यकारिणी सदस्य गणेश कुमार यादव, उमेश प्रसाद शाही, सरोज कुमार कुशवाहा व मो.जिशान अंसारी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित थे।

## देश माझी परगना बाईसी के बैनर तले संथाल समाज की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/जामताड़ा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को नाला प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित नेताजी स्टेडियम में ' देश माझी परगना बाईसी' के बैनर तले संथाल समाज के पदधारकों की बैठक हुई ।बैठक की अध्यक्षता प्रभारी राजीव हेंब्रम ने की। इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से संथाल समाज के आदिकाल से संचालित परंपरागत रूढ़िवादी स्वशासन व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई वहीं संथाल समाज के परंपरागत रूढ़िवादी सुशासन व्यवस्था के प्रथम स्तर अर्थात ग्राम स्तर का पदाधिकारी का वेतन मानदेय 15 000 लेने की मांग पर चर्चा की गई साथ ही आदिवासी परंपरागत संथाल समाज के पद धारकों की अधिकार एवं कर्तव्य को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मिलने का विचार विमर्श किया गया। इसके अलावे स्थानीय पदाधिकारी से भी मिलकर संथाल समाज से जुड़े विभिन्न एक्ट के धरातल पर क्रियान्वित करने को लेकर चर्चा की गई। इस अवसर पर संथाल समाज के पद धारकों के अधिकार और कर्तव्य के क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बाणेश्वर टुडू, शिवधान सोरेन, विद्यासागर हेंब्रम, बाबुधन मरांडी, जीवन मुर्मू ,कालीचरण हेंब्रम ,सोना लाल पावरिया, शिव धन सोरेन, महेश्वर मरांडी, सुशील सोरेन, अर्जुन टुडू,बाबूलाल हांसदा, माताल मरांडी, बाबूराम मुर्मू ,बबलू हेंब्रम, देव कुमार टुडू ,दुर्योधन मरांडी ,मधु मरांडी सहित समाज के अन्य लोग मौजूद मौजूद थे।

## काष्ठ शिल्प का 15 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी, हजारीबाग।** नाबार्ड एवं स्वदेश द्वारा संचालित काष्ठ शिल्प 15 दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हुआ। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम प्रेम प्रकाश सिंह, समन्वयक उद्योग विभाग झारखंड सरकार, श्रीकांत त्रिपाठी, बीपीएम जेएसएलपीएस दिव्या सिन्हा, सामुदायिक समन्वयक, पीयूष रंजन , संस्था सचिव सुधीर कुमार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मास्टर क्राफ्ट मैन विजय विश्वकर्मा सहित संध्या सखी मंडल, प्रगति सखी मंडल, वैष्णवी सखी मंडल, उजागर सखी मंडल की 30 महिलाओं ने हिस्सा लिया। मौके पर महिलाओं द्वारा निर्मित खिलौना, गिफ्ट आइटम्स, महापुरुषों की स्टैचू, झारखंड नृत्य लोक, कलछुल, मूर्ति आदि का नमूना पेश किया। मुख्य अतिथि डीडीएम, प्रेम प्रकाश सिंह ने इस मौके पर कहा कि 15 दिनों का प्रशिक्षण आप सभी प्राप्त कर चुकी है अब असली उद्देश्य की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा मदद मिलते रहेगा इसी तरह आगे बढ़ते रहे और कोई भी राष्ट्रीय मेला में अपने सामानों को सकते बेच सकते हैं। श्रीकांत त्रिपाठी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं प्रशिक्षण कर बेहतर कर सकती है उन्होंने विश्वकर्म योजना से जोड़ने का आश्वासन दिया और विस्तृत जानकारी दिए एवं उद्योग विभाग द्वारा आरटीसीएन कार्ड बनाया जाएगा। बीपीएम,जेएसएलपीएस ने कहा कि जेएसएलपीएस के सरस मेला में यहां के कलस्टर के वुडन क्राफ्ट के समान को भेजा जाएगा। संस्था सचिव सुधीर कुमार ने सभी को शुभकामनाएं दी और उन्होंने कहा की संस्था द्वारा मदद किया जाएगा और यहां के द्वारा निर्मित सामान को एसएचजी ग्राम दुकान पदमा में बिक्री किया जाएगा। मौके पर संस्था के प्रभु दयाल, पीयूष आनंद, रेखा देवी, सोनी देवी, प्रिंस चंद्रा आदि उपस्थित थे।

### ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान द्वारा लगाया गया केरेडारी में रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** विहंगम योग संस्थान, केरेडारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में परम पूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के पावन जन्मोत्सव पर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन केरेडारी स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर विक्रम कुमार एवं वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा किया गया शिविर का शुभारंभ प्रभारी डॉक्टर विक्रम कुमार एवं संस्थान के सहसंयोजक पंकज मिश्रा ने रक्तदान कर के किया तत्पश्चात बजरंगी मालाकार नंदकिशोर नायक गोपाल कुमार दांगी महेश महतो नवल सिंह कीनू शाव सचिन कुमार दिनेश्वर साहू उदय महतो सत्यम कुमार पवन कुमार आदि 14रक्तदाताओ ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया। रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके इस नेक कार्य के लिए बहुत-बहुत साधुवाद किया साथ ही आयोजकों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया । डॉक्टर विक्रम ने अपनी संबोधन में कहा रक्त एक ऐसी वस्तु है जिसे किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता यह मानव के शरीर से ही निकाला जा सकता है इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करते रहना चाहिए सहसंयोजक पंकज मिश्रा ने कहां की मैं निर्मल जैन से प्रेरित होकर विगत के वर्षों से रक्तदान कर रहा हूं मुझे इससे काफी फायदा हुआ मेरा शुगर और यूरिक एसिड ठीक हो गया निर्मल जैन ने केरेडारी के स्वास्थ्य कर्मियों को रक्तदान से होने वाले फायदा के बारे में बताएं। शिविर को सफल बनाने में हजारीबाग से आए जिला सर्वेद प्रभारी सुरेश प्रसाद जिला सहसंयोजक पंकज मिश्रा उपदेष्टा माधुरी देवी जिला पत्रिका प्रभारी भोलानाथ महतो प्रखंड प्रभारी रामजीवन माली अक्षय पत्र प्रभारी महेश महतो अभिषेक कुमार उदय महतो मैं फिर आदमी भी होना डॉक्टर गोपाल प्रसाद डांगी डांगी वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन मेडिकल कॉलेज के टेक्नीशियन मुकीम अख्तर पूनम कुजूर जी गोपाल कुमार और अजीत कुमार के विशेष भूमिका रही।

### जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग महानगर के द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 जयंती धूमधाम से मनाई गई



**दैनिक शुभ भास्कर सोहैल किरमानी।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग महानगर के द्वारा लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 148 जयंती धूमधाम से मनाई गई जयंती महानगर अध्यक्ष यासीन अंसारी के नेतृत्व में सरदार वल्लभभाई पटेल के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण से शुरू हुआ इस अवसर पर जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल राकेश गुप्ता जिला सचिव नज़रुल्लाह अंसारी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष छोटन पासवान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष साबिर खान महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष खुशबू कुमारी जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर राजकुमार खंडेलवाल प्रेमचंद राम शाहिद इकबाल नगर महासचिव मोहम्मद फिरोज वार्ड 10 अध्यक्ष पप्पू यादव 24 वार्ड अध्यक्ष तबारक हुसैन वार्ड 31 अध्यक्ष वार्ड 32 अध्यक्ष मोहम्मद जहूर अंसारी मोहम्मद लाल खान वार्ड 16 अध्यक्ष वार्ड 34 अध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी मोहम्मद जमाल मोहम्मद शमसुद्दीन यह कौन है कौन रहमान है फाजिलुर रहमान कौन रहमान वार्ड 10 का वार्ड 24 अध्यक्ष महफूज आलम इत्यादि भारी संख्या में महानगर से कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित है।

### पोक्सो एक्ट के फरार आरोपी आमतला भड़वा निवासी मोहम्मद शहाबुद्दीन के घर हुआ कुर्की जब्ती



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर थाना की पुलिस ने पोक्सो एक्ट के काफी दिनों से फरार चल रहे आरोपित आमतल्ला भेडवा निवासी मोहम्मद शहाबुद्दीन के घर बुधवार को न्यायालय के आदेश पर कार्यपालक डंडा अधिकारी विनय कुमार पांडे की मौजूदगी में घर की कुर्की जपती की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपित युवक पर एक किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप है । किशोरी के घरवाले ने मधुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया था । इसके बाद से आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई थी । मामला इसी साल का है आरोपी के विरुद्ध मधुपुर थाना में कांड संख्या 15/23 दर्ज है। जिसमें पोक्सो एक्ट लगाया गया है। कई बार नोटिस चिपकाए गया लेकिन वह न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। जिसके बाद कोर्ट ने कुर्की जब्ती का आदेश दिया ।उसके बाद अदालत की आदेश का तमिला किया गया । कुर्की जब्ती अभियान में दंडाधिकारी विनय कुमार पांडे की मौजूदगी में मधुपुर पुलिस ने आरोपित शहाबुद्दीन के घर से एक खाट, दो गेट, दो ग्रिल एवं एक कोल्ड ड्रिंक मशीन,एक लाउडस्पीकर मशीन इत्यादि कुर्की जब्ती की गई है। मौके पर मधुपुर थाना सब इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, मनोज कुजूर, एएसआई रॉबिन बेसरा अब्दुल कलाम अंसारी समेत पुलिस बल मौजूद थे।

बैठक | प्रत्येक दिन एमडीएम का एसएमएस करने से संबंधित निर्देश दिये

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मासिक गुरु गोष्टी आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला/ जामताड़ा।** गेड़िया शैक्षणिक अंचल के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बारघरिया में शिक्षक- शिक्षिकाओं की मासिक गुरु गोष्ठी आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी ने की । इस दौरान उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस क्रम में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जया देवी ने नियमित स्कूल एवं एमडीएम मेनु के अनुसार संचालन करने तथा प्रत्येक दिन एमडीएम का एसएमएस करने से संबंधित निर्देश दिये। इस दौरान बीईईओ ने कहा कि 01 नवम्बर से विभागीय आदेशानुसार सभी मध्यान्ह भोजन योजना संचालित विद्यालयों में प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को मडुवा/रागी का लड्डू/ हलवा अतिरिक्त पोषाहार के तहत देना सुनिश्चित करेंगे। चुंकी इस योजना का प्रारंभ आज से ही शुरू हो रही है ,इसलिये सभी विद्यालय को वितरण एवं एमडीएम खाते हुए फ़ोटो भेजना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावे उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति शत प्रतिशत हो इसके लिए प्रयास कार्यक्रम के तहत अभिभावकों से मिल कर बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल भेजने कि लिए प्रेरित करें।इस दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जाति प्रमाण पत्र, आधार, बैंक खाता, पोषण वाटिका, बायो फेंसिंग, नव भारत साक्षरता कार्यक्रम, अनामांकित बच्चों की सूची, पीटीएम बैठक, विद्यालय विकास अनुदान, प्रखंड पंचायत समिति एवं 20 सूत्री की बैठक में दिये गये निर्देश का अनुपालन करने आदि विषयों पर चर्चा किया की गई तथा उनसे संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन जमा करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावे प्रतिदिन ई-विद्या वाहिनी पोर्टल पर शिक्षक एवं छात्र उपस्थिति दर्ज करने तथा सभी प्रकार के पंजी को संधारित रखने सहित विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर बैठक में बीपीओ नित्यानंद गोराई, सीआरपी समीर चन्द्र महतो के अलावे संजय कुमार झा, राधाबिनोद मंडल, बैद्यनाथ पाल, नवीन कुमार, बच्चु कुमार सिंह,सुनील बेसरा,मानिक चन्द्र गोराई, स्वपन कुमार मंडल, विमल कुमार सिंह, सत्येन्द्र कुमार सिन्हा, जयंतीमाला पावरीया, बिजय चन्द्र नंदी, परिमल मारांडी, प्रशान्त कुमार सिंह, सरोज मुर्मू, बबलू मरांडी, सहदेव मरांडी, रामकृष्ण हांसदा,निर्मल कुमार ,बास्की नाथ मंडल , बुलबुल मित्र सहित काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आयोजित चाकड़ी स्थित परीक्षा केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** बुधवार को उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित स्वीकृत पद के विरुद्ध रिक्त पद पर नियुक्ति बहु उद्देशीय भवन चाकड़ी में आयोजित परीक्षा का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं लेखा सहायक के पदों पर नियुक्ति हेतु ली जा रही दक्षता परीक्षा का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों से परीक्षा के संबंध में अभ्यर्थियों की उपस्थिति की जानकारी ली। बताया गया कि प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) के पद हेतु कुल 821 अभ्यर्थियों में से 513 उपस्थित पाए गए, जबकि 308 अनुपस्थित रहे। वहीं लेखा सहायक के पद हेतु कुल 54 अभ्यर्थियों में से 39 उपस्थित थे, जबकि 15 अनुपस्थित पाए गए। उपायुक्त ने इस दौरान परीक्षा को लेकर बनाए गए नियंत्रण कक्ष का भी निरीक्षण किया एवं संबंधित पदाधिकारी को कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा का आयोजन करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने कल होने वाली परीक्षा के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक एवं उचित दिशा निर्देश दिया। विदित हो कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण जामताड़ा के अधीन महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग झारखंड के निर्देशानुसार विभिन्न पदों पर संविदा आधारित नियुक्ति की प्रक्रिया की जानी है। इस क्रम में स्वीकृत पद प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक, कंप्यूटर सहायक एवं ग्राम रोजगार सेवक के विरुद्ध रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सहायक अभियंता की परीक्षा बहुउद्देशीय भवन, चाकड़ी, जामताड़ा में 02 नवंबर को प्रथम पाली (11.30 पूर्वाह्न से 01.30 अपराह्न तक) आयोजित होगी।कनीय अभियंता के लिए परीक्षा बहुउद्देशीय भवन, चाकड़ी, जामताड़ा में 02 नवंबर द्वितीय पाली (02.30 अपराह्न से 04.30 अपराह्न तक) आयोजित होगी।कंप्यूटर सहायक के लिए परीक्षा समाहरणालय स्थिति एनआईसी कार्यालय कक्ष, जामताड़ा में 03 नवंबर एवं 04 नवंबर को परीक्षा आयोजित की जायेगी। मौके पर उप विकास आयुक्त अनिलसन लकड़ा, अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, अंचल अधिकारी अबीश्वर मुर्मू, परिक्ष्यमान उप समाहर्ता कमलेश कुमार दास, ओमप्रकाश गुप्ता, सुनील कुमार मुर्मू, परीक्षा नियंत्रक श्री पीयूष मालपहाड़िया, तकनीकी सहायक संतोष कुमार सिन्हा सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में आपरेशन त्रिनेत्र अभियान चलाकर समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहों,भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगवाया जा रहे हैं सीसीटीवी कैमरे



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे आपरेशन त्रिनेत्र अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाये जाने हेतु जनपद के समस्त थानों के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष की अपील पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण द्वारा प्रमुख चौराहों, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाये गये। थाना ललिया ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री अखिलेश कुमार नि0 सतरहिया द्वारा आज दिनांक 01.11.23 को अपने मकान पर रोड को कवर करते हुए 03CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना ललिया पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना कोतवाली जरवा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री मोहम्मद शमीम नि0 जीवडीह द्वारा आज दिनांक 01.11.23 को अपने मकान पर रोड को कवर करते हुए 08CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना को0 जरवा पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। थाना गौरा चौराहा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कैमरा लगवा कर अपराधियों की पहचान में मदद करने वाले त्रिनेत्रमित्र श्री अमेरिका प्रसाद नि0 सिंघवापुर द्वारा आज दिनांक 01.11.23 को पंचायत भवन सिंघवापुर पर 04CCTV कैमरे लगवाए जाने पर थाना गौरा चौराहा पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया। सीसीटीवी कैमरा लगवाने वाले जनप्रतिनिधियों, सम्भ्रान्त नागरिकों ,ग्रामप्रधानों, ग्राम प्रहरीगण आदि को स्थानीय पुलिस द्वारा सम्मानित भी किया जा रहा है।

### मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**सम्वाददाता संतोष दुबे बलरामपुर**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी द्वारा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान डॉ अखंड प्रताप सिंह चिकित्सा अधिकारी, अनिता मलिक स्टाफ नर्स,sagir सगीर अहमद सिद्दीकी फार्मासिस्ट और सोनी आया उपस्थित थी जबकि कुल 9 कर्मी अनुपस्थित पाए गए । निरीक्षण के दौरान साफ सफाई, नियमित प्रसव सेवा, टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गए।

### सच्चे मन से करवा चौथ का विधिवत पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है- सीमा त्रिपाठी



करवा चौथ का व्रत सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना करते हुए रखती हैं। यह व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि को रखा जाता है।करवा चौथ व्रत में शाम के समय भगवान शिव माता पार्वती तथा गणेश भगवान की विधिवत पूजा की जाती है। करवा चौथ का व्रत सुहागन महिलाएं अपने पति की सलामती के लिए रखती हैं। रात को चंद्र दर्शन के उपरान्त अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला जाता है।मान्यता है कि इस व्रत को सच्चे मन से विधिवत पूजा करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। करवा चौथ व्रत की शुरुआत सरगी से होती है दिन भर निर्जल व्रत किया जाता है इसलिए महिलाएं सोलह श्रृंगार करके पूजा करती हैं इस दिन प्रातःकाल ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नानादि से निवृत होकर सरगी का सेवन करें।सरगी सूर्योदय से पहले करना चाहिए वही सास द्वारा बहु को सरगी देने की परंपरा है।इसके बाद सारा दिन अन्न जल नहीं ग्रहण करना चाहिए शाम को सोलह श्रृंगार करके पूजा की तैयारी करना चाहिए। चंद्रमा का दर्शन करके आरती करते हैं। प्रसाद सभी को वितरित करके बड़े बुजुर्गो का आशीर्वाद लेना चाहिए। इस वर्ष यह व्रत 1 नवम्बर बुधवार को मनाया जाएगा।

# जागरुकता अभियान के क्रम में नारी सुरक्षा दल द्वारा किया जा रहा जागरुक

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।





क्षेत्राधिकारी लाइन/ललिया श्री राधारमण सिंह द्वारा बुधवार की परेड का किया गया निरीक्षण

# शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए पुलिस बल को लगवाई गई दौड़



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। आज दिनांक- 01.11.2023 को क्षेत्राधिकारी लाइन/ललिया श्री राधारमण सिंह द्वारा द्वारा पुलिस लाइन में बुधवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए कराई गई दौड़। निरीक्षण के पश्चात , क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाई गयी । इस दौरान विभिन्न प्रकार के शस्त्राभ्यास कराए गए । बाद परेड, क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया, इस दौरान पुलिस लाईन परिसर, जीडी कार्यालय, क्वार्टर गार्ड, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक तथा पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता परख कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल गौतम एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# पुलिस सख्ती के बावजूद मजदूर को मारी गोली

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, रेवतीपुर गाजीपुर**। रेवतीपुर थाना के नवली गाँव अंतर्गत जलालपुर भठ्ठे पर किसी बात को लेकर एक दबंग युवक ने वहाँ काम कर रहे मजदूर लालबचन राम 32 वर्ष निवासी जलालपुर थाना रेवतीपुर को लक्ष्य कर उसे गोली मार दी। गोली उसके बाएं तरफ के जबडे को भेंदते हुए निकल गई ।गोली लगने से मजदूर खून से लथपथ हो जमीन पर गिर गिर गया। गोली चलने की घटना से अफरातफरी मच गई, गोली मारने वाले ने खुद को पकडे जाने के डर से मौके से असलहा लहराते हुए मौके से फरार हो गया।घटना के तुरंत बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड इकट्ठा हो गई ,इसकी सूचना लोगों ने पुलिस को दी तो गोली चलने की सूचना पर प्रशासन में हडकंम्प मच गया।आननफानन में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह मय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर



पहुंच घायल को तुरंत पुलिस की गाडी से रेवतीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गम्भीर हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया,पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया जहां उसकी हालत अभी भी गम्भीर बनी हुई है।इधर पुलिस ने हमलावर की गिरफ्तारी के लिए उसके सम्भावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। घटना की सूचना मिलते ही एस पी आर ए ग्रामीण बलवंत चौधरी मौके पर पहुँच स्थिति का जायजा लिये और आरोपित को जल्द गिरफ्तारी का निर्देश दिया। ग्रामीणों ने बताया कि घायल मूल रूप से रामपुर सेमरा का निवासी है,जो काफी दिनों से जलालपुर में परिवार समेत रहकर मजदूरी कर जीविकोपार्जन चलाता था। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गोली से घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है,जहाँ उसकी हालत गम्भीर है। गोली किस बात को लेकर चली उसकी छानबीन की जा रही है,अभी परिजनों के तरफ से तहरीर नहीं मिली है,आरोपित की गिरफ्तारी हेतु दबिश जारी है।

### एसपी का हनक किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोपी, थाने में दी गिरफ्तारी

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में डेढ़ माह पूर्व एक नाबालिक किशोरी को बालिक युवक बहला फुसलाकर भाग ले गया जिसमे पीड़िता के परिजनों के तहरीर पर धारा 363,366दर्ज कर तलाश में जुटी थी।जिसमे किशोरी दूसरे दिन लौट आई लेकिन युवक फरार चल रहा था।जिले में लगातार अपराधियों पर हो रहे कार्यवाही के चलते आरोपी आज सुबह थाने पहुंचकर गिरफ्तारी दी।थानाध्यक्ष अशोक मिश्रा ने बताया किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का आरोपी खुद थाने पर आकर दी गिरफ्तारी जिसको संबंधित धाराओं में जेल भेजा गया।

### थाना गौरा चौराहा पुलिस द्वारा शांति भंग में 04अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। आज दिनांक 01/11/2023 को थाना गौरा चौराहा बलरामपुर में शांति भंग के मामले में 04 अभियुक्त को गिरफ्तार कर अंतर्गत धारा- 151/107/116 सीआरपीसी की कार्यवाही कर मा0 न्यायालय तुलसीपुर /बलरामपुर सदर भेजा गया।

### पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा पुलिस कार्यालय में शिकायती प्रार्थना- पत्र लेकर आये आम-जनों की समस्याएं सुनी गई



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**।आज दिनांक- 01.11.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा जनसुनवाई के दौरान शहरी व ग्रामींण क्षेत्रों से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायत कर्ताओं/आम-जनों की समस्याओं का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का अवलोकन कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

### यूपी बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष हरिशंकर सिंह के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर न्यायिक मजिस्ट्रेटो पर किया गया आपत्तिजनक पोस्ट



**वाराणसी**। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष/ सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर सिंह के नाम से न्यायिक मजिस्ट्रेटों को आपत्तिजनक पोस्ट करने का मामला सामने आया है। जिस फेसबुक आईडी से पोस्ट किया गया है उन पर हरिशंकर सिंह की तस्वीर भी लगाई गई थी। फर्जी पोस्ट के मामले की जानकारी के बाद हरिशंकर सिंह ने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। इससे पहले भी हरिशंकर सिंह के नाम से फर्जी आईडी बनाकर मैसेज भेजे गए थे। उसकी भी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। लगातार तीसरी बार उनके नाम से फर्जी आईडी बनाने का मामला सामने आने से पूर्व अध्यक्ष भी हैरान हैं। पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि उनके नाम पर बनाई गई फर्जी आईडी के जरिये न केवल उल्टे-सीधे पोस्ट किये जा रहे हैं, बल्कि महिला मजिस्ट्रेटों को आपत्तिजनक संदेश भेजे जा रहे हैं। ये गलत बात है। मैं हमेशा अधिकारियों का सम्मान करता हूँ, और करता रहूंगा। मेरे मान-सम्मान को धुल-धूसरित किये जाने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा। इस तरह की शिकायत मिलने पर वह अवाक रह गये। बताया कि इसके पहले भी इस तरह की करतूत की जा चुकी है। पूर्व के मामले में कैंट थाने में ही मुकदमा दर्ज कराया गया था। पिछले मुकदमे में कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब फिर से इस तरह उनके नाम की फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर उनको अपमानित करने का प्रयास किया जा रहा है।

यातायात | जागरूकता माह का आगाज कर लोग जाम की जद में आकर यातायात महकमें को कोसते रहे

# जनपद पुलिस मनाती रही यातायात जागरूकता माह, जाम के झाम से बिलबिला उठा पीडीडीयू नगर

**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर चंदौली/पीडीडीयू नगर**। स्थानीय नगर में जाम का झाम कोई एक दिन की समस्या नहीं है। राहगीर से लेकर नगरवासी तक प्रायः जाम की विभीषिका से दो चार होते रहते हैं। लेकिन बुधवार को सब्जी मंडी से लेकर चकिया चौराहे तक जाम की जद में आकर लोग बिलबिला उठे, यह दिन इसलिए भी खास रहा की जनपद पुलिस आज यातायात जागरूकता माह का आगाज कर नसीहते देती रही वहीं लोग जाम की जद में आकर यातायात महकमें को कोसते रहे। बता दें कि यातायात प्रशासन एक दो दिन अभियान चलाकर सड़क पर आड़े तिरछे खड़े ठेले, गोमचे और बेतरतीब वाहनों को हटवा देता है, लेकिन पुनः वही पुराना ढर्रा कायम हो जाता है। लोगों की माने तो करवाचौथ पर्व की वजह से आज नगर में खरीदारों



की भारी भीड़ उमड़ी है, लेकिन यातायात को सुचारू रूप से संचालित होने की जिम्मेदारी ओढ़े संबंधित अधिकारी और कर्मी कहीं दिखाई नहीं दिए। नगरवासियों की माने तो रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ, काली मंदिर के पश्चिम दोनों तरफ, नई बस्ती इत्यादि स्थानों पर छोटे वाहनों ने अवैध स्टैंड बना रखा है। जिस कारण नगर में सुबह दस बजे से लेकर रात दस बजे तक वाहनों और पैदल राहगीरों का चलना दुश्वार हो जाता है। जबकि यातायात जागरूकता माह का शुभारंभ करने पुलिस लाइन पहुंचे यातायात प्रभारी रामप्रीत यादव की माने तो अतिक्रमण ही पीडीडीयू नगर में जाम के झाम का मुख्य कारण है। लेकिन कारण बताने वाले जिम्मेदार कारण का निवारण करने में फिसड्डी साबित हो जाते हैं। अब बड़ा सवाल उठता है कि जिस जाम की विभीषिका से निजात दिलाने को खुद वाराणसी परिक्षेत्र के आईजी जोन को पैदल चलकर जाम को कंट्रोल करने के लिए निर्देशित करना पड़ा, उस नगर में जाम की विभीषिका का दंश आखिर कब तक नगरवासियों और राहगीरों को भुगतना पड़ेगा।

# दीप प्रज्वलित कर "यातायात माह नवंबर 2023" का शुभारंभ

**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर**। पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार द्वारा यातायात कार्यालय बलरामपुर पर फीता काटकर, दीप प्रज्वलित कर यातायात माह नवंबर 2023 कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा यातायात पुलिस कर्मियों, होमगार्ड, पीआरडी, स्कूली बच्चों एवं ई रिक्शा की यातायात जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। महोदय द्वारा सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, लोगों को यातायात के नियमों के बारें में जागरुक करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने व अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेल्मेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात श्री उदय राज सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी श्री अरविंद यादव, प्रभारी कोतवाली नगर श्री



शैलेश सिंह, प्रभारी यातायात श्री अशोक कुमार पांडे, व्यापारी बंधु, पत्रकार बंधु एवं बलरामपुर के समस्त यातायात पुलिस के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ख़ास ख़बर

## करोड़ों से डीएमएफटी मद से हो रही कार्य में घोर अनियमितता, विभाग मौन



**चतरा**। टंडवा प्रखंड क्षेत्र में हो रहे जिला परिसद विभाग द्वारा दर्जनों कार्य मे गुणवत्ता की पोल खुल गई है। प्रखंड क्षेत्र के उड़सू गाडिलोंग सरादु गांव में स्कूल बाउंड्री व पीसीसी में निर्माण बरती जा रहे घोर अनिमियता के पोल खुल गई है। उड़सू के ग्रामीणों ने झारखण्ड मुख्य सचिव को सूचित करते हुए उपरोक्त कार्य को जाँच का मांग किया है। बताया गया चिमनी ईंट के जगह बंगला ईंट व सिमेन्ट दो नम्बर का प्रयोग किया गया। वही उड़सू में पीसीसी निर्माण में 9 इंच के जगह पर 4 इंच से 5 इंच हीं ढलाई कर निपा-पोती ठीकेदार द्वारा किया गया। ठीकेदार द्वारा स्कूल के बॉण्डरी व पीसीसी सड़क को लेस मूंद कर सरकारी रुपये लिकालने की जुगत में है।दिलचस्प बात यह भी है कि जिले के अधिकारी भी जांच में नजरअंदाज कर रहे है। ग्रामीणों ने बताया जिला परिषद के जेई द्वारा ठेकेदार के आदमी को खड़ा करके जांच करवा कर वरीय अधिकारियों को गुमराह किया जाता है। जिस ठेकेदार का मनोबल बहुत बड़ा हुआ है। इस मामले पर जिला परिसद जेई ओझा द्वारा पूछे जाने पर बताया गया स्कूल बाउंड्री में चिमनी ईंट और पीसीसी 9 इंच लड़ाई करने है। ठेकेदार द्वारा अनिमियतता बरती जाती है तो जाँच कर कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को सौपा जाएगा।

## जिले के नव नियुक्त शिक्षक, शिक्षिकाओं को औपबंधिक नियुक्ति पत्र देंगे प्रभारी मंत्री लेशी सिंह, तैयारियां पूरी

**जिला ब्यूरो मन्नी भगत,मधुबनी**। जिले की प्रभारी मंत्री सह मंत्री खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के लेशी सिंह द्वारा कल 2 नवंबर को वॉटसन +2 उच्च विद्यालय के परिसर में जिले के नव नियुक्त शिक्षक, शिक्षिकाओं को औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु आयोजित कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई। उक्त कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अभी तक जिले में बीपीएससी द्वारा नव चयनित 2995 में से 2685 शिक्षक, शिक्षिकाओं की काउंसलिंग करा ली गई है। इन शिक्षक, शिक्षिकाओं में से 1000 शिक्षक, शिक्षिकाओं को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों द्वारा गांधी मैदान में आयोजित समारोह में औपबंधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उक्त अवसर के हेतु शिक्षक, शिक्षिकाओं को गांधी मैदान ले जाने के लिए डाइट नरार से क्रम संख्या 01 से 15 और पीटीईसी घोघरडीहा से क्रम संख्या 16 से 25 तक की बसें प्रातः काल ही रवाना होंगी। शेष सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं को वॉटसन स्कूल के परिसर में आयोजित सादे समारोह में जिले की प्रभारी मंत्री लेशी सिंह द्वारा औपबंधिक नियुक्ति पत्र सौंपा जाएगा।

## मधुबनी एसपी ने यातायात थाना का किया उद्घाटन, यातायात नियमों का होगा पालन



**जिला ब्यूरो मन्नी भगत,मधुबनी**। आज जिला मुख्यालय अन्तर्गत यातायात थाना का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के द्वारा किया गया। इस उद्घाटन समारोह में पुलिस उपाधीक्षक मधुबनी, सदर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, परिचारी प्रवर पुलिस केन्द्र, महिला थानाध्यक्ष एवं अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। मौके पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी यातायात पदाधिकारियों एवं कर्मियों को सुचारू रूप से यातायात व्यवस्था एवं यातायात नियमों का पालन कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## प्रधानध्यापिका के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह



**हरलाखी**। प्रखंड के उमगाव प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई के प्रधानध्यापिका शाहीन फातमा के सेवानिवृत्त होने पर विदाई सह सम्मान कार्यक्रम का अयोजन किया गया इस दौरान सेवानिवृत्त प्रधानध्यापिका शाहीन फातमा को फूल माला व पाग सहित उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया को वही विद्यायल के वरीय शिक्षिका रेखा कुमारी को माला पाग पहनाकर उन्हें सम्मानित करते हुए विद्यालय का संपूर्ण प्रभार सौंप दिया गया वही शिक्षक ने बताया कि विद्यालय परिवार उनके कार्यों को सदैव याद रखेगा। उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। ये सेवानिवृत्त जरूर हुई हैं पर सेवा के दायित्वों से नहीं। इनके मार्गदर्शन की हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी ,मौके पर प्रकाश कुमार रूपेश कुमार दिनेश ठाकुर राज किशोर रोहित कुमार नीतू कुमारी सिराजुल हक श्रवण कुमार मौजुद थे

## लोहिया स्वस्थ भारत मिशन अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया



**दरभंगा**। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बिजुली पंचायत के भवानीपुर मठ वार्ड संख्या 13 में लोहिया स्वस्थ भारत मिशन अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। बिजूली मुखिया आशा देवी के नेतृत्व में वही भवानीपुर गांव के विद्यालय सहित कई जगह साफ सफाई की गई। इस मौके पर बिजुली पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अवधेश कुमार यादव पंचायत सेवक श्री नारायण मंडल सुपरवाइजर रामविलास सहनी, बिजुली पंचायत उप मुखिया सहदेव यादव सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनसंवाद कार्यक्रम में डीएम समेत वरीय पदाधिकारी हुए शामिल





**ब्यूरो मन्नी भगत, मधुबनी**। बुधवार को जिलाधिकारी अरविन्द कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सहित कई वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में बासोपट्टी प्रखण्ड के बासोपट्टी पूर्वी पंचायत एवं हरलाखी प्रखण्ड के कलना पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस जनसंवाद कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में आमजनों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस जनसंवाद कार्यक्रम में सरकार की कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वही कई लाभुकों ने अपना-अपना अनुभव भी साझा किया तथा फीडबैक भी दिया। जनसंवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि सभी की सहभागिता से ही जल-जीवन-हरियाली अभियान सफल होगा। हमें पानी के महत्व को समझना ही होगा, साथ ही पानी की बर्बादी को रोकना अपनी आदत बनानी होगी। सक्षम लोग अनिवार्य रूप से अपने घरों में छत पर वर्षा जल संचयन एवम् सोख्ता का निर्माण जरूर करवाये। सभी लोग अधिक से अधिक पौधे लगाने को कहा। उन्होंने जिले के युवाओं से आर्थिक हल, युवाओं का बल निश्चय योजना के तहत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, स्वयं सहायता भत्ता योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का अपील किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने अपने स्कूली जीवन के एक घटना का जिक्र करते हुए कहा की आज इस कार्यक्रम में कुशल युवा कार्यक्रम की लाभुक मुस्कान की भाषा कौशल एवं इतने लोगों के बीच धारा प्रवाह अंग्रेजी में बोलते हुए। देखकर मुझे काफी खुशी हो रही है। उन्होंने मुस्कान के लिए लोगों से तालियां बजवाकर उसका हौसला अफजाई किया। जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि वोटर लिस्ट में अपना नाम जरूर जुड़वाए, क्योंकि इससे आपको मत का अधिकार मिलेगा। साथ ही लोकतंत्र की मजबूती में आप योगदान दे पाएंगे। इसके पूर्व उप विकास आयुक्त, विशाल राज ने जनहित की महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में आम जनता को विस्तार से बताया। योजनाओं का उद्देश्य, लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया, योजनाओं का आम जनता के जीवन में सकारात्मक प्रभाव तथा जन-सहभागिता पर बारीकी से प्रकाश डाला। डीएम ने कहा की आमजन तक सरकार की सभी कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की जानकारी पहुंचाना एवं जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय कायम करना ही जनसंवाद का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा जनसंवाद कार्यक्रम में प्राप्त सुझाव एवं फीडबैक पर त्वरित करवाई भी की जाएगी। डीएम ने कहा कि सम्पूर्ण प्रशासनिक तंत्र जिले वासियों के लिए हमेशा उपलब्ध है। प्रावधानों के अनुरूप आपको उत्कृष्ट सेवा प्रदान की जाएगी। वही एसपी सुशील कुमार ने कहा कि पब्लिक एवं पुलिस के बीच बेहतर समन्वय को लेकर कार्य की जा रही है। डायल 112, महिला हेल्प डेस्क,अपराध नियंत्रण ,साइबर अपराध आदि को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पुलिस -पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय कायम कर ही अपराध पर पूर्ण रूप से नियंत्रण किया जा सकता है। इसको लेकर जिला पुलिस लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि साइबर सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह से सजग है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात व्यवस्था को लेकर भी जिला पुलिस लगातार कार्य कर रही है। आज ही मधुबनी में ट्रैफिक थाना का शुभारंभ किया गया है। वही कार्यक्रम में उत्क्रमित उच्च विद्यालय की छात्राओं ने गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति,शराब के दुष्प्रभाव एवं स्वच्छता का संदेश भी दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने भी कई सुझाव दिए। सड़कों की मरम्मति, बासोपट्टी बाजार में नाले का निर्माण, बाबन बिगहा तालाब का जिर्णोधार आदि महत्वपूर्ण सुझाव भी प्राप्त हुए। उक्त कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त विशाल राज, डीपीआरओ परिमल कुमार, एसडीओ जयनगर एवं बेनीपट्टी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बीडीओ सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं आमजनों ने भाग लिया।

## कांग्रेस नेता जयेश मंगल सिंह ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिले



**शुभ भास्कर संवाददाता पंचानन बगहा पश्चिमी चंपारण**। बगहा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह ने बुधवार को राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से शिष्टाचार मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में हाल चाल जाने। कांग्रेस नेता जयेश मंगल सिंह ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिलने के दौरान बगहा को राजस्व जिला बनाने की बात रखी, और उन्होंने कहा कि बगहा को आप ने ही पुलिस जिला बगहा बनाया है। बगहा के लोगों ने बगहा को राजस्व जिला बनाने की मांग की है। बगहा के लोगों को उम्मीद है कि आपके ही प्रयास से बगहा राजस्व जिला बन सकता है।जिस तरह आपने पुलिस जिला बनाया है। वही बगहा के जनता ने बगहा में आने के लिए निमंत्रण भी दिया है। और पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना भी की है। वही जयेश मंगल सिंह ने राजद सुप्रीमो से रूबरू होते हुए कहा की लालू प्रसाद यादव दबे कुचले, शोषित,पीड़ित और गरीब- गुरबों के काफी हितैषी व शुभचिंतक हैं। वे सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले नेता हैं। उन्होंने लालू प्रसाद यादव के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। उन्होंने कहा कि जयप्रकाश नारायण, कर्पूरी ठाकुर के बाद बिहार में कोई सामाजिक न्याय के नेता और दबे कुचले के नेता साथ ही गरीब परिवार शोषित पीड़ित परिवार के जगाने और उनके भविष्य के बारे में किसी ने चिंता की तो वे लालू प्रसाद यादव हैं। उनके बताए हुए रास्ते अति पिछड़ा समाज के लिए आज भी प्रासंगिक हैं।

## मतदाता सूची में नाम दर्ज करने का कार्य में सिथिलता न बरतेंः डीएम



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी**। जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में सभी निर्वाचक निबंधन अधिकारियों एवं स्वीप कोषांग की बैठक विमर्श कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विशेष कर 18 से 19 आयु वर्ग के मतदाताओं तथा महिला मतदाताओं पर विशेष रूप से फोकस करने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करेंगे।जेंडर रेशियो में अपेक्षित सुधार को लेकर कार्य करेंगे। निर्देश दिया गया कि 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का शत प्रतिशत सत्यापन एवं सत्यापन पश्चात विलोपन एवं संशोधन से संबंधित आवेदनों का निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान केंद्रों पर ए एम एफ की उपलब्धता सुनिश्चित करें।सभी बीएलओ को प्रशिक्षित करें ताकि सभी आवेदनों में वांछित दस्तावेज संलग्न हो और ज्यादा से ज्यादा आवेदन स्वीकृत हो। निर्देश दिया गया कि मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों का नाम मतदाता सूची में नहीं है, इस आशय का प्रमाण पत्र सभी BLO,AERO,ERO उपलब्ध कराएंगे। प्रखंड एवं विधानसभा स्तर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ पुनरीक्षण अवधि में साप्ताहिक बैठक करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिला स्तर पर सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी एवं प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक बुलाई जाए ताकि उनके माध्यम से 18– 19 आयु वर्ग से अधिक मतदाताओं को जागरूक करते हुए मतदाता सूची में उनका नाम दर्ज कराया जा सके। उक्त बैठक 3 नवंबर को संभावित है। जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी 10+2 विद्यालयों एवं महाविद्यालयो में नियमित तौर पर इस संबंध में जागरूकत कार्यक्रम का संचालन हो। बैठक में निर्देश दिया गया कि उन मतदान केंद्रों पर जहां विगत चुनाव में वोटिंग परसेंटेज संतोषजनक नहीं था वहां लक्षित कारणों पर फोकस करते हुए स्वीप गतिविधियों को संचालित किया जाए। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अवधि में स्वीप से संबंधित गतिविधियों को लगातार किया जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी है।

## बीटी कॉटन के निराश्रित बालश्रमिकों के सच्चे पालनहार है संस्थान निदेशक पूर्बिया-भामाशाह की तलाश

**विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर**। लवीना संस्थान को-दीपावली के त्यौहार को आता देख हर किसीके चेहरे पर उमंग है।नए कपड़े पहनना मिठाई खाना मस्ती करना जैसे आनन्द का त्यौहार है।पर इधर लवीना विकास सेवा संस्थान के संस्थापक संचालक भरत कुमार पूर्बिया के ललाट पर चिंता की लकीरें हर किसीको स्पष्ट नजर आ रही है।त्यौहार को आता देख कार्मिकों के वेतन व बच्चों के राशन सामग्री को लेकर पूर्बिया के रात की नींद उड़ गई है।शहर से सित्तर किलोमीटर दूर पहुंच फटे चप्पलों में बिना प्रेस के कपड़ों के पूर्बिया भामाशाहों के चक्कर काट रहे है पर दूरी की वजह से कोई तैयार नहीं।फिर भी पूर्बिया उम्मीद लिए दिनभर कोशिश कर शाम को थके हारे घर पहुचते है।रोज सुबह एक नई उमंग से जागते पूर्बिया शाम को चेहरा लटकाते हुए कल की उम्मीद पर जिन्दा रहते है।जब कोई पूछता है कब तक चलेगा ऐसा?तो ठंडी आह भरी सांस लिए एक जवाब मिलता ऊपर वाले के घर मे देर है अंधेर नहीं,न्याय मिलेगा,सत्य की जीत होगी।बस ये ही उम्मीद पर पूर्बिया का जीवन टीका है।आजकल लोग पैसा कमाते है पर इस दम्पत्ति ने सवेंदनशील बच्चों के लिये अपना घर,जमीन जायदाद व जेवरात तक गिरवी रख दिये।और सबसे ताज्जुब की बात खुद के खाने का भले ही ना हो पर बच्चों के लिए पूरा खाना।खुद के कपड़े फ़टे पर बच्चों को नए कपड़े।वास्तव में ऐसी सेवा मुश्किल से कही देखने को मिलेगी ऐसे विरले को सेल्यूट करने का मन करता है।

## कृषि विज्ञान केंद्र का पूर्व निदेशक प्रसार ने किया निरीक्षण

**वाराणसी**। मिर्जामुराद क्षेत्र के कल्लीपुर गांव स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,अयोध्या के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र का पूर्व निदेशक प्रसार डॉ. सीएम. सिंह ने दौरा कर निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने केंद्र के प्रक्षेत्र पर बीज उत्पादन हेतु लगे धान की फ़सल, आम एवं अमरूद के बगीचे के साथ-साथ पाली हाउस, नेट हाउस, मौन पालन, वर्मी कम्पोस्ट इत्यादि इकाइयों का अवलोकन किया। डॉ. सिंह ने कृषि विज्ञान केंद्र की सभी इकाइयों को प्रेज़ेंटबल फ़ॉर्म में रखने की सलाह दी साथ ही साथ समीक्षा बैठक कर केंद्र की प्रगति पर चर्चा किया।इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. नरेंद्र रघुबंशी, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर नवीन, डॉ. श्री प्रकाश, डॉ. राहुल, डॉ. अमितेश तथा प्रक्षेत्र प्रबंधक राणा पीयूष उपस्थित रहे।

## चार दिवसीय राज्य स्तरीय विद्यालय रग्बी प्रतियोगिता पंडौल उच्च विद्यालय के प्रांगण में होगी आयोजित

**जिला ब्यूरो मन्नी भगत, मधुबनी**। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में पंडौल उच्च विद्यालय के प्रांगण में राज्य स्तरीय विद्यालय रग्बी प्रतियोगिता दिनांक 2 से 5 नवंबर तक आयोजित होने जा रही है। उक्त प्रतियोगिता में बिहार के सभी 38 जिलों के लगभग 1200 प्रतिभागी, 300 टीम प्रभारी, 20 तकनीकी पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। जानकारी देते हुए वरीय उप समाहर्ता सह जिला खेल पदाधिकारी मयंक सिंह ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम पंडौल उच्च विद्यालय के प्रांगण में बने स्टेडियम में होगा। खिलाड़ियों के अवासान की व्यवस्था आरएन कॉलेज पंडौल, उच्च विद्यालय ब्रह्मोतरा, मध्य विद्यालय, कन्या मध्य विद्यालय में किया गया है। इसको लेकर के सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। मैदान निर्माण, साफ सफाई, बिजली पानी सुरक्षा सभी कमिटियो का निर्माण कर अलग-अलग समूह में बांटा गया है। इसका उद्घाटन दिनांक 2 नवंबर को पूर्वाह्न 10:00 बजे किया जाएगा। वही समापन समारोह 5 नवंबर को होगा। इस प्रतियोगिता में चयनित बच्चों राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर तथा पुणे भेजे जाएंगे।

## मनोकामना को मिला युगप्रधान आचार्यश्री का आशीर्वाद



**विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान / उदयपुर**। मुम्बई के नंदनवन में चातुर्मास कर रहे तेरापंथ आचार्य श्री महाश्रमण के समक्ष जैन कवि संगम के वरिष्ठ कवि कैलाश जैन 'तरल' , राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीप जैन "हर्षदर्शी" व राष्ट्रीय महामंत्री मनोज मनोकामना ने आध्यात्मिक काव्यपाठ कर शुभाशीर्वाद प्राप्त किया ।कवि हर्षदर्शी ने जैन कवि-साहित्यकारों की प्रतिनिधि संस्था जैन कवि संगम की जानकारी आचार्यश्री को देकर अपना आत्मीय आशीर्वाद प्रदान करने की विनंती की आचार्यश्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि कवि और साहित्यकार देश व समाज का पथप्रदर्शन कर सन्मार्ग दिखाते हैं । मुझे हर्ष है कि जैन कवि संगम इसमें अहम् भूमिका निभा रहा है । आचार्यश्री देश के सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में जैन कवि-साहित्यकारों को विशिष्ट सम्मान, प्रोत्साहन व अवसर प्रदान करने का आह्वान किया ।

## गौर गांव की पहली महिला ग्राम प्रधान व विनोद पत्रकार के माँ का निधन



**मिर्जामुराद**। क्षेत्र के गौर गांव की पहली महिला ग्राम प्रधान और एक दैनिक अमर उजाला अखबार के पत्रकार विनोद गुप्ता की मां 96 वर्षीया रन्नो देवी का मंगलवार की रात निधन हो गया। परिजनों के अनुसार बयोब्रिद्ध रन्नो देवी लगभग एक माह से अन्न त्याग केवल जल पर आश्रित थी। पूर्व ग्राम प्रधान रन्नो देवी अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ कर गई है उनकी अंतिम संस्कार मणिकर्णका घाट पर किया गया। पूर्व महिला ग्राम प्रधान के निधन पर मिर्जामुराद के क्षेत्र संभ्रान्त लोगों ने शोक व्यक्त किया।

बधाई | दरभंगा के सूरज मैरिज हॉल में नावलीमा का आयोजन किया गया

## फैजान नौमानी की शादी से जुड़ीं जानी-मानी हस्तियों ने दी बधाई





**दरभंगा,(मुहम्मद जिलानी अंसारी)**। महाराजा लखमेश्वर सिंह कॉलेज के जंतु विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. यूएमआर नौमानी, इंजीनियर फैजान नौमानी के पुत्र अर्जमंद नूर नजर की शादी जिले की सुश्री अतर्रा बिन्त मुहम्मद शेर शाह खान से हुई। रामपुर (यूपी) 27 अक्टूबर 2023 को - जिसके लिए सोमवार 31 अक्टूबर 2023 को दरभंगा के सूरज मैरिज हॉल में नावलीमा का आयोजन किया गया - जिसमें जिले के जाने-माने सामाजिक-शैक्षिक लोगों के अलावा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए - दुल्हन और दूल्हा। बधाई देने वालों में सुघरी हाई स्कूल के अध्यक्ष और पूर्व एडीएम नियाज अहमद, अल हिलाल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. अहमद नसीम आरजो, डॉ. एमआईएच नौमानी स्वास्थ्य मंत्रालय सउदी अरब, एलके मिश्रा बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मुहम्मद कमाल अहमद। रहबर इन्फोटेक दिल्ली के महाप्रबंधक मुहम्मद खालिक-उज़मान मिथला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल साइंस के निदेशक शाहिद अतहर एडवोकेट मिथला माइनॉरिटी डेंटल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी मुहम्मद रज़ी अख्तर ऑप्टिमम इंटरनेशनल स्कूल के अध्यक्ष मुहम्मद कायो एमआर रहमान फैज़ मिल्लत कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर एसएम जावेद इकबाल 'वनस्पति विज्ञान विभाग पूर्व- हेड मिथिला यूनिवर्सिटी सुश्री शाहनाज जमील 'मदरसा सलाफिया नाजिम इंजीनियर इस्माइल खुर्रम' सलफिया पारा मेडिकल इंस्टीट्यूट के निदेशक शारिक अहमद 'अंजल हाई स्कूल के निदेशक उमर अली खान' डॉ. अकील सिद्दीकी 'डॉ. जावेद समस्तीपुर' 'मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी शकील अहमद' पूर्व प्रो. वनस्पति विज्ञान विभाग, मिथिला विश्वविद्यालय मुहम्मद निहाल, डॉ शाहिद हुसैन, गोल्डहाउस श्री रजनीश, पत्रकार प्रदीप गुप्ता, अनबर इमाम हाशमी एडवोकेट, मिथिला विश्वविद्यालय प्रो शाहिद जाफर, मिथिला विश।

# स्वर्गीय बलदेव मिश्र व ललितेश मिश्रा के सपनों को साकार कर उनके अधूरे कार्य को करेंगे पूरा




**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चंद्र झा, सहरसा**। ज्योतिषाचार्य पंडित बलदेव मिश्र की जयंती पर बुधवार को सुपर बाजार स्थित प्रमंडलीय पुस्तकालय में पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोकार्पण कर्ता डॉक्टर महेंद्र,मुख्य अतिथि डॉक्टर डॉक्टर सुभाष चंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि डॉ विनय कुमार चौधरी, डॉक्टर रेनू सिंह, आचार्य योगेश्वर द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आयोजनकर्ता मिहिर कुमार एवं निहार रंजन के द्वारा अतिथियों को पाग चादर एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योतिषाचार्य पंडित बलदेव मिश्र की जयंती पर उनके विभिन्न प्रकाशित पुस्तकों के संकलन की पुस्तक रचना समग्र का लोकार्पण किया गया।प्रसिद्ध साहित्यकार केदार कानन ने कहा कि मिथिला की भूमि साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र माना गया है। इस धरती पर एक से एक बढ़कर अनेकानेक विद्वान उत्पन्न हुए हैं। जिनकी कालजयी रचना आज अंधेरे के गर्त में गिरा हुआ है।ऐसे में युवाओं को अपने पूर्वजों तथा महापुरुषों के संबंध में जानकारी अवश्य ग्रहण करनी चाहिए।उनकी बहुत सी लेखनी अब तक प्रकाशित नहीं हुई है। जिसे जन-जन के सामने लाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बलदेव मिश्र एवं अग्रज स्वर्गीय ललितेश मिश्रा के सपनों को साकार कर उनके अधूरे कार्य को पूरा करेंगे। डॉक्टर महेंद्र ने कहा कि पंडित बलदेव मिश्र संस्कृत एवं मैथिली के उद्भट विद्वान थे। जिन्होंने अपने जीवन काल में अनेक रचनाओं की जो आज भी समीचीन है।उनके द्वारा लिखित ग्रंथ देश-विदेश के विद्वानों द्वारा आज भी सराहनीय है। प्रसिद्ध साहित्यकार डॉ सुभाष चंद्र यादव ने कहा कि पिता एवं पुत्र दोनों ही साहित्य की भरपूर सेवा की है। प्रोफेसर विनय कुमार चौधरी ने कहा कि वे शांत गंभीर स्नेहिल लोकप्रिय एवं तत्वस्पर्शी चिंतक थे। कार्यक्रम के अंत में निहार रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए उनकी जयंती हर वर्ष मनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर संजय मिश्र, प्रोफेसर मिथलेश मिश्र, मुक्तेश्वर सिंह,कुमार विक्रमादित्य, नवल मिश्रा, मोहम्मद मुख्तार आलम, डॉक्टर अमोल झा, डॉक्टर अरुण कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# खास ख़बर

## सीतामढ़ी कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डा0रवि पाठक पर किये गये जानलेवा हमले की तीव्र निंदा की गई



**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा** । मुंशी सिंह महाविद्यालय के शिक्षक संगठन बुस्टा इकाई के सदस्यों द्वारा बैठक कर सीतामढ़ी के श्री राधाकृष्ण गोयनका कॉलेज के भौतिकी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सह बर्सर डॉ.रवि पाठक पर हुये जानलेवा हमले की तीव्र भर्त्सना की गई और पठन पाठन को स्थगित करते हुए शिक्षकगण धरने पर दिनभर बैठे । बुस्टा की कॉलेज इकाई के महासचिव डॉ.मयंक कपिला ने कहा कि सरकार को हमारी सुरक्षा पर भी ध्यान रखना चाहिए।ऐसी भीषण परिस्थितियों में ज्ञानदान की सतत चली आ रही परंपरा को चोट पहुंचती है।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) अरुण कुमार ने कहा कि सीतामढ़ी की यह घटना अत्यंत अमानवीय और भर्त्सना के योग्य है।इसमें संलग्न अपराधी को शीघ्र पकड़ा जाना चाहिए।

## किसानों को बांटे गए निःशुल्क उन्नत प्रजाति के सरसों ,चना व मसूर के बीज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। मिल्कीपुर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत मिल्कीपुर विकास खंड मुख्यालय स्थित किसान कल्याण केंद्र पर जिला कृषि अधिकारी डॉ ओ.पी. मिश्रा की उपस्थिति में जिला पंचायत सदस्य अशोक कुमार मिश्रा के हाथों से क्षेत्र के प्रगतिशील एवं लघु सीमांत 100 किसानों को निशुल्क सरसों, चना, मटर एवं मसूर के बीज किट वितरण किया गया।बीज वितरण के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को खेत में बीज की बुवाई करने से पहले जिप्सम का प्रयोग करने के बारे में बताया तथा उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व को भी विस्तार से जानकारी किसानों को दी।प्रभारी राजकीय कृषि बीज भंडार डॉ अवधेश कुमार के द्वारा किसानों को किसान कल्याण केंद्र पर उपस्थित किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि सरसों पीएम 32 उन्नत प्रजाति की एक हेक्टेयर में 5 किलो प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई करके किसान 24 से 28 कुंतल पैदावार ले सकते हैं।

## रामायण के सातों अध्यायों पर आधारित झांकियां निकलेगा पर्यटन विभाग

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। श्रीराम की नगरी में सातवें दीपोत्सव को लेकर सरकारी विभाग अपनी-अपनी ओर से अलग-अलग तैयारी करने में लगे हैं। पर्यटन विभाग भी सातवें दीपोत्सव को एक नए कीर्तिमान के रूप में स्थापित करने के लिए अपने ढंग से तैयारी कर रहा है। दीपोत्सव में पर्यटन विभाग की ओर से झांकियां निकाली जाएंगी जाएगी, जो रामायण के सातों अध्यायों (कांड) पर आधारित होंगी। इसके अलावा पंचकोसी,14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग सात लाख दिए जलाएगा। पर्यटन विभाग की ओर से निकाली जाएंगी कुल आठ झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर कुल आठ झांकियां निकाली जाएगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड, किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां होंगी, इसके अलावा एक राम रथ की झांकी निकाली जाएगी।

## अंत्येष्टि स्थल बन कर तैयार पर आज तक नहीं जले कोई शव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। कहते हैं कि शव यात्रा में शामिल लोग जब अंत्येष्टि स्थल में कुछ पल बिताते हैं तो उनको आभास होता है कि जिस मोह माया के चक्कर में हम पड़े हैं वह यहीं पड़ा रह जाएगा। इसलिए हाय तौबा की क्या जरुरत है हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायतों में बनने वाले अंत्येष्टि स्थल की। शासन की मंशा थी कि ग्रामीण क्षेत्र में खेत, खलिहान में जलाए जाने वाले शवों से फैलने वाले प्रदूषण को रोकने और लोगों को शवदाह के लिए बेहतर व्यवस्था देने को अंत्येष्टि स्थल का निर्माण कराया जाए। अत्याधुनिक अंत्येष्टि स्थल निर्माण के लिए सरकार ने धनराशि भेज भी दिया और अलग-अलग वित्तीय साल में बनकर तैयार भी हो गए अभी तक विकास खंड पूरा में पांच अंत्येष्टि स्थल के लिए बजट आ चुका जिसमें रामपुर हलवारा व कछौली में पिछले कई वर्षों से बनकर तैयार भी हो गए और गिरना भी शुरू हो गया लेकिन आज तक एक भी शव वहां पर नहीं जले मूड़ाडीहा व मड़ना में भी लगभग 25-25 लाख की लागत से पिछले एक वर्ष से शवदाह स्थल बनकर तैयार है।

## साई जी को राम नामी पहनाकर व राम मन्दिर माडल भेंट कर किया स्वागत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। संत मोहन लाल का शुभ आगमन अयोध्या की पावन धरती पर हुआ ॐ शिवालय परिवार के महंत गणेश राय दास ने पूज्य साई जी को राम नामा पहनाकर व राम मन्दिर माडल भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया इस दिव्य अवसर सिंधी की माटी एकत्रीकरण समिति के नव निर्वाचित राष्ट्रीय संयोजक ने संत नवलराम दरबार व ॐ शिवालय परिवार सहित देशभर के दो सौ प्रभु झूलेलाल मंदिरों की पवित्र माटी पूज्य साई जी के द्वारा श्रीराम जन्मभूमि न्यास समिति के महासचिव चपंतराय को दी गई।

## उपनिदेशक ने किसानों को रबी के मौसम में चीना ,रामदाना, राजगीरा व सांवा की बुवाई करने के लिये किया प्रेरित

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना अंतर्गत श्रीअन्न प्रदर्शन प्रक्षेत्र दिवस / किसान गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत बाहरपुर में प्रगतिशील किसान सुरेन्द्र प्रताप सिंह के खेत किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि फयाराम वर्मा रहे।उपनिदेशक कृषि डॉ संजय त्रिपाठी ने कहा कि श्री अन्न की खेती बुजुर्ग कर रहे थे।हरित क्रांति के बाद इसके प्रति किसानों का रुख कम हो गया। श्री अन्न से सेवन से बीमारी कम होती थी।

# एनसीसी कैंप के छठे दिन सेना के हथियारों की जानकारी दी गई



**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा**। नवोदय विद्यालय पीपराकोठी में 25 बिहार बटालियन एन.सी.सी.के कमांड में चल रहे"एक भारतःश्रेष्ठ भारत"कैंप के छठे दिन कैडेटों को आज युद्ध के समय सेना को काम आनेवाले हथियारों के बारे में बतलाया गया।इस क्रम में उन्हें एंसास राइफल और लाइट मशीनगन के बारे में जानकारी प्रदान की गई।इन हथियारों के हिस्से पुर्जे को खोलने जोड़ने और इस्तेमाल करने का प्रशिक्षण कैडेटों को सुयोग्य उस्तादों द्वारा दिया गया। आज सूबेदार देवबहादुर थापा और हवलदार सागर थापा के सुयोग्य निर्देशन में कैडेटों ने इंटर ग्रुप स्पोर्ट्स कंपीटिशन में भागीदारी की और वॉली बॉल के सेमी फाइनल का पुरजोर अभ्यास किया।वहीं दूसरी ओर जूनियर डिविजन के कैडेटों ने स्वच्छता अभियान चला कर बापू की सीख। को अमली जामा पहनाया।यह स्वच्छता अभियान कैंप लोकेशन में चलाया गया जिसका नेतृत्व सभी एन.सी.सी.पदाधिकारियों, जी.सी.आई.और पी.आई.स्टाफ ने किया।आज "टग ऑफ वार"का भी पूर्वाभ्यास किया गया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ।रात्रि वेला में कैंप के समस्त कैडेटों को"उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक"फिल्म दिखलाई गई।कैंप को सुंदर ढंग से चलाने में कैंप कमांडेंट ब्रिगेडियर नीलकमल(सेना मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार सिंह(सेना मेडल)की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सिविल स्टाफ में अमन,बलराम,सुरेश,रवींद्र ,लाल बाबू राय और राजू कुमार की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## अब से सिर्फ फ्रोजन मटन चिकन ही बाजार में रहेगा उपलब्धः खाद्य आयुक्त



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। अपूर्व इण्टरप्राइजेस फ्रोजन चिकन मटन डिस्ट्रीब्यूटर का भव्य शुभारम्भ सहायक आयुक्त खाद्य मानिक चन्द्र सिंह के द्वारा किया गया । जिसमें शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी अतुल कुमार सिंह सारा कम्पनी के श्रीनिवासन वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, डॉ अनिल कुमार राय, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, अपूर्व राय, राहुल श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, अतुल श्रीवास्तव, अवधेश यादव 'लकी' व शहर के विभिन्न होटल व रेस्टोरेण्ट के प्रतिनिधि व फुटकर मांस विक्रेता मौजूद थे। खाद्य आयुक्त ने मीडिया को बताया कि आज से अयोध्या नगर निगम में व जनपद में मुर्गा व बकरे को जिंदा काटकर बेचने पर पूर्ण रुप से प्रतिबंधित किया जाता है। अब से सिर्फ फ्रोजन मटन चिकन ही बाजार में उपलब्ध रहेगा।विभाग द्वारा निर्देशित किया गया है कि कोई भी यदि जिन्दा मुर्गा बकरा काटकर बेचता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## सोयाबीन से सोया पनीर व राधा फलावर मिल का शुभारंभ, विधायक प्रमोद कुमार ने किया उद्घाटन



**मोतिहारी, अशोक कुमार वर्मा**। राधा फलावर मिल प्राइवेट लिमिटेड की आधुनिक आटा मिल एवं सोयाबीन से सोया पनीर उत्पाद का उद्घाटन नगर विधायक प्रमोद कुमार ने किया।उक्त अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश अस्थाना एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्र किशोर मिश्रा , राजेंद्र गुप्ता , उप मेयर लालबाबू प्रसाद एवं मिल के निर्देशक यमुना सिकारिया उपस्थित थे। इस अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्ति के साथ व्यवसाय वर्ग उपस्थित थे मंच का संचालन मिल के अध्यक्ष डॉक्टर शंभू नाथ सिकारिया ने किया । मिल के शुभारंभ के पूर्व सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई । उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए शंभू सिकरिया ने कहा कि चोकर युक्त आटा यहां पर मिलेगा । संजीवनी गोल्ड नाम से 10 किलो का आकर्षक थैली में शुद्ध आटा आपकी अपनी पसंद की मिल से प्राप्त होगा जो स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से लाभप्रद होगा।आटा साफ सुथरे तरीके से तैयार किया जा रहा है ,आटा की कीमत28 किलो कि दर से एवं 125 रुपए किलो की दर से सोया पनीर की बिक्री किया जाएगा।।इस मौके पर वार्ड पार्षद धीरज जयसवाल,सहित कई व्यापारी एवं गण्यमान्य लोग मौजूद थे। आधयात्मिक,सामाजिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में उतकृष्ट भूमिका निभाने वाले सिकारिया बढते महंगाई के दौर मे सस्ते रेट मे आटा और सोयाबीन पनीर का उत्पादन आरंभ कर जिले हीं नही बल्कि बिहार के आम लोगों को राहत पहूंचाने का काम किया है।

# राहुल गांधी को लालू यादव के परिवारवाद को समझना होगा वर्ना पूरे बिहार में इंडिया को होगा नुकसान



**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)**। जन अधिकार पार्टी के किशनगंज जिला अध्यक्ष सह जिला पार्षद इन्जीनियर नासिक नादिर ने आज एक खास वार्तालाप के दौरान कहा कि आगामी 12 नवंबर को किशनगंज नगर के स्टार पैलेस हाल में जन अधिकार पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन होने जा रहा है। जिसका उद्देश्य सिमांचल में पार्टी संगठन को मजबूत करना एवम आपस में विचार विमर्श कर आगे की रणनीति तैयार करना है। उन्होंने कहा कि हमारे गार्जियन पप्पू यादव उर्फ राजेश रंजन जी के दिशानिर्देश में एवम जन अधिकार पार्टी के बिहार अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर डाक्टर गुलरेज रौशन रहमान जी के नेतृत्व में उक्त कार्यकर्ता सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। उनहोने कहा कि कुछ असमाजिक तत्व किशनगंज का माहौल खराब करने की नापाक साजिश रच रहे हैं उन्हें कभी कामयाब होने नही दिया जायेगा। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि जन अधिकार पार्टी कभी भी जात धर्म एवम साम्प्रदाय की राजनिति नहीं करती है हमारी पार्टी समाजिक न्याय की लड़ाई लड़ती है और विकास की राजनिति करती है। किशनगंज एवम सिमांचल का यह पूरा क्षेत्र बाढ से ग्रसित क्षेत्र है लेकिन बिहार सरकार के पास इस क्षेत्र के विकास के लिए कोई योजना नहीं है। बिहार सरकार यहां के विकास केलिये काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का संघर्ष से भरा इतिहास है हम संघर्ष करते हैं विकास के लिए आपसी भाईचारा के लिए और सबको बराबर न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करती है हमारी पार्टी मगर जदयू राजद भाजपा एवम दिगर पार्टियाँ केवल अपने स्वार्थ की राजनिति करती है। यही कारण है कि आज हमारा राज्य एवम देश पिछड़ता जा रहा है। बिहार के एक विकासशील नेता शहाबुद्दीन साहब को मरवा दिया गया आज उनके बेकसूर बेटा ओसामा को बार बार गिरफतार किया जा रहा है उनके कैरियर और जिन्दगी को खत्म करने की साजिश हो रही है बिहार के दलित पिछड़े एवम अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सब कुछ देख और समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजद ने मुसलमानों को हमेशा बेवकूफ बनाने का काम किया है। मुसलमानों का वोट लिया लेकिन मुसलमानों को दिया कुछ नहीं जिसका खमियाजा राजद को आगामी लोकसभा चुनाव एवम विधानसभा चुनाव में भूगतना पड़ेगा। पुछने पर इन्जीनियर नासिक नादिर ने जोर देकर कहा कि राहुल गांधी जी को यह तैय करना होगा कि वह इंडिया गठबंधन में जन अधिकार पार्टी को लें या ना लें। राहुल गांधी जी को लालू प्रसाद यादव जी के परिवारवाद को समझना होगा अगर उन्होंने यह नहीं समझा तो बिहार में कांग्रेस को बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि अगर हमें इंडिया गठबंधन में नही लिया गया तो हमारी पार्टी बिहार के सभी 40 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी और इसका सीधा नुकसान इंडिया गठबंधन को होगा। उन्होंने कहा कि बिहार की राजनिति में पप्पू यादव जी का एक बड़ा नाम है वह पूर्णिया से दो बार सांसद रह चुके हैं और जनहित में हमेशा संघर्ष करते रहते हैं।

## लखीमपुर खीरी में केतकी रत्न सम्मान से नवाजी जाएगी रामनगरी अयोध्या की बेटी



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। जिले की युवा कवयित्री एवं गीतकार अर्चना द्विवेदी को उनके साहित्यिक योगदान के लिए केतकी साहित्य रत्न सम्मान 2023 के लिये चयनित किया गया है।राष्ट्रीय स्तरीय कथा कुंज साहित्यिक सेवा संस्थान की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अर्चना द्विवेदी को उनकी हिंदी भाषा में साहित्यिक योगदान के लिए यह सम्मान एक भव्य साहित्यिक समारोह में दिया जाएगा। इस वर्ष यह राष्ट्रीय साहित्य सम्मान समागम समारोह 5 नवंबर को यूपी के आशीर्वाद गेस्ट हाउस कस्बे मोहम्मदी लखीमपुर खीरी में आयोजित होगा।यह आयोजन कथाकुंज साहित्य सेवा परिषद के संस्थापक गोविंद गुप्ता के संयोजन में होगा।इस सम्मान में देश भर से करीब तीन सौ समाजसेवी एवं साहित्यकार भाग लेंगे।जिसमें देश के 21 प्रतिभाओं को गोमती व केतकी सम्मान से नवाजा जाएगा।इस सम्मान समारोह में इस बार अयोध्या की पावन भूमि से युवा कवियत्री अर्चना द्विवेदी को उनके काव्य रचनाओं और गीतों के लिए "केतकी रत्न सम्मान" से सम्मानित किया जाएगा।अर्चना द्विवेदी मूल रूप से अयोध्या जिले के तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम मलिकपुर पोस्ट डाभासेमर की निवासिनी हैं।विद्यार्थी जीवन से ही हिंदी भाषा में इनकी रुचि रही है।

## अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान हुई बैठक

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। आगामी 4 नवंबर को अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में अयोध्या में दीप उत्सव के शुभ अवसर पर एक शाम अयोध्या जी के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिस कार्यक्रम में 2100 दीप प्रज्वलित करके डांडिया व गरबा का सांस्कृतिक कार्यक्रम शहर के नियर नाका बाईपास स्थित के टी पब्लिक स्कूल में आयोजित होगा।उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महिंद्रा ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ 2100 दीप प्रज्वलित तथा कार्यक्रम में डांडिया गरबा का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश होंगे कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नेत्र सर्जन डॉ संजीव थापर डॉ जावेद अख्तर डॉ सीताराम अग्रवाल पूर्व प्राचार्य प्रीतम सिंह व्यापारी नेता सुशील जायसवाल सर्राफा मंडल के नरेश अग्रवाल अतिथि के रूप में महिला थानाध्यक्ष निशा शुक्ला डॉ स्वदेश मल्होत्रा डॉ आशुतोष प्रताप सिंह डॉक्टर गरिमा सिंह डॉ प्रियंका त्रिपाठी होंगे कार्यक्रम में बेस्ट कपल बेस्ट डांस बेस्ट ड्रेस बेस्ट सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों को चमचमाती हुई मोमेंट सहित चांदी का पायल आदि उपहार दिया जाएगा।

## साकेत महाविद्यालय के शिक्षकों ने किया अंतरिम वरिष्ठता सूची का विरोध

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। कामता प्रसाद सुंदर लाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षकों ने बुधवार को कार्यवाहक प्राचार्य द्वारा नियम कानूनों के विरुद्ध जाकर जारी की गई वरिष्ठता सूची का जमकर विरोध करते हुए उसकी प्रतियां जलाई। शिक्षकों का आरोप है कि प्राचार्य ने यूजीसी व विश्वविद्यालय के नियमो के विरूद्ध जाकर मनमाने तरीके से वरिष्ठता सूची जारी की है।महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के सहायक आचार्य प्रो0 जन्मेजय तिवारी ने डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलसचिव को शिकायती पत्र भेजकर उपरोक्त अंतरिम वरिष्ठता सूची पर कड़ी आपत्ति जाहिर की है। उनका आरोप है कि जब महाविद्यालय में शिक्षकों की दो ही केटेगरी प्राचार्य व सहायक आचार्य की ही है तो प्राचार्य ने किस नियम के तहत 6 केटेगरी बनाया है। हम इस वरिष्ठता सूची का विरोध करते है हमें यह स्वीकार नही है।

## राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर फैजाबाद, राजकीय महिला शरणालय अयोध्या का निरीक्षण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा निर्देशन व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद गौरव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर फैजाबाद, राजकीय महिला शरणालय अयोध्या का निरीक्षण आश्रय गृह निरीक्षण समिति के सदस्य श्रीमती नूरी अंसार अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, शैलेन्द्र सिंह यादव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।निरीक्षण के दौरान संप्रेक्षण गृह किशोर फैजाबाद में कुल 108 बच्चे संवासित पाए गए जिसमें अयोध्या जनपद से मात्र 26 बच्चें है शेष अन्य जनपद के संवासित है। निरीक्षण के समय बच्चों से पूछने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि प्रातः काल योगा कराया जाता है। संस्था के साफ-सफाई संतोषजनक पायी गयी, इस संबंध में पूछने पर बताया गया कि दो नये सफाईकर्मी की भर्ती की गयी है। समिति द्वारा संस्था के औचक निरीक्षण के दौरान कुछ बच्चें कैरम देखते पाये गये।

## निराश्रित गोवंश संरक्षण अभियान शुरू

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या**। निराश्रित गोवंश संरक्षण उनकी सुरक्षा, समुचित भरण-पोषण के साथ-साथ गोवंश को जनमानस के लिए उपयोगी बनाए जाने हेतु सरकार के दृढ़ संकल्प के क्रम में व्यापक नीति के प्रख्यापन के साथ-साथ उच्चस्तरीय निर्णय के अनुसार तथा कृषकों एवं जनमानस को इससे हो रही कठिनाईयों के दृष्टिगत समय-समय पर शासन द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए गये। यद्यपि जनपद अंतर्गत वर्ष 2019 की पशु गणना के अनुसार कुल आंकलित निराश्रित गोवंशों की सख्या के सापेक्ष 110 प्रतिशत गोवंश को शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित 36 गोआश्रय स्थलों में संरक्षित किया गया। इसके उपरान्त भी जनमानस द्वारा कम दुग्ध उत्पादन/अवर्णित गोवंश के साथ-साथ कृषि कार्य में मशीनीकरण के कारण अनुपयुक्त नर गोवंष को बेसहारा छोड़ दिए जाने के कारण निराश्रित गोवंशों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जहॉ यह निराश्रित गोवंश कृषकों की फसलों को खाते हैं। जिससे अन्न उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वहीं दूसरी ओर संड़कों पर निरंकुश भ्रमण करने के कारण मार्ग दुर्घटना से पशु एवं जन हानि भी हो रही है।

उद्घाटन — स्वास्थ्य शिविर का सिविल सर्जन ने उद्घाटन किया जिसमें 150 लोगों की जांच हुई

# लोहार पट्टी में दूरस्थ स्वास्थ्य शिविर का सिविल सर्जन ने उद्घाटन किया




**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)**। आज शहरी क्षेत्र के लोहार पट्टी में दूरस्थ स्वास्थ्य शिविर का सिविल सर्जन ने उद्घाटन किया जिसमें 150 लोगों की जांच हुई । राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत विशेष शिविर आयोजित किया गया। कालाजार, परिवार नियोजन व अन्य सेवाओं की भी जानकारी दी गई। 04 नवम्बर तक शहर के 04 विभिन्न इलाकों में यह कार्यक्रम होगा। लोगों को किया जाएगा ।सिविल सर्जन ने कहा कि जिले में जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग तत्पर है। सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों से दूर आवासित लोगों तक सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए जिले में विशेष दूरस्थ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस क्रम में शहरी क्षेत्रों के स्लम बस्तियों व झुग्गी झोपड़ी में गुजर-बसर करने वाले वंचित लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन चलाया जा रहा है। इसके तहत शहर के विभिन्न इलाक़ों में विशेष दूरस्थ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला मुख्यालय स्थित लोहार पट्टी करबला में शिविर का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ कौशल किशोर कांग्रेस अध्यक्षा इमाम अली चिंटू। ने फीता काट कर किया । जहां लोगों को मुफ्त इलाज किया गया एवं सरकार द्वारा चलाये जा रहे अन्य कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करायी गई। शिविर में 150 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गयी एवं दवा वितरण किया गया। चार गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच करने के साथ-साथ कैल्सियम गोली वितरित की गई। शिविर में परिवार नियोजन के साधन की प्रदर्शनी तथा इच्छुक दम्पति को अस्थाई साधन माला इन, छाया गोली, निरोध आदि प्रदान किया गया । इस मौके पर , जिला स्वास्थ्य समिति के जिला कार्यक्रम प्रबंन्धक डॉ मुनाज़िम, डीडीए आशा सह सलाहकार शहरी स्वास्थ्य मिशन सुमन सिन्हा , बीएचएम अजय कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि आदि उपस्थित हुए । शिविर के अनुश्रवन की जिम्मेवारी डीडीए आशा सह सलाहकार शहरी स्वास्थ्य मिशन सुमन सिन्हा को दी गयी है।

# किशनगंज के सिंघिया कुलामनी में धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया



**किशनगंज(अली रेजा सिद्दिकी )**।श्री स्पर्श गुप्ता, भा.प्र. से. प्रभारी जिला पदाधिकारी - सह - उप विकास आयुक्त, किशनगंज द्वारा सिंघिया कुलामनी, प्राथमिक कृषि साख समिति, ग्राम पंचायत, सिंघिया कुलामनी में खरीफ विपणन वर्ष 2023- 24 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी डीएम के द्वारा धान अधिप्राप्ति के विभिन्न पहलुओं तथा इस कार्यक्रम की महत्ता के संबंध में अवगत कराते हुए उपस्थित जन प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक संख्या में किसान पोर्टल पर कृषकों का निबंधन कराने हेतु उनको उत्प्रेरित करने का अनुरोध किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रभारी जिला पदाधिकारी के साथ निदेशक, डी.आर.डी.ए., जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता, धान अधिप्राप्ति, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम के साथ-साथ अधिक संख्या में स्थानीय कृषक एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसके उपरांत प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत, सिंघिया कुलामनी के वार्ड संख्या - 08 में प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में निर्मित श्री उपेन्द्र लाल, श्री महेन्द्र लाल, श्रीमती नमिता देवी एवं श्रीमती मंजा देवी के आवासों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उक्त लाभुकों को अपने आवास में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लोगो एक सप्ताह के अन्दर लगाने का निदेश दिया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक एवं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, किशनगंज को निर्धारित अवधि में सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। तदोपरांत प्रभारी जिला पदाधिकारी द्वारा मनरेगा अंतर्गत उ0म0वि0, घोघापार के प्रांगण में निर्मित बाउण्ड्री वाल का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में योजना स्थल पर निर्धारित मानक के अनुरूप नागरिक सूचना पट्ट अधिष्ठापित करने तथा चहारदिवारी का रंग-रोगन करने का निदेश दिया गया। एतद क्रम में वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्राम पंचायत सिंघिया कुलामनी अंतर्गत श्री प्रमोद पासवान एवं श्री बिरजू पासवान के निजी जमीन पर किये गये वृक्षारोपण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में योजना स्थल पर निर्धारित मानक के अनुरूप नागरिक सूचना पट्ट अधिष्ठापित करने तथा मृत पौधों के स्थान पर नये पौधो का रोपण विभागीय निदेशानुरूप कराने का निदेश पंचायत रोजगार सेवक सिंघिया कुलामनी एवं कनीय अभियंता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी, किशनगंज को दिया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रभारी जिला पदाधिकारी के साथ निदेशक, डी.आर.डी.ए., प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, किशनगंज, कार्यक्रम पदाधिकारी, किशनगंज एवं कनीय अभियंता, मनरेगा सहित स्थानीय ग्रामीण एवं जन प्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### चंदौली क्रिकेट काउंसिल की टीम उपविजेता बनी



**रघुनाथ प्रसाद, शुभ भास्कर चंदौली।** जनपद की क्रिकेट टीम ने रेडियंट स्टार क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड रुड़की उत्तराखंड में आयोजित इंटर स्टेट टी ट्वेंटी क्रिकेट का फाइनल मुकाबला आज चंदौली की टीम और रेडियंट स्टार क्रिकेट एकेडमी रूरकी की टीम के बीच हुआ जिसमे चंदौली टीम 70 रन से हार गई इसके पहले अंतिम लीग मैच में चंदौली क्रिकेट काउंसिल टीम ने बेसिक क्रिकेट एकेडमी बरेली को आसानी से 190 रन से हराया चंदौली टीम ने 20 ओवर में 260 रूम चार विकेट पे बनाए जवाब में बरेली टीम सिर्फ 70 रूम ही बना पाई फाइनल में रूड़की टीम 160 रन बना के ऑल आउट हो गए जवाब में चंदौली टीम शुरू में ही 35 रन पे पांच विकेट गिरा के संकट में पड़ गए पूरी टीम 20वे ओवर में 90 रन पे ऑल आउट हो गए जिसमे पांच क्रिकेटर रन आउट हो गए बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार मिलन को मिला टीम के कोच अभिमन्यु शर्मा थे टीम को सतीश पंवर समाज सेवी ने पुरस्कृत किया ये जानकारी क्रिकेट काउंसिल के मीडिया प्रभारी शौजब हुसैन ने दी है

### अनियंत्रित ट्रक गड्ढे में पलटी, चालक व खलासी बाल-बाल बचे



**शुभ भास्कर चंदौली।** स्थानीय सदर कोतवाली क्षेत्र के डिग्घी गांव के समीप बुधवार को गिट्टी लादकर जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर गड्ढें में पलट गयी। हालांकि चालक व खलासी बाल बाल बच गए। सदर कोतवाली क्षेत्र के डेवढिल गांव की तरफ से गिट्टी लादकर ट्रक डिग्घी गांव की तरफ बुधवार को जा रही थी।जैसे ही प्राथमिक विद्यालय डिग्घी के पास ट्रक पहुंची कि अनियंत्रित होकर गड्ढें में पलट गयी। हालांकि इससे कोई हताहत नहीं हुआ। ट्रक चालक व खलासी भी बाल बाल बच गए। संयोग अच्छा रहा कि इस समय कोई आवागमन नहीं हो रहा था। नहीं तो बड़ी घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता।

### 4 महीने से रुके हुए मानदेय को एक मुस्त,तत्काल किया जाय भुगतान- मंजू



**शुभ भास्कर चंदौली।** जनपद मुख्यालय पर बुधवार को रसोईया लगातार विद्यालय में खाना बनाने का काम कर रही हैं। किंतु हमारा मानदेय 4 महीने से रुका हुआ है जिससे हमारी हालत दयनीय होती जा रही है हम मांग करते हैं कि हमारा रुका हुआ मानदेय तत्काल एकमुस्त भेजा जाए उक्त बातें स्थानीय बिछिया धरना स्थल से जिलाधिकारी कार्यालय तक उत्तर प्रदेश मिड- डे- मील वर्कर्स यूनियन के बैनर तले जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपने के दौरान सभा को संबोधित करती हुई उत्तर प्रदेश मिड डे मील वर्कर्स यूनियन चंदौली की जिला संयोजक मंजू पासवान ने कही। उन्होंने कहा कि हम रसोइया कर्मी बहुत अल्प मानदेय और बेहद कठिन परिस्थितियों में अपने कार्य को वर्षो से कुशलता पूर्वक संपादित करती आ रही हैं। मिलने वाली बहुत अल्प 2000/ रु मानदेय की राशि भी आज तक कभी भी नियमित रूप से नहीं मिली। वर्तमान समय में भी 4 माह का मानदेय बकाया है। नवीनीकरण के नाम पर मनमाने ढंग से निष्कासन आम बात हो गई है। सरोज ने कहा की खाना बनाने के साथ सफाई कर्मचारी से लेकर चपरासी तक के सारे काम हमे करने पड़ते हैं। कोई आकस्मिक और बीमारी का कोई अवकाश नहीं मिलता है। रसोईया सुशीला ने मांग करते हुए कहा की पूरे जिले के सभी विद्यालयों को एक सर्कुलर जारी किए जाने वाले दुर्व्यवहार पर रोक लगाई जाए। विद्यालयों में खाना बनाने के कार्य के अलावा कराई जा रही बेगारी पर रोक लगाने के लिए आदेशित किया जाय। नवीनीकरण के नाम पर निष्कासित की गई समस्त रसोईया कर्मियों को सेवा में बहाल किया जाय। तथा सभी विद्यालयों के रोसोइघर फायर ब्रिगेड के मानक के अनुरूप बनाया जाएं।मार्च तथा सभा में निर्मला,कुमारी,झन्नी, मुराही,गुड्डी, हीरा, रजवंती,सुशीला,रिंकी सहित दर्जनों रसोईया शामिल रही।

### पुलिस ने दो वांछित वारंटियों को किया गिरफ्तार



**शुभ भास्कर चंदौली/ धीना।** स्थानीय थाना पुलिस ने बुधवार को अभियान चलाकर गोरखा गांव से वांछित दो सगे भाइयों को गिरप्तार कर लिया।पुलिस ने दोनों भाइयों पर 2011 में मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था।न्यायालय से एनबीडब्ल्यू जारी होने पर पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर अगली कार्रवाई में जुट गई।पुलिस दोनों भाइयों का काफी दिनों से तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार के निर्देश पर वारंटियों के गिरप्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।धीना थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गोरखा निवासी दो सगे भाई वांछित वारंटियों को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।इसमें रामाश्रय पुत्र गोवर्धन व सच्चिदानन्द पुत्र गोवर्धन शामिल रहे।पुलिस दोनों वारंटियों का काफी दिनों से तलाश कर रही थी।पुलिस टीम में धीना थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश यादव, उपनिरीक्षक शिवशंकर सिंह व हरिनाथ यादव आदि रहे।

# ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण का आयोजन



**शुभ भास्कर चंदौली/धानापुर।** स्थानीय कस्बा स्थित बीआरसी से संलग्न पूर्व माध्यमिक विद्यालय धानापुर में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सैयदराजा विधायक सुशील सिंह व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह द्वारा सयुक्त रूप से मां सरस्वती के तैल चित्र पर द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके बाद छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश नारायण सिंह ने मुख्य अथिति, विशिष्ट अथिति को पुष्प भेंट कर स्वागत किया। जिसके बाद परिषदीय कर्मचारियों द्वारा अथितियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेट किया गया। वहीं ऐसा भारत देश है मेरा गीत पर बच्चियों का डांस ने सभी का मन मोह लिया। बतौर मुख्य अथिति विधायक सुशील सिंह ने कहां की सरकार के सभी कार्ययोजनाओं पर हम सभी को मिल कर काम करना है और परिषदीय विद्यालयों में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रखनी है। साथ ही विधायक ने कहां की प्रदेशीय रैंक में धानापुर को टॉप 10 में लाना है। जिसके लिए सभी कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों को मिल कर काम करना होगा। जिसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने ब्लॉक के सभी कार्ययोजनाओं को सभी के समक्ष रखा। वहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सतेंद्र कुमार सिंह ने निपुण भारत योजन, डीबीटी योजना, कायाकल्प योजना, विद्यालय प्रबंध समिति सहित अन्य बिंदुओं के बारे में स्पष्ट किया। साथ ही सभी ग्राम प्रधानों से अपील किया की विद्यालय को एक नई दिशा देने में सभी 19 पैरामीटर्स को पूरा करने में सहयोग करे। जिस दौरान मुख्य रूप से प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राजेश सिंह, आशुतोष सिंह मिंटू, बलवंत सिंह, अवधेश सिंह, इम्तियाज खान, बृजेश सिंह, प्रदीप सिंह, इरफान अली, मंसूरी, विजय बहादुर सिंह, संजय प्रजापति, अमित जायसवाल, अशोक पाल, संजय कुमार, सुभाष यादव, घनश्याम सिंह, नूर अख्तर अली, धीरेंद्र विक्रम सिंह, अनंत सिंह, आरिफ जमाल, पूजा सिंह, विजयमल उपाध्याय सहित अन्य रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत मुरली धर यादव व संचालन इरफान अली ने किया।

### परिषदीय विद्यालय के 19 पैरामीटर्स को पूरा करने पर प्रहलादपुर ग्राम प्रधान को किया गया सम्मानित

**धानापुर।** विकास खंड क्षेत्र के प्रहलादपुर गांव में परिषदीय विद्यालय के सभी 19 बिंदुओं पर कार्य पूरे कराएं जाने पर ग्राम प्रधान आशुतोष सिंह मिंटू को खंड शिक्षा अधिकारी अवधेश नारायण सिंह द्वारा अंगवस्त्र व समृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कहां की अगर सभी ग्राम प्रधान इसी तरह सहयोग करे तो वो दिन दूर नही जब ब्लॉक पूरे प्रदेश में टॉप स्थान में होगा.

## ग्राम प्रधान से दिनदहाड़े 50 हजार की लूट, पुलिस सीसी फुटेज खंगालने में जुटी



**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र के सोनहुला में राइस मिल मालकिन व ग्राम प्रधान गीता देवी से लुटेरों ने फुटकर भजाने के बहाने लगभग 50 हजार रुपये की छिनैती करके लुटेरे भाग अपार्ची गाड़ी से फरार हो गये । रुपये छिनने के बाद प्रधान को शटर में बन्द कर दिया । प्रधान के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने कुछ दूर तक पीछा भी किया किन्तु वे भाग निकले । मौके पर 112 नम्बर पहुचकर उच्चाधिकारीयों को सूचना दिया । मौके पर क्षेत्राधिकारी ने जांच पड़ताल किया । पुलिस सीसी फुटेज खंगालने में जुट गई है । सोनहुला गांव में शिवदयाल साहू की राइस मिल है । उनकी पत्नी गीता देवी वर्तमान में ग्राम प्रधान है । बुधवार की दोपहर में दो लोग मुंह पर मास्क लगाये राइस मिल के आगे मकान पर पहुँचे । जहां उसमें से एक ग्राम प्रधान से 500 रुपये का फुटकर मांगने लगा । वे झोले फुटकर निकालकर गिन रही थी तभी झोले सहित हांथ में जो रुपये था छीन लिया व प्रधान को शटर में बन्द कर दिया । दूसरा जो गाड़ी पर बैठा था गाड़ी स्टार्ट कर बलुआ की तरफ फरार हो गया । पीछे के रास्ते से निकलकर प्रधान ने शोर मचाना शुरू कर दिया । प्रधानपति जो राइस मिल में बैठे थे व आसपास के लोग उन सबका का पीछा किया । तबतक काफी देर हो चुकी थी । सराय नहर से तीन चार रास्ता निकला है । वे रास्ते से फरार हो चुके थे । शिवदयाल साहू ने घटना की जानकारी 112 नम्बर पर दिया । वही बलुआ थाने की फोर्स भी पहुच गयी । घटना की जानकारी होने पर क्षेत्राधिकारी राजेश राय मौके पर पहुचकर परिजनों से पूछताछ किया । पुलिस सीसी फुटेज खंगालने में जुट गई है । इस संदर्भ में बलुआ इंस्पेक्टर बिनोद मिश्रा का कहना है की तहरीर मिल गयी है ।

## यातायात जागरूकता माह का चंदौली पुलिस ने किया शुभारम्भ



**शुभ भास्कर चंदौली।** जनपद में बुधवार को यातायात जागरूकता माह-2023 का शुभारंभ पुलिस लाइन चन्दौली में पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि व्यक्ति का जीवन बहुमूल्य होता है, इसे किसी भी प्रकार की लापरवाही करके खतरे मे नहीं डाला जाना चाहिए। पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया जाता रहता है साथ ही प्रत्येक माता-पिता एंव अभिभावक द्वारा अपने बच्चों को यातायात के नियमों का पालन करने की शिक्षा अवश्य देनी चाहिए कार्यक्रम में देलही पब्लिक व एमडीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों एवं अखण्ड हिंद फौज के बच्चों, शिक्षकों सहित समस्त लोगों को सम्बोधित करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन सुखराम भारती ने कहा कि बच्चे इस बात की शपथ लें की वो अपने अभिभावक, माता-पिता, भाई-बहन आदि किसी को भी बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन तथा बिना शीट बेल्ट के चार पहिया वाहन नहीं चलानें देगें व उनसे यातायात नियमों का पालन करने के लिए कहेगें, हेलमेट एवं शीटबेल्ट चालान के डर से नहीं बल्की अपनी स्वयं की सुरक्षा हेतु लगायें। आज के समय सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतें किसी भी तरह की होनें वाली मौतों से कहीं अधिक है अगर हम सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पूर्णतया पालन करें तो होने वाली इन दुर्घटनाओं तथा असमय मृत्यु को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# 29 राशि गोवंश समेत एक तस्कर गिरफ्तार



गोवंशों के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार करने वाली सैयदराजा थाना पुलिस के हाथ मंगलवार की देर रात्रि फिर एक बड़ी सफलता मिली। बता दें कि 29 राशि गोवंशों को कंटेनर में क्रूरतापूर्ण ढंग से लादकर वध हेतु बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल ले जाए जा रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तस्कर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

**शुभ भास्कर चंदौली /सैय्यदराजा।** स्थानीय थाना यूपी–बिहार बार्डर के सटे जनपद चंदौली जिले में गो तस्करी का गोरखधंधा सबाब पर है। गो तस्करी के गोरखधंधे पर नकेल कसने को एसपी चंदौली डा अनिल कुमार के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। तमाम अभियान के बावजूद इस गोरखधंधे में संलिप्त तस्करों के हौसले में कमी नहीं आ रही है। पुलिस टीम एक कदम आगे रहते हुए इस धंधे का लगातार भंडाफोड़ कर रही है। तो वहीं धंधे में अधिक कमाई के लालच में आकर गो तस्करों के हौसले भी दो कदम आगे हैं। यही वजह है कि यूपी बिहार बार्डर का अंतिम थाना सैयदराजा द्वारा लगातार इस गोरखधंधे में शामिल तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ ही गोवंशों को बरामद किया जा रहा है। लेकिन गोरखधंधा सबाब पर ही है। वैसे तो जनपद पुलिस लगातार अभियान चलाकर इस धंधे पर नकेल कस रही है, लेकिन दो दिनों पूर्व 32 राशि

है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सूचना के आधार पर नौबतपुर पुलिस चेकपोस्ट के समीप चेकिंग अभियान चलाकर सैयदराजा थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कंटेनर वाहन में लादकर पश्चिम बंगाल वध हेतु ले जा रहे 29 राशि गोवंश समेत एक तस्कर को हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार तस्कर अरविंद कुमार निवासी शिवदासपुर थाना मडुआडीह जनपद वाराणसी ने पुलिसिया पूछताछ में बताया की इनके द्वारा फतेहपुर से गोवंशो को लादकर पश्चिम बंगाल वध हेतु ले जाया जाता है, इस धंधे में काफी दिनों से संलिप्त है। जीवन यापन का यही जरिया है। इस बाबत सैयदराजा थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर गिरफ्तार गो तस्कर के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरतापूर्ण निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है।

### ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनिया।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय महराजगंज में टाण्डा में प्राथमिक बिद्यालय में 30 अक्टूबर को ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़ में अनुराग 50 व 100 मीटर में प्रथम,अंजली 100 मीटर में सेकेंड,प्रिया 200 मीटर में सेकेंड,सत्यम 200 मीटर में सेकेंड आये थे । विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की ।जिसमे अतिथि के रूप में विद्यालय में शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।क्षेत्र से आए हुए अतिथियों को अंगवस्त्र और माल्यार्पण से स्वागत भी किया गया। खेल टीचर डॉ०संदीप यादव ने कहा कि बच्चों को हम प्रतिदिन एक घंटे मेहनत से नए नए खेल सीखाते हैं, बच्चों की सराहना करते हुए कहा की ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे हमलोग को मिलें तो हम उनको जनपद स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक लेकर जाने का भी काम करेंगे।ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की प्रतिभा को देखते हुए हम सबको मिलकर बच्चों को प्रेरित करना चाहिए की पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी बहुत जरूरी है इससे शरीर स्वस्थ्य रहता है। इस कार्यक्रम के में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान रमाकांत यादव,संतोष सिंह, अभय यादव पीके,राकेश मौर्य,एकता यादव,शशिप्रकाश भारती, रामकेश यादव मौजूद रहे।

### बाल संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी से जनपद की तमाम समस्याओं से संबंधित पुछे प्रश्न



**शुभ भास्कर चंदौली।** जनपद स्थित आलोक विद्यालय के बच्चों के बीच बाल संवाद कार्यक्रम में जिलाधिकारी से जनपद की तमाम समस्याओं से संबंधित प्रश्न पूछे जिसका जिलाधिकारी ने बड़े ही सुंदर तरीके से उत्तर दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के कुमार सृजन, अनामिका,महिमा, दीक्षा, इत्यादि कुल 16 बच्चों ने जिलाधिकारी से प्रश्न पूछे जिनका जिलाधिकारी ने बहुत ही सादगी से उत्तर दिया। जिससे बच्चे संतुष्ट थे ।और बच्चों ने जिलाधिकारी के दिनचर्या उनके जिलाधिकारी बनने की प्रक्रिया में किए गए प्रयास जनपद में हो रहे कार्यक्रमों के संदर्भ में डेंगू चिकनगुनिया के संबंध में बहुत सारे प्रश्न पूछे।

### इंटर यूनिवर्सिटी आल इंडिया में सलेक्शन होने पर छात्रा को किया गया सम्मानित



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियाँ।** क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कहीं नहीं है। इंटर यूनिवर्सिटी आल इंडिया नेशनल वर्ष 2023 बैट मेंटल के खेल में नागालैंड में सलेक्शन होने पर मां खंडवारी महाविद्यालय कि छात्रा निशा यादव को बुधवार को चहनिया ब्लाक मुख्यालय परिसर में मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल उपजिलाधिकारी/खंड विकास अधिकारी दिव्या ओझा व क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने छात्रा को सिल्ड ,साईकिल ,बैट मेंटल ट्रैक शुट देकर सम्मानित किया । वही बालक वर्ग में लकी मोसहिद को सात बार प्रदेश में दूसरा स्थान,5 बार ग्रैंड फिनाल्डो व आल इंडिया में 9 बार ईस्ट जोन में 1 बार आने पर सम्मानित किया गया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने कहा कि शिक्षा में खेल बेटियो व युवाओं के शरीर मन और आत्मा सहित एकीकृत व्यक्तित्व के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यही बेटीयां राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल चैम्पियनशिप में जाकर भारत का डंका विश्व में बजाती है।बस जरूरत है उन्हें सहयोग प्रदान करने की हम वादा करते हैं कि हमारे गांव क्षेत्र कि बिटिया दौड़,कुश्ती,बैटमिंटल, फुटबॉल,बालिबाल सहित अन्य खेलों में जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराने का काम करती है। मैं उनका भरपूर सहयोग प्रदान करूंगा। उपजिलाधिकारी/खंड विकास अधिकारी ने कहा कि बेटो से बेटियां कम नहीं है।आज बेटीयां विश्व में अपनी डंका बजा रही है। चाहे खेल का मैदान हो शिक्षा जगत में आईएएस, पीसीएस, डाक्टर, इंजीनियर, शिक्षक बनने में चैम्पियन बन रही है। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राजेश राय ने कहा कि आज बेटीयां विश्व में अपनी पहचान बना रही है।कोच डा० अजय सिंह ने कहा कि निशा यादव ने बैट मेंटल के खेल में सात बार प्रदेश स्तर व चार बार आल इंडिया में खेल चुकी है। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि सतीश गुप्ता, अविनाश,नव्या तिवारी,अंशिका गुप्ता,अंजली कुमारी पूर्णिमा,डोली, शगुन, सोनाली, आंनद,मो० शमीम, शांतनु, कृष्णा सचिन, शिवम् आदि उपस्थित थे ।

धरना | छात्रों ने चेताया कि शीध्र तिथि की घोषणा नही होने पर पुनः आन्दोलन के लिये बाध्य होगे

# प्राचार्य के आश्वासन पर छात्रों का धरना समाप्त



**शुभ भास्कर चंदौली/ सकलडीहा।** स्थानीय पीजी कॉलेज में छात्र संघ का चुनाव कराने को लेकर दो दिन से छात्र नेता धरना पर बैठे हुए थे। मंगलवार को दोपहर में प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय और कोतवाल विमलेश कुमार मौर्या संयुक्त रूप से धरना स्थल पर पहुंचकर समझाने का प्रयास किया। लेकिन छात्र मांगों को लेकर अड़े रहे। प्राचार्य द्वारा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ और जिलाधिकारी को पत्र भेजकर चुनाव कराने का आश्वासन देकर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया। छात्रों ने चेताया कि शीध्र तिथि की घोषणा नही होने पर पुनः आन्दोलन के लिये बाध्य होगे। इस दौरान कॉलेज की समस्याओ से अवगत कराया। सकलडीहा पीजी कॉलेज में लम्बे अंतराल से चुनाव की प्रक्रिया अवरूद्ध है। जिसे लेकर छात्र नेताओं द्वारा कई बार कई बार लिखित रूप से चुनाव के लिये पत्रक दिया गया। बाबजूद महाविद्यालय प्रशासन की ओर से कोई लिखित कार्रवाई नही किया गया। जिसे लेकर आक्रोशित छात्र नेताओं ने सोमवार को विद्यालय के मुख्य द्वारा पर दोपहर बाद छात्र नेता धरना पर बैठ गये। छात्र संघ चुनाव कराने को लेकर नारेबाजी शुरू कर दिया। करीब दो घंटा बाद प्राचार्य धरना स्थल पर पहुंचकर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अनुमति मिलने पर चुनाव कराने का भरोशा दिया। लेकिन छात्र नेता चुनाव तिथि की घोषणा होने तक धरना पर बैठे रहे। बात नही बनने पर पूरी रात छात्र धरना देते रहे। सुबह स्कूल खुलते ही छात्र आन्दोलित हो उठे। छात्रों ने धरना स्थल पर कॉलेज प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नही किये जाने पर नाराजगी जताते हुए नारेबाजी शुरू कर दिया। दोपहर बाद पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य द्वारा विश्व विद्यालय को पत्रक रिसिव कराने व जिलाधिकारी को पत्र भेजने के आश्वासन पर धरना समाप्त कराया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सत्यप्रकाश पुत्तुल, बाबूलाल यादव, कुंदन सिंह, माधव पांडेय,मेहताब अली ,सौरभ यादव, हलचल यादव, चंद्रदीप यादव, अभिषेक यादव ,आकाश यादव, आकाश कुमार गौतम , ऋषि पाल विनीत, आशुतोष यादव वीरु , ऋषिकेश सोनकर , अमन पांडेय, पवन कुमार, राहुल विश्वकर्मा, शरद जयसवाल , रियासत अली , सतीश प्रधान , अंशुल यादव आदि रहे।

# जल जमाव और गन्दगी के कारण वार्ड वासी परेशान



**शुभ भास्कर चंदौली/पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर।** स्थानीय वार्ड नंबर 15 काली महाल आनन्द नगर में जल जमाव और गन्दगी होने के कारण कई घर के लोग तो कर गए पलायन वहीं स्कूली छात्र छात्राएं भी गिर कर हो रहे हैं चोटिल। यहां पर बारिश का और सिवर नाली का लगभग 5 फीट तक पानी लगा हुआ है अगर बच्चे गहरे पानी में चले जाए तो गवानी पड़ सकती है अपनी जान इसी डर से कुछ लोग वहां से कर गए हैं पलायन। यहां वार्ड वासियों को जल निगम बिजली,सिवर लाईन मूल भूत सुविधाओं से लोगों को वंचित कर दिया गया है। इस महामारी में लोगों में काफी भय का माहौल है लोगों का यहां जीना रहना दूभर हो गया है। कुछ लोगों के घरों में तो हालात यह है कि साग सब्जी दूध राशन पहुंचाने के लिए अलग से कीमत चुकानी पड़ रही है। संगम नगर कॉलोनी डेवलप किए हुए एक दशक से ज्यादा टाईम हो गया उसके बावजूद यहां अभी तक लोगों को रोड नाली सिवर तक मुअस्सर नही हुआ। स्थानीय लोग निजी पैसे से लाखो रुपए का मलबा टुकड़ा डालकर किसी तरह से आवा गमन कर रहे हैं। बस्ती भर के लोग टाइफाइड डेंगू मलेरिया की चपेट में है डर के साए में जी रहे हैं। वहां पर स्वास्थ्य और सफाई कर्मचारी भी इनकी सुध नहीं ले रहे हैं। पूर्व में पीडीडीयू नगर के नगर पालिक परिषद द्वारा पानी निकलवाया गया था इस बार चेयरमैन सोनू किन्नर से स्थानीय लोग समस्या बताई तो चेयरमैन ने बोला हमारे नगर पालिका में पैसा नही है हमारे घर के पिछे तो खुद पानी लगा हुआ है। इस बार भयावह महामारी में कोई आधिकारी जनप्रतिनिधि झांकने तक भी नहीं आया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के विधायक का घर बिल्कुल पास में है उसके बाद भी नहीं पड़ रही जनपदिनिधि और संबंधित विभाग की नजर। कहीं ऐसा न हो कि पानी से कोई काल के गाल में समां जाए। सुबे के मुख्यमंत्री साफ-सफाई के लिए स्वास्थ्य विभाग से लेकर सफाई विभाग तक को अलर्ट पर रखा है उसके बाद भी कोई जिम्मेदार मौके पर नहीं पहुंच सका। इस समस्या से पुर्व में जिला अधिकारी चन्दौली को भी अवगत कराया गया था फिर भी समस्या जस का तस है। अब दखने वाली बात यह होगी कि आखिर कब मिलेगी इस जटिल समस्या से निजात, या कोई बड़ी घटना का लोग कर रहे हैं इन्तजार।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।